विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 अंक 252 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 10 जून, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

"आप यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि आपके साथ क्या होता है, लेकिन आप यह नियंत्रित कर सकते हैं कि आप उस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।
- ब्रायन ट्रेसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड : 16 दिन बाद शिलॉन्ग से 1166 किमी दूर गाजीपुर में बदहवास मिली सोनम**

# राजा की कातिल 'रानी' या कोई और!

**इंदौर/शिलॉन्ग/गाजीपुर, जेएनएन।** शादी के महज 11 दिन बाद हनीमून पर गए इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की हत्या और पत्नी सोनम की रहस्यमयी गुमशुदगी से जुड़े मामले में सोमवार को बड़ा मोड़ आया। 16 दिन से लापता सोनम को गाजीपुर के एक ढाबे पर बदहवास हालत में पाया गया। जहां उसने ढाबा संचालक को अपनी कहानी सुनाई और भाई को फोन कर मदद मांगी। अब पुलिस के मुताबिक, सोनम ही पति राजा की हत्या की साजिशकर्ता है, जबकि सोनम का दावा है कि उसका अपहरण हुआ और राजा की हत्या उसकी आंखों के सामने हुई।

इंदौर की सोनम रघुवंशी 16 दिन बाद यूपी के गाजीपुर में एक ढाबे पर बदहवास हालत में मिली। उसे वन स्टॉप सेंटर में पुलिस की निगरानी में रखा गया है। 11 मई को सोनम और राजा की शादी हुई। 20 मई को दोनों मेघालय हनीमून के लिए रवाना हुए। 23 मई को वे शिलॉन्ग पहुंचे। 24 मई से दोनों के फोन बंद आ रहे थे। 2 जून को राजा की लाश एक गहरी खाई से मिली, लेकिन सोनम का कोई सुराग नहीं था। सोमवार को सामने आई जानकारी के मुताबिक, 9 जून की रात करीब 1 बजे सोनम गाजीपुर के काशी ढाबे पर दिखी। ढाबा संचालक साहिल यादव ने बताया कि सोनम बेहद घबराई हुई थी, रो रही थी और बार-बार 'भैया, मुझे बचा लो' कह रही थी। गाजीपुर के वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज प्रियंका प्रजापति के अनुसार, सोनम शारीरिक रूप से स्वस्थ है, पर बेहद थकी और डरी हुई है। उसने केवल चाय-बिस्किट लिए और तुरंत सो गई। 7 जून को एक गाइड ने बताया कि उसने सोनम और राजा को तीन अज्ञात लोगों के साथ देखा था। सोनम घटनास्थल पर राजा से अलग थी, और एक चाकू भी बरामद हुआ जो स्थानीय नहीं था। पुलिस के मुताबिक, राजा की हत्या के पीछे प्रेम संबंध, प्लानिंग और सुपारी किलिंग के संकेत ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### सोनम का बयान: लूट की कोशिश, पति की हत्या और बेहोशी में अगवा


ढाबे वाले को सोनम ने बताया कि उसके गहने लूटने की कोशिश हुई, पति विरोध कर रहे थे तो उनकी हत्या कर दी गई। वह बेहोश हो गई और उसे अगवा कर लिया गया। अपहरणकर्ता उसे गाजीपुर छोड़ गए। उसने ढाबे वाले से भाई को फोन कराया, फिर पुलिस को सौंप दिया गया। सोनम ने काले रंग की टी-शर्ट और लोअर पहन रखा है। बाल बिखरे हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि वह कई दिनों से सोई नहीं है। ढाबा संचालक के मुताबिक, वह रो रही थी और काफी घबराई हुई थी। उसने चाय-बिस्किट खाए और सो गई।

### पुलिस की थ्योरी: सोनम का अफेयर था राज से, दोनों ने दी राजा की सुपारी

मेघालय पुलिस का दावा है कि सोनम का अफेयर राज कुशवाहा नामक युवक से था। उन्होंने मिलकर राजा की हत्या के लिए सुपारी दी। हत्या की पूरी योजना सोनम-राज ने रची थी। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, हत्या के पहले सोनम लगातार राज को अपनी लोकेशन भेज रही थी। हमलावरों ने गुवाहाटी होते हुए शिलॉन्ग में राजा की हत्या की, जिसमें सोनम कथित रूप से शामिल थी।

### पिता देवी सिंह बोले- मेरी बेटी निर्दोष

सोनम के पिता देवी सिंह ने बेटी को निर्दोष बताते हुए कहा कि 'सुबह 5 बजे मेरी नींद खुली। सोनम के चचेरे भाई गोविंद का फोन आया। गोविंद ने बताया कि सोनम यूपी के एक होटल में मिली है। उसने कहा- छोरी मिल गई है, बहुत रो रही है। वह कह रही थी, 'भैया मुझे बचा लो।' उसे ढाबे के स्टोर रूम में रहने को कहा था। फिर गोविंद ने पुलिस को बुलाया, और उसे हिरासत में ले लिया। सोनम-राजा की शादी एक-दूसरे का बायोडाटा देखने के बाद हुई। वे मिले और आपस में बातचीत हुई और फिर शादी के लिए सहमत हुए। हमारे बच्चे ऐसा कैसे कर सकते हैं?




अमेरिका के राष्ट्रपति और अरबपति / टेस्ला मालिक के बीच झगड़ा !

## ऑफ बीट

### माइली ने बताया कैसे छुपाती थीं ड्रग्स के खर्चे



*म्यूजिक स्टार माइली साइरस ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने 2020 में नशे को छोड़ने से पहले अपने ड्रग्स के खर्चों को अपने अकाउंटेंट से छुपाने के लिए क्या चौंकाने वाला तरीका अपनाया था। 32 वर्षीय गायिका, जो फ्लावर्स जैसे हिट गानों के लिए जानी जाती हैं, ने बताया कि उस समय उनका सबसे बड़ा खर्च ड्रग्स पर होता था, लेकिन वह इसे विंटेज कपड़ों की खरीददारी बताकर छुपाती थीं। माइली ने कहा कि जब भी उनके अकाउंटेंट ने महंगे आइटम जैसे 15,000 डॉलर वाला जॉन लेनन टी-शर्ट के बारे में पूछा, तो वह कहती थीं कि वह कपड़े ऊपर सुरक्षित रखे गए हैं ताकि उनका संरक्षण हो सके। उन्होंने मजाक में कहा, उस साल मैंने बहुत सारे विंटेज कपड़े खरीदे। माइली ने ड्रग्स पर गंभीरता से बात की और कहा कि वह खुश हैं कि वह उस कठिन दौर से बाहर निकल पाईं।*

# अतिक्रमणकारियों का पुलिस पर पथराव, 11 हिरासत में

### 30 जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंचे 550 जवान

**जागरण, खंडवा।** सोमवार अलसुबह तीन बजे खंडवा के जंगल में वन विभाग, पुलिस और प्रशासन का अमला दल बल के साथ अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचा। सुबह करीब 5 बजे अमले ने 13 जेसीबी मशीनों और करीब 550 जवानों की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की। इसी बीच अतिक्रमणकारियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए अमले पर पथराव कर दिया। अतिक्रमणकारियों ने गोफन से पथराव किया, जिससे पुलिस के वाहनों के कांच टूट गए। हालात को काबू पाने पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और 11 लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद अतिक्रमण हटाने दोपहर तक 30 जेसीबी मशीनों को काम पर लगाया गया। डीएफओ राकेश कुमार डामोर ने बताया कि गुड़ी रेंज के ग्राम आमाखुजरी में लंबे समय से अतिक्रमण है। यहां 2019 से अतिक्रमण हो रहा था। जंगल की कटाई के बाद यहां खेती के लिए जमीन को जोता गया। कब्जा की गई जमीन पर खेती हो रही थी।

### 600 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में अतिक्रमण

जंगल में वन विभाग की जमीन पर करीब दो साल से खेती हो रही थी। करीब 250 हेक्टेयर यानी 600 एकड़ से ज्यादा के जंगल इलाके में अतिक्रमण है, जिसे हटाने की कार्रवाई की जा रही है। सुबह शुरू हुई कार्रवाई में शाम तक 20 हेक्टेयर से ज्यादा जंगल से अतिक्रमण हटाया जा चुका है। डीएफओ डामोर ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए जंगल में 40 जेसीबी मशीनों को बुलाया था। हालांकि, रात में सिर्फ 13 जेसीबी मशीन पहुंचीं, जिनके जरिए जंगल में कंटूर (गड्ढे) खोदे जा रहे हैं। जेसीबी मशीन से जो कंटूर खोदे हैं, उनमें सीड बॉल डाली जा रही हैं, ताकि बारिश के दौरान स्वतः पौधरोपण होकर जंगल दोबारा जीवित हो सकें। दोपहर तक जेसीबी की संख्या 30 हो गई।


## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 जून को आएंगी बड़वानी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 19 जून को प्रदेश के प्रवास पर रहेंगी। वे बड़वानी के तलून में विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के अलावा सरकार के दूसरे मंत्री भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति कई नवाचारों का शुभारंभ कर सकती हैं। इनमें जेनेटिक काउंसलिंग जागरुकता वीडियो और प्रभावित गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक दिशा-निर्देश मॉड्यूल शामिल है। इस मौके पर लक्षित आयु वर्ग की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण करने वाली पंचायतों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसी दिन प्रदेश के 33 जिलों में विशेष परामर्श शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### ले जनरल घई बने डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय थल सेना के डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटेजी) अपॉइंट किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल घई सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका में काम करना जारी रखेंगे। गत 4 जून को लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तम युद्ध सेवा पदक (यूवाईएसएम) से सम्मानित किया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ गोलीबारी बंद होने की घोषणा के दो दिन बाद 12 मई को प्रेस वार्ता में लेफ्टिनेंट जनरल घई ने भारतीय सशस्त्र बलों की तैयारियों और समन्वित प्रतिक्रिया के बारे में बात की थी।

**राजेश शर्मा पर एक और एफआईआर**

## किसान से कम दाम में ले ली जमीन, हड़पे 2 करोड़



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आयकर छापों में करोड़ों की बेनामी संपत्ति उजागर होने के बाद चर्चा में आए राजेश शर्मा का एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है। राजेश शर्मा ने एक अनपढ़ किसान को गुमराह कर उसकी बेशकीमती जमीन की रजिस्ट्री न केवल बेहद कम दाम में करा ली, बल्कि धोखाधड़ी करते हुए किसान के खाते से 2 करोड़ रुपए भी हड़प लिए।

राजेश शर्मा ने अपनी फर्म ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के दो कर्मचारियों की मदद से इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। मामले की शिकायत किसान द्वारा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) को की गई, जिसमें जमीन के फर्जी सौदे और झूठे भुगतान दिखाकर करोड़ों की जमीन हड़पने की संगठित साजिश उजागर हुई। आरोप प्रमाणित पाए जाने पर जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने आरोपी राजेश शर्मा और उसके दो सहयोगियों दीपक तुलसानी और राजेश तिवारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी और आईटी एक्ट के तहत सोमवार को केस दर्ज किया है। यह धोखाधड़ी रातीबड़ के किसान चिंता सिंह मारण के साथ हुई। उसकी महुआखेड़ा, भोपाल में 12.46 एकड़ कृषि भूमि है। शिकायत के अनुसार राजेश शर्मा ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए चिंता सिंह को नामांतरण संबंधी समस्या सुलझाने और अपनी कंपनी ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## मुंबई में लोकल से गिरे 10 यात्री, 4 की मौत

### 2 ट्रेनें नजदीक से गुजरीं, गेट पर लटके यात्री बैग टकराए, हुआ हादसा



**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 5 की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। मरने वालों में जीआरपी कॉन्स्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9.30 बजे मुंब्रा के आगे दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई।

जानकारी के मुताबिक, ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे के मुताबिक संभवतः यह यात्री ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे। विपरीत दिशा में ट्रेनों के नजदीक से गुजरने के समय उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए। मरने वाले सभी पुरुष यात्री हैं, इनमें से एक जीआरपी कॉन्स्टेबल भी है। कसारा की ओर जा रही ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी।

सेंट्रल रेलवे के सीआरपीओ स्वप्निल धनराज नीला ने बताया कि यह हादसा मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच डाउन/फास्ट लाइन पर हुआ। कसारा से आ रही लोकल ट्रेन और सीएसएमटी की तरफ जा रही एक दूसरी ट्रेन के गेट पर खड़े यात्रियों के बैग टकरा गए।

### प्रोफेसर माद्री को जमानत

**लखनऊ, जेएनएन।** देशद्रोह की आरोपी लखनऊ विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. माद्री काकोटी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। डॉ. काकोटी ने पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ विश्वविद्यालय में काफी हंगामा हुआ था। बाद में एबीवीपी के एक कार्यकर्ता की ओर से उनके खिलाफ हसनगंज थाने में देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## सीएम ने कहा- कृषि आधारित उद्योगों पर दी जाएगी 50 फीसदी सब्सिडी




**विशेष संवाददाता , भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को 50 प्रतिशत सब्सिडी और श्रमिकों को 5 हजार रुपए प्रतिमाह सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री सुगम बस सेवा पूरे प्रदेश में फिर से शुरु की जाएगी। इससे ग्रामीण परिवहन सेवा मजबूत होगी। मुख्यमंत्री नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को काफी कम मूल्य पर सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। अगले तीन साल में किसानों को 32 लाख सोलर कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया है। टमाटर, प्याज, फल-सब्जी जैसी फसलों के लिए भाव गिरने पर किसानों को सरकार संरक्षण देगी। राज्य में खेती से जुड़ी विशेष प्रदर्शनियां और मेले आयोजित किए जाएंगे, जिससे किसानों को नई-नई तकनीकों का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया कि विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में बागवानी जैसे विषय शामिल कराए जाए और उसका परिणाम है कि अब तक 1.5 लाख से अधिक छात्र कृषि पाठयक्रम के साथ अध्ययन कर रहे है। सीएम ने कहा कि राज्य में नदी जोड़ो अभियान के तहत कई परियोजनाएं तेजी से संचालित हो रही हैं। बुंदेलखंड, मालवा और निमाड़ क्षेत्रों में सिंचाई और जल संरचना से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि लाड़ली ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**अलविदा | पार्थो ने 90 के दशक में संस्पेंस थ्रिलर से बनाई पहचान, हार्ट अटैक से गई जान**

# 'अग्निसाक्षी' के सिक्वल का सपना रह गया अधूरा, विदा हुए पार्थो घोष



**मुंबई, जेएनएन।** 90 के दशक में सामाजिक मुद्दों पर फिल्में बनाकर दर्शकों का दिल जीतने वाले दिग्गज डायरेक्टर पार्थो घोष का निधन हो गया है। उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। डायरेक्टर की मौत से उनके चाहने वालों और बॉलीवुड के कई कलाकारों को झटका लगा है। बंगाली एक्ट्रेस ऋतुपर्णा सेनगुप्ता ने पार्थो के निधन की खबर की पुष्टि की है। ऋतुपर्णा ने कहा- दिल टूट गया है। हमने एक टैलेंटेड, एक दूरदर्शी निर्देशक और एक प्यारे इंसान को खो दिया है। पार्थो दा, आपने स्क्रीन पर जो मैजिक क्रिएट किया है आपको उसके लिए हमेशा याद किया जाएगा।

### 90 के दशक में इंडस्ट्री में किया था राज

पार्थो घोष 90 के दशक के बेहतरीन डायरेक्टर्स में शुमार किए जाते थे। फिल्मों के जरिए वो समाज की सच्चाई को दुनिया के सामने बेहतरीन ढंग से पेश करने में माहिर थे। यही वजह है कि उनकी फिल्में हमेशा दर्शकों के दिलों को छू लेती थीं। उन्होंने कई सामाजिक मुद्दों पर फिल्में बनाई थीं। उन्होंने 90 के दशक में माधुरी दीक्षित की फिल्म '100 डेज' और मनीषा कोइराला की फिल्म 'अग्निसाक्षी' बनाकर हर किसी के दिल पर अपने हुनर की गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने 1993 में मिथुन चक्रवर्ती और आयशा जुल्का के साथ विवादित फिल्म 'दलाल' भी बनाई थी। इन फिल्मों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

### आखिरी हिट 1997 में

पार्थो 90 के दशक में हिट के लिए जाने जाते थे। उनकी आखिरी हिट 1997 में आई 'गुलाम ए मुस्तफा' थी। इसमें रवीना टंडन और नाना पाटेकर ने काम किया था। उसके बाद उन्होंने कई फिल्में बनाईं, लेकिन वो उतना कमाल नहीं कर पाईं। फिल्मों के अलावा उन्होंने कई हिंदी और बांग्ला टीवी शोज भी निर्देशित किए। अपने आखिरी दिनों में वो '100 डेज' और 'अग्निसाक्षी' के सीक्वल पर काम कर रहे थे। अफसोस उससे पहले ही उन्होंने हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया।



# सांसद ने की दो स्टार्टअप के प्रोडक्ट की लॉन्चिंग



**जागरण, सतना।** सतना स्मार्टसिटी इनक्यूबेशन सेंटर में आज ष्स्टार्टअप एमवीपी लॉन्च एवं ग्रेजुएशन सेरेमनीष् का आयोजन सांसद सतना श्री गणेश सिंह जी के आतिथ्य में किया गया। इस दौरान । एकेएस यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ हर्षवर्धन श्रीवास्तव शौभाग्य केसरी , पार्षद आदित्य यादव , पार्षद प्रतिनिधी शारदा तिवारी उपस्थित रहे । सांसद ने इनोवेशन और युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि स्टार्टअप्स के लिए एक डिजिटल मार्केटप्लेस जल्द ही बनाया जाएगा जहां उनके प्रोडक्ट्स और सेवाएं सीधे ग्राहकों तक पहुंच सकेंगी। कार्यक्रम में सांसद ने 100 स्टार्टअप्स पूरे करने की दिशा में अग्रसर सतना इनक्यूबेशन सेंटर को बधाई दी और नवाचार की इस यात्रा को सराहा। यह एक स्मार्ट मोबाइल एप्लिकेशन है जो यूज़र्स को ट्रेनए होटलए और फ्लाइट बुकिंग की सुविधा के साथ.साथ आकर्षक कैशबैक ऑफ़र्स भी प्रदान करता है। इसके अलावाए ऐप में शहर की ज़रूरी सेवाएं जैसे बिजली बिलए पानी बिलए बुकिंग सेवाएं आदि भी एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। यह ऐप प्रिंस मिश्रा द्वारा विकसित किया गया है जिन्होंने इसे एक भरोसेमंद मल्टी.सर्विस प्लेटफ़ॉर्म के रूप में पेश किया।

## पम्पकिन कास्मेटिंक्स की लाचिंग

यह स्टार्टअप पूरी तरह से ऑर्गेनिक स्किन केयर प्रोडक्ट्स पर आधारित हैए जो रसायन मुक्त और त्वचा के लिए सुरक्षित हैं। इसकी फाउंडर जान्हवी मग्लानी हैंए जिन्होंने इस ब्रांड को नैचुरल ब्यूटी के क्षेत्र में एक अनोखा विकल्प बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। सांसद ने इनक्यूबेशन सेंटर से ग्रेजुएट हुए स्टार्टअप्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यह उन स्टार्टअप्स के लिए एक अहम मोड़ रहाए जिन्होंने इनक्यूबेशन की अवधि पूरी की और अब बाजार में अपनी पहचान बना रहे हैं। स्टार्टअप ऑफद मंथ का सम्मान पे सेवन स्टार्टअप को प्रदान किया गया जिसे स्वयं सांसद जी ने प्रदान किया और सराहना की।

**ये रहे मौजूद :** दीपेन्द्र सिंह राजपूत ई.गवर्नेंस मैनेजर उत्कर्ष सिंह अश्विनी सिंह प्रवीण जायसवाल एवं चंद्रमणि द्विवेदी , शान्तनु सिंह, संजना सिंह, विष्णुकांत चौरसिया मौजूद रहे। यह आयोजन सतना जिले और विंध्य क्षेत्र में स्टार्टअप कल्चर को एक नई ऊर्जा प्रदान करने वाला रहा। नवाचार समर्पण और सहयोग की इस भावना को और आगे बढ़ाने का संकल्प भी इस अवसर पर दोहराया गया।

# बिरसा मुंडा जयंती पर लगाई जन चौपाल शासकीय योजनाओं से कराया अवगत

**सतना।** जिले के वार्ड क्रमांक 23 से जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह ने बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर पिंडरा के बरहा मवान में एक जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण वासियों से सीधा संवाद किया और शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जन चौपाल के दौरान संजय सिंह कछवाह ने हाल ही में आग लगने से गृहस्थी का सामान गंवाने वाले सूरदास जीवनलाल मवासी के प्रति संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने मवासी को गृहस्थी संबंधी आवश्यक वस्तुएं तुरंत उपलब्ध कराईं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीवनलाल मवासी को शासन से मिलने वाला हर संभव लाभ दिलवाया जाए इसके अतिरिक्त श्री कछवाह ने ग्रामीणों द्वारा उठाए गए जल संकट के मुद्दे का भी संज्ञान लिया। उन्होंने बताया कि जल आपूर्ति बाधित होने का कारण जली हुई मोटर थी जिसे डलवाकर पुनः चालू करवा दिया गया है जिससे क्षेत्र में पानी की समस्या का समाधान हो सके।



# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली जागरुकता रैली




**जागरण, सतना।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया की सतना जिला शाखा द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें शाखा के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन के कार्यक्रम समन्वयक सीए प्रशांत नायक एवं वरिष्ठ सी विराग जैन के नेतृत्व में निकाली गयी इस जागरूकता रैली में सतना ब्रांच के अध्यक्ष सीए विराम जैन, उपाध्यक्ष सीए संजय अग्रवाल, सचिव सीए रवि प्रकाश अग्रवालए कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक कामदार, कार्यकारिणी सदस्य सीए महान गुप्ता, सीए शैलेश अग्रवाल, सीए एस एल छत्तानी, सीए सुमित अग्रवाल, सीए रमेश गुप्ता, सीए विपिन गुप्ता, सीए रामदास राजपाल, सीए करन चौरसिया, सीए ऋतु नायक, सीए भूमिजा अग्रवाल, सीए नितिन अग्रवाल, सीए विवेक निगम एवं शाखा प्रभारी अंकित जैन सहित अनेक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए आयोजकों ने संकल्प लिया कि इसी प्रकार हम सब मिलकर न केवल अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगेए बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# अटल बिहारी बाजपेयी मंडल सतना में हुआ पौधरोपण



**जागरण, सतना।** विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के तहत वार्ड 34 में अटल बिहारी बाजपेयी मंडल सतना नगर में बृक्षारोपण का कार्यक्रम सतना के सांसद गणेश सिंह के मुख्य अतिथ्य में ओर मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा रहे स कार्यक्रम में सिन्दूर का पौधा लगाकर हमारी नारी शक्ति और भारतीय सेना के विजय अभियान आपरेशन सिंदूर का सम्मान किया गया कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय तिवारी रविन्द्र सेठी रमेश तिवारी जितिन यादव मनोज चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष अग्निवेश शुक्ला,पूर्व पार्षद राधा श्रीवास्तव आयुषी तिवारि पार्षद कुसुम मल्लाह,शिव कुमार सेन पूजा शर्मा,संजय शर्मा संतोष सेन राजाराम मल्लाहएपाठक प्रवीण दत्त बबल भाटिया अमित यादव संतोष रैकवार रामू सेन आदि काफी संख्या में मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र बूथ के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बच्चों का अध्यापन कार्य ठीक तरीके से हो यही मेरी प्राथमिकता : कमलेश सिंह

## उत्कृष्ट विद्यालय सतना के प्राचार्य कमलेश सिंह ने सम्हाला पद्भार

**जागरण, सतना।** शहर के व्यंकट क्रमांक 1 उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य बने कमलेश सिंह बघेल ने कहा कि बच्चो का अध्यापन कार्य ठीक तरीके से कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि शहर का सबसे बडा विद्यालय होने के चलते यहां आये दिन कार्यक्रम होते रहते है। इसके बाद भी बच्चो की पढाई पर कोई व्यवधान नही पड़ने दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व श्री सिंह सी.एम.राइज स्कूल रामपुर बाघेलान में प्राचार्य के रूप में पदस्थ थे। जानकारी के मुताबिक सन 2022 में वे रामपुर में पदस्थ हुये थे उस समय वहां का 10वीं का परीक्षा परिणाम महज 19 प्रतिशत था उसके बाद से प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल की कार्यकुशलता के चलते विद्यालय का परीक्षा परिणाम 19 से बढकर 63 प्रतिशत फिर 77 प्रतिशत और इस साल 92 प्रतिशत रहा है। इतना ही नही 12वीं का परीक्षा परिणाम 99.3 प्रतिशत आया है।

## व्यंकट 1 में ही किया अध्ययन

जागरण से चर्चा करते हुये प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल ने कहा कि व्यंकट क्रमांक 1 उत्कृष्ट विद्यालय में मॉ सरस्वती विराजमान है। प्राचार्य श्री बघेल ने इसी विद्यालय में अध्ययन किया है। इतना ही नही श्री बघेल व्यंकट क्रमांक 1 विद्यालय में सन 1997 से 2016 तक कृषि संकाय में बतौर लेक्चरर पदस्थ रहे है।

**मॉ सरस्वती का पूजन कर सम्हाला पदभार :** रामपुर बाघेलान क्षेत्र के रिछहरी गांव के मूल निवासी प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल ने सोमवार को विद्यालय पहुचकर सबसे पहले मॉ सरस्वती का पूजन अर्चन किया। इसके बाद उन्होने पदभार सम्हाला। उन्होने कहा कि वैसे तो इस विद्यालय का नाम हमेशा अव्वल दर्जे में रहा है। मगर और बेहतर करने के लिए विशेष प्रयास किये जायेगें।




# ग्रामीण यांत्रिक सेवा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में ग्रामीण यांत्रिक सेवा ( ऋश्वस्) विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागीय निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों को तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उक्त बैठक में कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री दीपक आर्मो, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जानकारी दी कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत आरईएस द्वारा 11 निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें से 6 कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि 5 कार्य अभी प्रगति पर हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष कार्यों को भी तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में मनरेगा योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत 16 कार्य प्रगतिरत हैं, जिनमें तालाब निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 18 मई 2025 की स्थिति में मनरेगा के कुल 105 कार्यों में से 76 कार्यों की जानकारी मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है। शेष 29 कार्यों के लिए सीसी उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी हो चुका है, जबकि कुछ कार्य अभी प्रगति पर हैं। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रगतिरत कार्यों को 30 जून 2025 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रामपुर बाघेलान की मंडल कार्यशाला सम्पन्न



**जागरण, सतना।** सोमवार को भाजपा मंडल रामपुर बाघेलान की कार्यशाला रामपुर बाघेलान में सम्पन्न हुई । जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह रहे विशिष्ट अतिथि रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष रावेंद्र सिंह भाजपा आईटीसेल के जिलासंयोजक शिवांक त्रिपाठी भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा रहें अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कि। विधायक श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल बेमिसाल पर बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हुआ एवं देश की सुरक्षा पर कभी समझौता नही किया मोदी जी के नेतृत्व में विश्व मे देश का सम्मान बढ़ा है जनपद अध्यक्ष राबेन्द सिंह ने देश में कांग्रेस द्वारा देश मे लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए लोकतंत्र की हत्या किस प्रकार कांगेस ने किया उसकी बिस्तृत जानकारी दी । मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी पार्टी पदाधिकारियों को एवं कार्यकर्ताओं को दी इस दौरान मुख्य रूप सें इस दौरान मुख्य रूप से प्रकाश मिश्रा जे पी मिश्रा संतोष तिवारी निर्मला सोनी डिम्पल सिंह बृजेश सिंह समाजसेवी संदीप गुप्ता विनय दुबे के सी शर्मा भागवत मिश्रा लव सिंह रामायण दुबे नूरेश गौतम अनिल सिंह अरूण सिंह उमेश तिवारी उमेश विश्वकर्मा कमलेश कचरे योगेंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बीएएसएफ ने लॉन्च किए अपने दो नए आविष्कार




**जागरण, सतना।** भारत के धान की खेती करने वाले किसान बीएएसएफ के नवीनतम अनूठी केमिस्ट्री वाले वेलेक्सियोटीएम कीटनाशकए जो कि प्रेक्सियो एक्टिव की शक्ति से युक्त हैए का लाभ उठाने वाले सर्वप्रथम होंगेए जो कि धान के सभी भूरा माहु की रोकथाम करता है मिबेल्याटीएम फफ़ूंदनाशक भारत में लॉन्च की जाने वाली पहली रेविसोलटीएम केमिस्ट्री होगीए जो कि अपने अनुकूल रेग्युलेटरी प्रोफाइल तथा चयनशीलता के साथ धान के पौधों की समस्त बीमारियों से सुरक्षा करती है ये लॉन्च बीएएसएफ की अपनी वैश्विक रणनीति के रूप में धान के प्रति इनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा धान के किसानों को समाधानों का एक व्यापक पोर्टफोलियो पेश करते हैं। भारतए मई 2025 बीएएसएफ भारत ने अपने दो नवीनतम वैश्विक फसल सुरक्षा समाधान वेलेक्सियो टीएम कीटनाशक तथा मिबेल्या टीएम फफ़ूंदनाशक लॉन्च किए हैं जो कि भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण अनाज की फसल. धान के लिए उपयोग में लाए जाएँगे। इन दो आविष्कारों को पेश किए जाने से भारत के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम को समर्थन मिलेगा। ये समाधान धान के किसानों को अपनी धान की पैदावार को शानदार तरीके से बढ़ाने में मदद करेंगे क्योंकि ये धान के प्रमुख कीटों धान के भूरा माहु की रोकथाम करेंगे तथा आवरित झुलसा जैसी बीमारियों से धान की रक्षा करेंगे। भारत 100 मिलियन मैट्रिक टन्स से अधिक सालाना उत्पादन के साथए दुनिया में धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक हैए जो कि धान के विश्वव्यापी व्यापार में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान देता है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी गई जानकारी

## बदेरा में प्रभारी मंत्री ने रिमोट से उडाया ड्रोन

**जागरण, सतना।** खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अग्रणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये किसानों को जानकारी दी गई। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत सोमवार को पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह तथा मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रभारी मंत्री ने अपने हाथ में रिमोट लेकर स्वयं ड्रोन उडाया। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को सामयिक सलाह, जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि मनोज कश्यप सहित कृषि, उद्यानिकी, अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य संबधित विभागों के जिला एवं विकासखण्ड के अधिकारी, कर्मचारी एवं लगभग 450 कृषक उपस्थित रहे। जिसमें कुल 34 जनप्रतिनिधि एवं कुल 2655 कृषक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में कृषकों से मृदा उपचार, बीज उपचार, उन्नत किस्मों, उद्यानिकी की उन्नत किस्मों, मिट्टी परीक्षण, उन्नत कृषि तकनीकी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, नैनो यूरिया तथा संतुलित खाद का उपयोग पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में किसानों को उनकी समस्याओं और उनके निराकरण से संबंधित जानकारी दी गई।



# ट्रक में लोड खाद को जब्त करने के बाद भंडार में पड़ा छापा

## पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में कई आरोपी गिरफ्तार

जागरण, रीवा

जिले में खाद के अवैध कारोबार पर पुलिस प्रशासन ने बड़ा प्रहार किया है चोरहटा पुलिस को मिली सूचना के बाद जब कार्यवाही हुई तो एक बड़े भंडार का भंडाफोड़ हुआ है। मुखबिर की सूचना पर चोरहटा पुलिस के द्वारा एक ट्रक को रोकर तलाशी ली गई जिसमें से भारी मात्रा में खाद ले जाए जा रही थी, पुलिस के द्वारा जब इसके दस्तावेज मांगे गए तो कोई भी दस्तावेज चालक के पास उपलब्ध नहीं थे। इस दौरान जैसे ही पुलिस अधीक्षक को इस बात की जानकारी हुई कि खाद का अवैध कारोबार करने वाले आरोपी एक कार में सवार होकर भाग रहे हैं, पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामला प्रशासन से जुड़ा हुआ होने के कारण जानकारी कलेक्टर, एसडीएम और प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद जांच शुरू हुई और विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित खाद भंडार परछापा मारा गया जहां से लगभग 400 बोरी खाद और जिप्सब जब्त की गई है।

## यूपी से जुड़े नजर आ रहे तार

खाद के अवैध कारोबार के तार अब उत्तर प्रदेश से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण अधिनियम की धारा 3-7ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए देर रात तक पुलिस और प्रशासन के द्वारा आरोपियों से पूछताछ की गई है जिससे बड़ा खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बॉक्सिंग फेडरेशन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बने राकेश मिश्रा




**सतना।** सतना नगर व विन्ध्य क्षेत्र के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र दिल्ली में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के उपरांत सतना जिले में प्रथम नगर आगमन पर उनके आवास पहुँच कर रामपुर बाघेलान के समाजसेवी विजयंत पांडेय ने शुभकामनायें संप्रेषित की इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक त्रिपाठी सेहेरुआ उपस्थित रहे।

# आदिवासी परिवारों की बस्तियों में गहराया जल संकट

## जिला पंचायत सदस्य ने पीएचई की कार्यशैली पर उठाये सवाल

**जागरण, सतना।** पीएचई विभाग में मची भर्रेसाही थमने का नाम नही ले रही । विभाग की कार्यशैली पर जिला पंचायत सदस्य ने गंभीर सवाल उठाये है। इतना ही नही दवा करते हुये वार्ड क्रमांक 23 के जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह ने कहा कि विभाग द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर खुली लूट की जा रही है। इतना नही उन्होने सिलसिले वार आरोप लगाते हुये कहा कि आदिवासी बस्तियों में इन दिनो पेयजल का भीषण संकट छाया हुआ है मगर विभागीय अधिकारी जानकार भी अनजान बने है। क्षेत्र के ज्यादातर हैण्ड पम्प बंद पडे है। आदिवासी परिवारों के पास न तो बोर कराने के लिए पैसे हैं और न ही मोटर लगवाने के लिए, जिसके कारण वे पूरी तरह से हैंडपंप पर निर्भर हैं। हालांकिए सरकारी योजनाओं के तहत हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य कागजों तक ही सीमित है।



**हैंडपंप रिपेयरिंग में पाइप का खेल :** संजय सिंह कछवाह ने आरोप लगाया है कि हैंडपंप रिपेयरिंग के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है। पुरानी पाइपों को बदला नहीं जा रहा है और सिर्फ कागजों में ही काम पूरा दिखाया जा रहा है। नई पाइपों की जगह पुरानी और खराब पाइपों को ही रबड़ से बांधकर इस्तेमाल किया जा रहा हैए जो दो.चार दिन में ही लीकेज हो जाती हैं। इससे जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कछवाह ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार फोन के माध्यम से इस समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन नीचे स्तर पर कोई सुधार नहीं हो रहा है। ब्लॉक मुख्यालय में हमेशा पाइप की कमी का रोना रोया जाता है जबकि शासन से पर्याप्त बजट उपलब्ध है। यह दर्शाता है कि अधिकारी सरकार की मंशा के विपरीत काम कर रहे हैं जो कि न्यायसंगत नहीं है।

**मोटर खरीदी में धांधली और गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग :** इसके अतिरिक्त संजय सिंह कछवाह ने ग्राम पंचायतों में मोटर खरीदी में भी व्यापक धांधली का आरोप लगाया है। उनके मुताबिकए पीएचई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का काम सिर्फ तकनीकी स्वीकृति देना रह गया है। मोटर खरीदी में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हो रही हैं और कहीं भी सही गुणवत्ता वाली मोटरें नहीं डाली जा रही हैं। इसकी जगह गुणवत्ताविहीन और नकली मोटरें लगाई जा रही हैं जिससे सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। संजय सिंह कछवाह ने शासन.प्रशासन से आग्रह किया है कि क्षेत्र में खराब पड़े हैंडपंपों और नलों को ठीक कराया जाए और इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ।

# कलेक्टर की मुस्तैदी से व्यवस्थाओं में हुआ सुधार



जागरण सक्रियता

## अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में लगा अंकुश

### तीन साल के ज्यादा समय से जमे प्रवाचक हटे



जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की सक्रियता से व्यवस्थाओं में लगातार सुधार एवं कसावट आ रही है। रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर जहां लंबे समय बाद अंकुश लगी है वहीं रेत खदानों की नियमित रूप से चौकसी भी होने लगी है। कलेक्टर की सख्ती के चलते खंड स्तरीय अमला अब रेत के अवैध कारोबार को लेकर सड़कों पर उतरकर कार्यवाही करने के लिए मजबूर हुआ है। रेत के परिवहन में लगे वाहनों की जांच पड़ताल का काम भी जगह-जगह शुरू हो रहा है। इस वजह से रेत के ओव्हरलोड वाहनों पर भी कड़ाई हुई है। कलेक्टर की मंशा है कि नियमविरुद्ध रेत का अवैध कारोबार सीधी जिले में पूरी तरह से बंद होनी चाहिए। कलेक्टर की सख्ती के चलते ही रेत संविदाकार सहकार ग्लोबल लिमिटेड के ऊपर भी सीधी जिले में रेत के अवैध उत्खनन को लेकर दो मामले पंजीबद्ध हो चुके हैं। सहकार ग्लोबल के विरुद्ध इससे पूर्व कोई जांच कार्यवाही न होने के कारण उसकी मनमानी लगातार बनी हुई है। सीमावर्ती सिंगरौली जिले में रेत खदानों का ठेका लेने के पश्चात उसके द्वारा इसी की आड़ में सीधी जिले के सीमावर्ती गोपद नदी में रेत का अवैध उत्खनन मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिसको लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। उक्त शिकायतों को खंड स्तर पर पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा था। कलेक्टर तक यह मामला पहुंचने के बाद उनके निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा जिले भर में कड़ाई से अभियान चलाकर कार्यवाही शुरू की गई। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीधी जिले के राजस्व न्यायालयों में लंबे समय से पदस्थ प्रवाचकों का स्थानांतरण भी किया गया। तीन साल के ज्यादा समय के एक सीट में पदस्थ प्रवाचकों का स्थानांतरण होने से उनकी मनमानी पर भी अंकुश लगा है। दरअसल राजस्व न्यायालयों में कई प्रवाचक लंबे समय से एक ही सीट में पदस्थ थे। उनकी मनमानी यह थी कि न्यायालयीन कार्यों में उनका हस्तक्षेप काफी ज्यादा बढ़ चुका था। तीन साल में प्रवाचकों के सीट परिवर्तन की जो व्यवस्था सीधी जिले में कलेक्टर द्वारा शुरू की गई है इसको अनवरत रूप से जारी रखने की आवश्यकता है। चर्चा के दौरान कुछ जानकारों का कहना था कि राजस्व न्यायालयों में प्रवाचकों की सीट बदलने की नियमित व्यवस्था होनी चाहिए। इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी किंतु उसको नजर अंदाज करने के कारण प्रवाचकों की निरंकुशता भी कई जगह सामने आ रही है। राजस्व न्यायालयों में प्रवाचकों के स्थानांतरण को काफी उचित निर्णय माना जा रहा है। इस व्यवस्था से राजस्व न्यायालयों के काम-काज में भी पारदर्शिता देखने को मिलेगी और इसका पक्षकारों को भी लाभ मिलेगा।

### कलेक्टर के निर्णयों की हो रही सराहना



कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्णयों की लगातार सराहना हो रही है। उनके निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक हुआ। जिससे नदियों की साफ-सफाई का काम बरसात के पूर्व हो रहा है। इसके दूरगामी नतीजे सामने आ रहे थे। अभियान के तहत लोगों को नदियों की उपयोगिता एवं साफ-सफाई के प्रति भी जागरूक करने का काम किया जा रहा है। कलेक्टर के संज्ञान में जो भी समस्याएं सामने आती हैं उसका सार्थक निराकरण कराने की पहल भी हो रही है। कलेक्टर के प्रयासों से सीधी जिले में जहां रेत के अवैध कारोबार में लगे लोगों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही का अभियान संयुक्त टीम के माध्यम से हो रहा है वहीं रेत के अवैध कारोबार में लगे लोगों पर भी सिकंजा कसा है। रेत के अवैध परिवहन में लगे वाहनों पर पुलिस द्वारा भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रशासनिक कार्यवाही शुरू होने के बाद रेत के अवैध परिवहन में लगे वाहनों की धमाचौकड़ी भी थम गई है। कलेक्टर के इन निर्णयों की काफी सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि रेत के अवैध कारोबार पर सतत अभियान चलाया जाना चाहिए। इस अभियान में राजस्व, खनिज एवं पुलिस की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। जिससे रेत का अवैध कारोबार पूरी तरह से खत्म हो सके।

# भवरसेन घाट में दो युवकों की जल समाधि, सर्चिंग में मिले शव



## स्नान करने के लिए सोन नदी में गए थे तीनों दोस्त

जागरण, सेमरिया

जिले के रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत सोन नदी के भवरसेन घाट में आज सुबह स्नान के लिए गए तीन दोस्तों में दो की जल समाधि बन गई। वहीं तीसरा युवक पूरी तरह से सुरक्षित रहा। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 8 बजे पुलिस चौकी खड्डी अंतर्गत कुशमहर गांव के निवासी अमित पाण्डेय पिता संजय पाण्डेय उम्र 25 वर्ष, विजय अग्निहोत्री पिता बीरेन्द्र अग्निहोत्री 24 वर्ष एवं दीपक द्विवेदी स्नान करने के लिए गांव से करीब 35 किलोमीटर दूर सोन नदी के भवरसेन घाट में गए थे। जब यह युवक भवरसेन घाट में स्नान कर रहे थे उसी दौरान गहरे पानी में डूबने लगे। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों की मदद से दीपक द्विवेदी को बचा लिया गया। लेकिन अमित पाण्डेय एवं विजय अग्निहोत्री की गहरे पानी में जल समाधि बन गई। सूचना मिलने पर रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी, खड्डी चौकी प्रभारी नीरज कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी में डूबे दोनो युवकों के शवों की सर्चिंग शुरू कराई गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के पश्चात सुबह करीब 11 बजे पानी के अंदर से दोनो शवों को गोताखोरों ने बाहर निकाल लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में पोस्टमार्टम के पश्चात पुलिस ने शवों को परिजनों को सौंप दिया।

> सोन नदी के भवरसेन घाट में कुशमहर निवासी दो युवकों के डूबने की सूचना सुबह करीब 9 बजे मिली थी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से सुबह करीब 11 बजे दोनो शवों को बाहर निकलवा लिया गया। पोस्टमार्टम कार्यवाही के पश्चात शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।
>
> **नीरज कुमार साकेत**
> **चौकी प्रभारी खड्डी**

-----पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने किया ज्ञान महाविद्यालय का भव्य शुभारंभ-----

# सीधी को मिला उच्च शिक्षा का नया केंद्र: अजय

## शहर के पनवार चौहानन में महाविद्यालय का शुभारंभ



**जागरण, सीधी।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच गया है। पनवार चौहानन में ज्ञान महाविद्यालय का भव्य शुभारंभ पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया के कर कमलों से हुआ, जिसने क्षेत्र के लोगों को गौरवान्वित कर दिया है। मंचासीन कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित कर देवी सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया मुख्य अतिथि द्वारा ज्ञान शिक्षा समिति के सचिव ज्ञान सिंह के स्वर्गीय माता-पिता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बघेली लोकगीत गायिका कल्याणी पांडे के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।

**विद्यार्थियों को प्रदान करेगा ज्ञान संस्कार और दिशा: अजय**

ज्ञान महाविद्यालय शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल ने इसे ज्ञान का मंदिर बताते हुए कहा कि यह संस्थान विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और दिशा तीनों प्रदान करेगा। महाविद्यालय में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ छात्रों के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित किया जाएगा। आशा है कि भविष्य में सभी कोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे और रोजगार-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है। ज्ञान सिंह के द्वारा संचालित संस्थान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए अजय सिंह राहुल ने कहा कि महाविद्यालय सीधी जिले के युवाओं के लिए अच्छी पहल है आने वाले भविष्य में यह शिक्षण परिसर रीवा संभाग की शैक्षणिक प्रगति का स्तंभ बनेगा।

**न्यूनतम शुल्क में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना लक्ष्य: ज्ञान**

ज्ञान महाविद्यालय शुभारंभ के अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया एवं पधारे सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं ज्ञान शिक्षा समिति के सचिव ज्ञान सिंह ने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के आशीर्वाद से मुझे महाविद्यालय खोलने का सुअवसर प्राप्त हुआ है और उन्हीं के आशीर्वाद से यह संस्थान आने वाले भविष्य में नई ऊंचाइयों को अवश्य प्राप्त करेगा आगे उन्होंने कहा कि न्यूनतम शिक्षण शुल्क पर उच्चतम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुलभ कराना मेरा लक्ष्य है। मेरे लिए शिक्षा व्यापार नहीं सेवा का माध्यम है समाज के हर तबके के बच्चों को न्यूनतम शुल्क पर अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो उनमें बहुमुखी प्रतिभा का विकास हो और उनका भविष्य उज्जवल बने और ज्ञान महाविद्यालय से पढ़कर निकले बच्चे सीधी का नाम रोशन करें तो मैं समझूंगा महाविद्यालय खोलने का मेरा उद्देश्य सफल रहा।

**इन्होंने भी किया मुख्य अतिथि राहुल भैया का स्वागत**

ज्ञान महाविद्यालय शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का स्वागत ज्ञान महाविद्यालय की निदेशक श्रीमती नीलम सिंह और सचिव ज्ञान सिंह द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। ज्ञान शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष जगत प्रताप सिंह, शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, शिक्षा समिति के सदस्य देवेश सिंह, शिक्षा समिति की संयुक्त सचिव श्रीमती संध्या सिंह, सुश्री महिमा सिंह, मनोज सिंह, उत्कर्ष सिंह, सागर सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र बहादुर सिंह, उपप्राचार्य वेद प्रकाश कुशवाहा, सहायक प्राध्यापक श्रीमती सपना तिवारी, अंशुमान सिंह पटेल ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया।


### ज्ञान महाविद्यालय में उपलब्ध हैं सभी सुविधाएं

ज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि महाविद्यालय सीधी जिले के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में वर्तमान में बीए सामान्य, बीए (सीए), बीएससी प्लेन, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, बैचलर इन सोशल वेलफेयर संचालित है। महाविद्यालय में कंप्यूटर लैब वाई-फाई युक्त विशाल कंपस भी स्थापित किया गया है। अनुभवी एवं प्रशिक्षित प्राध्यापकों का चयन हमारी प्राथमिकता रही है और ऐसे ही अनुभवी लोगों का चयन महाविद्यालय में किया गया है। अन्य और विषयों की मान्यता प्राप्त कर तकनीकी एवं रोजगार उन्मुख विषय की पढ़ाई भी शुरू करने का प्रस्ताव है। शुभारंभ अवसर पर पधारे सभी अतिथियों का आभार उपप्राचार्य वेद प्रकाश कुशवाहा द्वारा व्यक्त किया गया।

# श्रृंगी ऋषि महाराज की मूर्ति का अनावरण चोरगड़ी में आज

**जागरण, सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत श्रृंगीऋषि आश्रम ब्रह्मापुरी धाम देविन टोला काली माता परिसर चोरगड़ी में 10 जून मंगलवार को दोपहर 12 बजे श्रृंगी ऋषि महाराज जी की मूर्ति का अनावरण किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गोविन्द प्रसाद मिश्र, विशिष्ट अतिथि सीएस चंदेल समाजसेवी एवं अध्यक्षता ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन भोला प्रसाद गौतम बाणसागर एवं अखिलेश पाण्डेय खड्डी तथा श्रवण शुक्ला चोरगड़ी ने लोगों से ऋषि महाराज जी की मूर्ति के अनावरण अवसर पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारने की अपील की है। दरअसल चोरगड़ी के धार्मिक स्थल में काफी अर्से से ऋषि महाराज जी की मूर्ति स्थापना की मांग श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही थी।

भारत सरकार
राष्ट्र प्रथम
निर्णायक, निर्भीक, सक्षम भारत






भारत में बना एयरक्राफ्ट कैरियर **आईएनएस विक्रांत**

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ** (CDS) के **पद का गठन** करने का ऐतिहासिक निर्णय

आर्म्ड फोर्सेज की दशकों पुरानी **वन रैंक वन पेंशन** की मांग हुई पूरी

**ब्रह्मोस मिसाइल** की वैश्विक स्तर पर मांग - **फिलीपींस** को हुआ निर्यात

भारत के रक्षा निर्यात में **33 गुना वृद्धि**

पूंजीगत रक्षा खरीद का **75% बजट** केवल स्वदेशी उत्पादों के लिए तय


**5,000 से ज्यादा उत्पाद** रक्षा आत्मनिर्भरता सूची में शामिल हुए

iDEX स्टार्टअप्स और छोटे उद्यमों से **₹2,400+ करोड़** मूल्य की **43 वस्तुओं** की खरीद



वायुसेना में शामिल हुआ लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर **'प्रचंड'** जो **5,000 मीटर** की ऊंचाई पर भार के साथ टेक-ऑफ और लैंडिंग कर सकने में सक्षम **दुनिया का इकलौता अटैक हेलिकॉप्टर** है

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड को अधिक प्रभावी बनाने के लिए **7 रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों** (PSUs) में बदला गया



**ऑपरेशन सिंदूर** में दिखा हमारे आर्म्ड फोर्सेज का पराक्रम; दुश्मन के घर में घुसकर सिर्फ **22 मिनट** में किए **9 आतंकी ठिकाने तबाह**

विकसित भारत का अमृत काल
सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के
11 साल



CBC 44101/13/0007/2526

## देर रात गोमती तोड़कर सामग्री चोरी



**जागरण, सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत ग्राम चोभरा में रविवार की रात गोमती तोड़कर सामग्री चोरी करने की घटना सामने आई है। गांव के ही दो लोगों पर दुकान में तोड़फोड़ कर सारा सामान चुराने का आरोप लगा है। फरियादी शिवपूजन मिश्रा ने थाने में लिखित आवेदन देते हुए बताया कि उन्होंने गांव के कुछ लोगों को उधारी में सामान देने से इंकार कर दिया था, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने रात के अंधेरे में दुकान तोड़ डाली। पीड़ित ने बताया कि उसकी गांव में लोहे की एक छोटी गुमटी संचालित होती है। रविवार को जब शिव प्रसाद कोल और मनोज कोल उधार मांगने आए तो उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि पहले पुराना पैसा चुकाओ फिर नया सामान मिलेगा। इसी बात पर विवाद हुआ और दोनों गाली-गलौज करते हुए चले गए। रात करीब 10:30 बजे गांव के ही देवेन मिश्रा का फोन आया कि कुछ लोग उनकी गुमटी तोड़ रहे हैं। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि दुकान पूरी तरह तोड़ी जा चुकी थी और अंदर का सारा सामान गायब था। आरोपियों में शिव प्रसाद कोल, मनोज कोल और उनके परिवार के कुछ अन्य सदस्य शामिल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना डायल 100 पर भी दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत किया। पुलिस द्वारा कुछ तस्वीरें भी खींची गईं और संबंधित पक्षों को थाने में रिपोर्ट करने की समझाइश दी गई। थाना प्रभारी रामपुर नैकिन सुधांशु तिवारी ने बताया कि फरियादी का आवेदन प्राप्त हुआ है और बीट प्रभारी को जांच सौंपी गई है। मामले की जांच के बाद दोषियों पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 5 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार




**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉण् रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी एवं एसण्डीण्ओण्पीण् चुरहट के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रामपुर नैकिन पुलिस को सफलता मिली। पुलिस के अनुसार 8 जून को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम अगडाल केराई क्षेत्र में घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया, जो पेड़ के नीचे बैठा पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पूंछताछ पर उसने अपना नाम रामराज तिवारी पिता हीरालाल तिवारी उम्र 45 वर्ष निवासी रिमारी चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन बताया तलाशी के दौरान उसके बैग से 5 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा लगभग 5 किलोग्राम अनुमानित कीमत 1,00,000 तथा एक मोबाइल फोन कीमत 5,000 बरामद कर कुल 1,05,000 का सामान जप्त किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी रामराज तिवारी ने अपने साथियों के रूप में सुरेन्द्र मिश्रा पिता स्व. रामभरोसा मिश्रा तथा अमित द्विवेदी पिता रामनरेश द्विवेदी, दोनों निवासी चोरगड़ी का नाम उजागर किया। इसके आधार पर अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 8/20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान अमित द्विवेदी उम्र 27 वर्ष को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है तथा तीसरे आरोपी सुरेन्द्र मिश्रा की तलाश जारी है।

## बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री का वितरण 14 को

**जागरण, सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 की बोर्ड की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डी द्वितीय परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री/प्रश्न पत्र का वितरण समन्वयक संस्था शा.उ.मा.वि. क्रमांक 2 सीधी से दिनांक 14 जून 2025 को समस्त परीक्षा केन्द्रों को वितरण किया जाना है। उन्होंने परीक्षा केन्द्र के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि मजबूत पेटी, दो ताले एवं भृत्य के साथ वितरण स्थल समन्वयक संस्था शा.उ.मा.विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में अनिवार्यतः 10:30 बजे दिनांक 14 जून 2025 को उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## ढेकहा क्षेत्र के रहवासी हो रहे परेशान, बीमारी के साथ दुकानों में रखा सामान हो रहा खराब

जागरण, रीवा। ढेकहा क्षेत्र में लंबे समय से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे उड़ने वाली धूल से यहां के रहवासी हलाकान हैं। धूप खिलती है तो धूल के गुबार उड़ते हैं, बरसात होती है तो पूरा मार्ग कीचड़ से पट जाता है, जिससे यहां से आने-जाने वालों की फजीहत हो रही है। नियमानुसार धूल-धुसरित निर्माण कार्य क्षेत्र में पानी का छिड़काव करने का प्रावधान है, लेकिन यहां कार्य कर रहे ठेकेदार इस नियम का पालन नहीं कर रहे।

**पिछले साल से चल रहा सड़क का निर्माण :** ढेकहा क्षेत्र के दुकानदार व रहवासियों ने बताया कि पिछले साल से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, निर्माण कार्य शुरु हुआ था इसके पूर्व से इस मार्ग में धूल उड़ रही है। धूल से लोग बीमार हो रहे हैं, वहीं दुकान में रखा सामान धूल लगने से खराब हो रहा है। सुबह दुकान खोलते हैं तो सारा सामान धूल से पटा रहता है, धूल साफ करते हैं, लेकिन रोज-रोज सामान में धूल जमने से सामान खराब हो जाता है, जिसे पुराना समझ लोग खरीदते नहीं क्या कर सकते हैं। जब तक सड़क नहीं बनती, तब तक इस समस्या से यहां के लोगों को जूझना पड़ेगा। दिनभर आवागमन बहाल रहता है, जिससे उड़ने वाली धूल लोगों की आंखों में भी घुस जाती है, इस कारण आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी घट रही हैं।

# गन्ने सूख गये और चाट ठेले में ही सड़ गई, पर फुल्की सही सलामत

**सिरमौर चौराहे से जब्त किये गये गन्ने के ठेले एक सप्ताह बाद भी नहीं छूटे**

**सड़क पर ठेला लगाकर जाम लगाने वालों को भुगतने पड़ते हैं गंभीर परिणाम**



**जागरण, रीवा।** अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे सख्त अभियान का ही नतीजा है कि वर्तमान में सड़कें चौड़ी दिख रही हैं और शहर में यातायात सुगम हो गया है। उन अतिक्रमणकारियों पर निर्णायक कार्यवाही की जाती है जो जानबूझ कर सड़कों का यातायात प्रभावित करते हैं। जो भी ऐसा करने की कोशिश करता है, वह नगर निगम की कार्यवाही की जहमत में फंस जाता है। पिछले एक सप्ताह से नगर निगम में खड़े गन्ने और चाट के ठेले इस बात के गवाह हैं। विगत दो जून को जब्त किये गन्ने के ठेले में रखे सारे गन्ने सूख गये और चाट तवे में रखे-रखे सड़ गई लेकिन उन्हें छोड़ा नहीं जा सका है। चाट ठेले में रखी फुल्की सूखी और पन्नी में होने के कारण अवश्य सलामत है। नगर निगम द्वारा पुलिस के सहयोग से की गई यह कार्यवाही अतिक्रमणकारियों के लिए नजीर है। सिरमौर चौराहे में फ्लाई ओवर के नीचे ज्ञानस्थली स्कूल के सामने से एक सप्ताह पहले जब्त किये गन्ने के ठेले अभी भी जब्त हैं। गन्ना के ठेला लगाने वाले चारों गुप्ता बंधुओं के खिलाफ अमहिया पुलिस द्वारा अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस कार्यवाही से फारिग होने के बाद से जब्त ठेले छुड़वाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन अड़ीबाजी करने के कारण ठेले नहीं छूट पाये हैं। ठेला संचालकों ने निगमायुक्त से भी मिलने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने अपने पास फटकने तक नहीं दिया। सभी गन्ने के ठेले अभी भी नगर निगम कार्यालय परिसर में खड़े हैं। गौतलब है कि उक्त ठेला संचालकों द्वारा पिछले दिनों पुलिस एवं नगर निगम कर्मचारी से अभद्रता की गई जिसके कारण इनके विरुद्ध अमहिया थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज कर दो जून को गिरफ्तार किया गया था।

## दो प्रान्तों के बीच पिस रहे हैं पेंशनर्स

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न



**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वीरेन्द्र कुमार तिवारी जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष ने की। अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को बताया गया कि आगामी 02 जुलाई को कर्मचारी भवन भोपाल में प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें सभी जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। 9 सूत्रीय मांगों में कुछ मांगें शासन द्वारा पूरी की गई हैं तथा कुछ मांगों में कार्यवाही जारी है, सबसे आवश्यक मांग धारा 49(6) है जो अभी भी बनी हुई है, जिसके कारण पेंशनरों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है, दो प्रान्तों के बीच पेंशनर्स पिस रहे हैं, इसके अलावा यह भी मांग है कि दो वर्ष में कम से कम एक बार पेंशनरों को भी भ्रमण यात्रा व्यय दिया जाय। न्यायालयीन निर्णयों को पेंशनर्स हित में लागू किया जाना, शेष 2 प्रतिशत महंगाई राहत शीघ्र दिया जाना शामिल है। इसके अलावा स्थनीय स्तर पर तहसील एवं विकासखण्ड अध्यक्ष गणों से अपने-अपने स्तर पर बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस में एसोसिएशन का खाता खोलने साथ ही लेखा-जोखा संधारण करने के लिए कहा गया। बैठक में यदुवीर प्रसाद द्विवेदी, रामगोपाल मिश्रा, राजर्षिदेव पाण्डेय, हरिहर प्रसाद सोनी, उमाकान्त तिवारी, नरेश कुमार द्विवेदी, रामपाल शुक्ला, सिद्धमुनि पाण्डेय, उर्मिला प्रसाद उपाध्याय, हीरामणि मिश्रा, सीतला प्रसाद शर्मा, लालमणि नापित, न्याजुल्ला खान, अमिरुल्ला खांन, सीताराम द्विवेदी, राजकिशोर द्विवेदी, कमला प्रसाद साकेत, एस.एस. बघेल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## यूपी-एमपी की बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक आज

**रीवा।** उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों की संयुक्त बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक गूगल मीट के माध्यम से 9 जून को सुबह 11.30 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, कलेक्टर प्रतिभा पाल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कमिश्नर कार्यालय स्थित एनआईसी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

**रीवा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत गत दिवस ग्राम माला ममं आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही राष्ट्रीय कृषि खेती मिशन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित जानकारी दी गई।



जनप्रतिनिधियों व किसानों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन की योजनाओं से किसानों को अवगत कराते हुए आय में वृद्धि के संबंध में विस्तार से जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. पटेल, मुनीश पाण्डेय, सरल जी, दीपक श्रीवास्तव, ललिता साकेत, आदर्श पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, राहुल पाटीदार ने किसानों को उन्नत तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान कृषक शेष प्रताप सिंह द्वारा बोई गई ग्रीष्म कालीन मूंग का निरीक्षण कृषि वैज्ञानिकों ने किया। कार्यक्रम के उपरांत एक पेंड माँ के नाम अभियान अन्तर्गत आम, बडहर के पौधे रोपे गये। कार्यक्रम के लगभग 104 किसानों की उपस्थिति रही। इस प्रकार विकासखंड रीवा के जिला रीवा में, ग्राम पंचायत मद्धेपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. किंजल्क सिंह, डॉ. स्मिता सिंह, अरुण शुक्ला, डॉ. वंदना द्विवेदी विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा, साक्षी द्विवेदी, डॉ. अंजली गौतम, सरपंच एवं रोजगार सहायक शामिल हुए । कार्यक्रम में कृषकों को नवीनतम किस्म, कृषि यंत्र, मृदा जांच, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ,कस्टम हायरिंग,नरवाही प्रबंध एवं सुपर सीडर के बारे में जानकारी दी गई, और कृषि एवं संबंधित विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## वेदान्शु गौतम ने किया रीवा को गौरवान्वित

**रीवा।** वेदान्शु गौतम ने मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी की परीक्षा पन्द्रहवी रैंक के साथ उत्तीर्ण कर अपने परिवार और गाँव का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा उन्होंने प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण किया है। वे अवधेश प्रताप सिंह वि.वि. के शोधकेन्द्र ठा. रणमत सिंह महाविद्यालय से प्रो. कल्पना अग्रवाल के निर्देशन में पी-एच. डी उपाधि हेतु शोधरत हैं। चोरहटा निवासी वेदान्शु गौतम प्रो. सूर्यनारायण गौतम वेदाचार्य के पुत्र तथा रामसजीवन गौतम के पौत्र हैं। वेंकट संस्कृतमहाविद्यालय, रीवा से शास्त्री परीक्षा स्वर्ण पदक के साथ उत्तीर्ण कर एम.ए. अंग्रेजी तथा (सेट, नेट) उत्तीर्ण कर इस मुकाम पर पहुँचने वाले पहले विद्यार्थी हैं। वे वर्तमान में महर्षि पाणिनि वैदिक एवं संस्कृत विश्वविद्यालय, उज्जैन में अतिथि सहा. प्राध्यापक अंग्रेजी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवारीजनों, सम्बन्धियों के साथ महर्षि पाणिनि विवि के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार सी जी, कुलसचिव प्रो. दिलीप सोनी, आईक्यूएसी निर्देशक डॉ. तुलसीदास परौहा सहित विवि के राभी प्राध्यापकों / कर्मचारियों ने बधाई प्रेषित की है तथा उपनयन पत्रिका के संपादक ओम प्रकाश मिश्र, सह संपादक रमाकान्त तिवारी, पूर्व प्राचार्य, रामायण प्रसाद शास्त्री, डॉ. उपेन्द्र मिश्र, प्रो. महेश शुक्ला, डॉ. रामसरोज द्विवेदी 'शान्तिदूत', प्राचार्य वेंकट संस्कृत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कल्पना तिवारी, बृजेन्द्र गौतम (कपुरी) बालेन्द्र गौतम (पड़रा) डॉ. राजेश शर्मा (ढेकहा) सहित सभी इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## शिकायतों का करायें निराकरण: कलेक्टर

**जागरण, सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि मई-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने सीमांकन एवं भुगतान लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

# सुविधाओं से वंचित अर्द्धशहरी औद्योगिक संस्थान



**जागरण रीवा।** अर्द्धशहरी औद्योगिक संस्थान बिछिया द्वारा जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र महाप्रबंधक को आवेदन सौंपकर क्षेत्र में संचालित औद्योगिक संस्थानों को पुर्नजीवित करने की मांग की है। आवेदन में बताया कि अर्द्धशहरी औद्योगिक संस्थान बिछिया क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं, जिनके द्वारा किराया व संधारण शुल्क के साथ संपत्तिकर संबंधित विभाग को सुचारु रूप से जमा किया जा रहा है, किन्तु औद्योगिक संस्थान को जो सुविधाएं शासन द्वारा मिलना चाहिए वह नहीं मिल रही। किसी भी उद्योग का क्रियान्वयन एवं उन्नति तभी हो सकती है, जब उस क्षेत्र को उद्योग संचालित करने के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। जैसे रोड, नाली, बिजली आदि परन्तु रीवा का सबसे पुराना औद्योगिक क्षेत्र होते हुए भी इस क्षेत्र में रोड की स्थिति जर्जर है, जिससे वाहनों को आवागमन में मुश्किल होती है। समस्त औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी का काम आज भी अधूरा है। औद्योगिक क्षेत्र को अनदेखा करने करने से कई लोग यहां खाली पड़ी जमीनों पर अवैधानिक रूप से अतिक्रमण करते आ रहे हैं जो नियम विरुद्ध है। अर्द्धशहरी औद्योगिक संस्थान द्वारा स्थापित संस्थानों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

## बैकुंठपुर हाईवे पर बोलेरो ने राहगीरों को मारी टक्कर, कई गंभीर रूप से घायल

**रीवा।** कुल्फी बेचकर और कबाड़ बीनकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाला एक व्यक्ति रविवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मझगवां की है। घटना के संबंध में घायल विनोद कुमार विश्वकर्मा के भतीजे आनंद विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके चाचा कुल्फी बेचकर और कबाड़ बीनकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, रविवार की सुबह घर से जैसे ही कपड़ा धोने निकले तभी तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए घर के पास ही उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कार्यालय जिला पंचायत रीवा (म०प्र०)

क्र/1699 /स्टोर /जिप — रीवा दिनांक : 09.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 560/ एनआर-4/ वित्त एंव लेखा/2017 भोपाल दिनांक 10.08.2017 के अनुक्रम में जिला पंचायत रीवा मे शासकीय कार्य हेतु 6 नग वाहन (स्कार्पियो, बुलोरो, सफारी, इनोवा, किस्टा, हाइडर) वाहन चालक सहित किराये पर अनुबंधित किया जाना है। इच्छुक निविदाकार निविदा प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर (अवकाश अवधि सहित) कार्यालयीन दिवस / समय पर जिला पंचायत कार्यालय के लेखा शाखा मे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित राशि रू. 1500.00 (एक हजार पाँच सौ रूपये) मात्र जमा कर निविदा प्रपत्र एंव आवश्यक नियम शर्ते प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत रीवा (म.प्र.)

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, रीवा (म.प्र.)
Ph. No. : 9425601523/9340714903

पत्र क्र. 484 तशा./परि.यं./म.प्र.पु.आ.अधो.वि.नि./2025 — रीवा, दिनांक : 09.06.25

**संक्षिप्त विज्ञप्ति संशोधन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 457 दिनांक 02.06.2025 के माध्यम से जीर्ण-शीर्ण शासकीय पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण की संक्षिप्त विज्ञप्ति सूचना जारी की गई थी। संक्षिप्त विज्ञप्ति के सरल क्रं. 02 पर अंकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव जिला रीवा की आगामी **तिथि 16.06.2025 तक बढ़ाई** जाती है। विज्ञप्ति की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

म.प्र. माध्यम/120538/2025 — परियोजना यंत्री

## मकान किराये से देना है

2BHK फैमिली रूम अटैच किचेन एवं वाथरूम, आनन्द नगर बोदाबाग, केरला पब्लिक के पास किराये से देना है सम्पर्क करें:- मो. 8085307703

RN. GM Sir/12/6

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## कार्यालय नगर परिषद मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

cmomahuganj@mpurban.gov.in

क्रमांक /1585/e-tendering/NP/2025 — मऊगंज/दिनांक 02.06.2025

**ई-निविदा सूचना प्रथम आमंत्रण**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद मऊगंज में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार कॉलम में वर्णित सामग्रियों/कार्यों की आपूर्ति हेतु दरों की आवश्यकता है। जिस हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ कंसल्टेंसी /आपूर्ति कर्ताओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | आपूर्ति मद/कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_428493_1 दिनांक- 03.06.2025 | टेन्ट सामग्री किराये पर लगाने हेतु | 18.00 लाख | वित्तीय वर्ष 2025-26 | 1. 2000/- 2. 13500/- | 03.07.2025 |
| 2. | 2025_UAD_428494_1 दिनांक- 03.06.2025 | फ्लेक्स बोर्ड - बैनर प्रिंटिंग एवं आपूर्ति | 18.00 लाख | वित्तीय वर्ष 2025-26 | 1. 2000/- 2. 13500/- | 03.07.2025 |
| 3. | 2025_UAD_428495_1 दिनांक- 03.06.2025 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत आई.ई.सी.- बी.सी. गतिविधि आयोजन, फील्ड प्रिपरेशन, तकनीकी सहयोग, सतत स्वच्छता, नागरिक सहभागिता एवं समस्त दस्तावेजीकरण कार्य | 19.00 लाख | स्वच्छ सर्वेक्षण, ODF++, GFC STAR RATING 2025 का परिणाम घोषित होने तक | 1. 2000/- 2. 14250/- | 03.07.2025 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज
जिला मऊगंज (म.प्र.)

## न्यायालय अपर आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा (म०प्र०)

प्रकरण क्रमांक /अपील/2384
रीवा दिनांक 04.06.2025

**नोटिस सूचना**

नोटिस बनाम -उत्तवादीगण

1. मनीष सिंह पिता स्व. महेन्द्र सिंह 2. अनीश सिंह पिता स्व. महेन्द्र सिंह 3. श्रीमती सुशीला सिंह पत्नी स्व. महेन्द्र सिंह सभी निवासी ग्राम हर्दी तहसील गुढ जिला रीवा (म.प्र.)

.........अपीलार्थीगण

विरुद्ध

ईश्वर प्रसाद पिता श्री हरिहर प्रसाद ग्राम हर्दी तहसील गुढ जिला रीवा (म.प्र.)

............उत्तरवादीगण

जो कि उक्त विषय की अपील / निगरानी / अभ्यावेदन इस न्यायालय में दायर है जिसकी सुनवाई के लिये पेशी दिनांक 25.07.2025 नियत है, अस्तु निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त दिनांक को आप स्वयं या द्वारा अभिभाषक या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा जो आपकी ओर से पैरवी के लिए विधानान्तर्गत प्राधिकृत हो ठीक साढ़े दस बजे प्रातः इस न्यायालय में उपस्थित हों अन्यथा विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही कर आदेश पारित किए जावेंगें।

(नीतू माथुर)
अपर आयुक्त
रीवा संभाग, रीवा

RN-82528

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म०प्र०)

Web Site: www.mppwd.gov.in, email:-eepwdumaria@nic.in
Phone No.- 07653-292716, Fax No.- XXXXXXXXXXX

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना :- 07/व.ले.लि./2025-26 . /उमरिया दिनांक : 09/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु आन् लाईन निविदा e-Tendering System Portal https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक शासन द्वारा जारी आदेश की शर्तो पर आमंत्रित की गई है।

| स. क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र की कीमत | धरोहर राशि (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWD RB_429571 _1 | जोनल कॉट्रेक्ट के तहत लोक निर्माण विभाग संभाग उमरिया के अन्तर्गत वर्षाकाल में सड़कों में पैच रिपेयर एवं मरम्मत का कार्य। | 20.00 रू. बीस लाख मात्र | 2,000 रू. दो हजार मात्र | 40,000 रू. चालीस हजार मात्र | सिविल | 31.03.26 तक | प्रथम आमंत्रण में किसी भी संविदाकार द्वारा भाग न लेने के कारण द्वितीय आमंत्रण |
| | | योग | 20.00 | रू. बीस लाख मात्र | | | | |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य बेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।
2. निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 16.06.2025 10:30 से 23.06.2025 शाम 17:30 बजे तक है।
3. ऑनलाईन में अमानत राशि की स्केन कापी एवं अन्य डाक्यूमेन्ट स्केन कापी अपलोड एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23.06.2025 शाम 17:30 बजे तक है।
4. टेण्डर डॉक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तिथि 23.06.2025 शाम 17:30 बजे तक केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे।
5. निविदा खुलने का दिनांक 25.06.2025 सुबह 10:30 से शाम 17:30 बजे तक।
6. जिसके पास हॉटमिक्स प्लांट स्वयं का हो वही ठेकेदार निविदा में भाग ले सकेगा।
7. म0प्र0 शासन लो0नि0वि0 के ज्ञाप क्र. एफ-53/02/2011/यो/19/524 भोपाल दिनांक 14.02.2025 के तहत निम्नानुसार संशोधित निविदा परिपत्र के अनुसार।

जी-14115/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग उमरिया (म.प्र.)

# कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न



**जागरण, छतरपुर ।** सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की सभी किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि वैज्ञानिकों की भागीदारी की स्थिति की विकासखंडवार समीक्षा की और कहा कि पंचायतों में कृषि रथ के बारे में सूचना सभी सीईओ एवं पंचायत स्तर के कर्मचारियों को दें। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि सभी बसों का सत्यापन शीघ्रता से पूर्ण करें, बीमा एवं परमिट नवीनीकरण की स्थिति की जांच करें, लगाए गए जुर्माने की जानकारी प्रस्तुत करें और कहा कि बसों एवं गाड़ियों की और निरीक्षण बढ़ाएं। एवं हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ समन्वय में बैठक लें और इन मामलों की नियमित व गहन समीक्षा करें, ताकि समय पर न्याय और सहायता सुनिश्चित की जा सके कलेक्टर श्री जैसवाल राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया कि इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक 25 हजार की प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इसका उद्देश्य आम जनता को मदद के लिए प्रेरित करना है। साथ ही उन्होंने गोल्डन ऑवर्स की अवधारणा को लेकर सीएमएचओ को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण समय के महत्व को जनसामान्य तक पहुंचाया जाए जिससे दुर्घटना के एक घंटे के भीतर उचित इलाज मिलने से घायल की जान बचाई जा सकती है।कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान सभी नगर पालिका, जनपद पंचायत एवं नगर परिषद को विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों से अपनी मां की स्मृति या सम्मान में एक पौधा लगाने का आग्रह किया जाएगा। पौधों की आपूर्ति किस नर्सरी से होगी, रोपण कहां किया जाएगा, देखरेख की जिम्मेदारी किसकी होगी। इस संपूर्ण प्रक्रिया की रूपरेखा तय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षा विभाग को योग सत्र आयोजित कराने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके लिए उन्होंने निर्देशित किया कि इस वर्ष भी योग का आयोजन खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में भव्य रूप से किया जाएगा।

**आधार से समग्र ई केवायसी में महाराजपुर सीएमओ को शोकॉज :** कलेक्टर श्री जैसवाल ने वर्षा पूर्व तैयारियों को लेकर सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करें जिसमें संभावित जलभराव वाले गांवों एवं पुल एव पुलियों की पहचान करें और समय-समय पर निरीक्षण कर जलमग्न वाले चिन्हित ग्रामों में पुल पुलियों की बैरीकेडिंग कराएं और सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आधार से समग्र ई केवायसी की समीक्षा करते हुए नौगांव, लवकुशनगर, गौरिहार एवं बक्सवाहा को डुप्लीकेट समग्र में डिलीशन कराकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही डुप्लीकेट समग्र में डिलीशन में खराब प्रगति पर महाराजपुर सीएमओ को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नप सटई एवं बक्सवाहा को ई केवायसी वेरीफिकेशन पर काम करने के लिए कहा।कलेक्टर ने पीएम आवास 2.0 में नपा छतरपुर, नप घुवारा, नप गढ़ीमलहरा को पीएम आवास के सत्यापित आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। एवं सत्यापित आवेदनों की संख्या अधिक होने पर एवं पोर्टल पर दर्ज न करने पर घुवारा सीएमओ को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की मई माह की ग्रेडिंग अंतर्गत 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग, जलसंसाधन, राजस्व विभाग एवं विशेषरूप से चंदला, हरपालपुर, नौगांव सीएमओ को लंबित शिकायतों के निराकरण करते हुए ग्रेडिंग सुधार के निर्देश दिए।

### जनपद सीईओ को तालाबों के मस्टर रोल बढ़ाकर, कार्य में प्रगति बढ़ाने के निर्देश

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत न्यू फॉर्म पोंड्स, न्यू डग बेल, अमृत सरोवरों एवं ओल्ड एनआरएम की समीक्षा करते हुए नौगांव सीईओ को तालाबों में मजदूरों की मस्टर रोल बढ़ाने और न्यूनतम 50 श्रमिकों को कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। एवं नए डगवेल निर्माण कार्यों में बक्सवाह, बीजावर और बड़ा मलहरा जनपद के सीईओ को विशेषरूप से प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए ओएचटी, डब्ल्यूटीपी के कार्यों की धीमी प्रगति एवं घरेलू नल कलेक्शन खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए जल निगम महाप्रबंधक को कार्यों की गति बढ़ाने और कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सागर कबराई परियोजना में अब तक कुल अवार्ड घोषित किए जा चुके हैं, लेकिन अंश निर्धारण के बाद मुख्यालय को रिक्विजिशन नहीं भेजे जाने पर एनएचएआई के संबंधित अधिकारी पर नाराजगी जताई और एनएचएआई निदेशक को पत्र लिखने और सभी एसडीएम को भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**ई ऑफिस के माध्यम से फाईलों का तेजी से होगा डिस्पोजल :** कलेक्टर ने शासकीय कार्यालयों में ई ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि सभी कार्यालयों में फाइल मूवमेंट केवल ई ऑफिस के माध्यम से ही होगा। फिजिकल फाइल मूवमेंट को चरणबद्ध रूप से समाप्त किया जाएगा जिससे कार्य में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित हो सकेगी। 26 मई से 20 जून 2025 तक जिले में सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को विगत 2 वर्षों में सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे इनके पेंशन, अवकाश के नगदीरण एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए।

# पृथकीकरण संकल्प जन अभियान अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जागरण, छतरपुर ।** नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देशन में स्वच्छता टीम द्वारा आवासीय संघों में जाकर नागरिकों को कचरा पृथककरण संकल्प जन अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें घरों से निकलने वाले कचरे को कैसे अलग-अलग चार भागों में किया जाता है उसकी जानकारी दी गई साथ ही अपने कार्यस्थल एवं घरों में स्वच्छ रखने की और हमेशा डस्टबिन का उपयोग करने की समझाइश दी गई। कचरा पृथककरण में हमे अपने घरों से 4 अलग-अलग भागों में कचरा संग्रहण वाहन में देना है। गीला कचरा हरे रंग के डब्बे में जिसमें बचा हुआ खाना, सब्जियां एवं उनके छिलके, चाय की पत्ती, पेड़ पौधो की पत्तियां आदि। सूखा कचरा नीले रंग के डब्बे में जिसमें प्लास्टिक, पालीथीन, पेपर, कांच, कपड़ा एवं धूल मिट्टी आदि। सेनेटरी कचरा पीले रंग के डब्बे में जिसमें डायपर, पैड, मास्क, ग्लब्स दवाइयों के रैपर एवं एक्सपायर मेडिसिन इत्यादि। हानिकारक कचरा काले रंग के डब्बे में जिसमें ब्लेड, निडिल, पैंट के डब्बे, जहरीले पदार्थ वाले रैपर एवं डब्बे एवं इलेक्ट्रिक कचरा अलग-अलग करके डाले।

## अवैध वसूली, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बना कमाई का जरिया

**छतरपुर ।** मुख्यमंत्री मोहन यादव, परिवहन मंत्री और कलेक्टर पार्थ केवल की छवि को धूमिल करने में लगी नवागत परिवहन अधिकारी, आरटीओ ऑफिस के अधिकारी कर्मचारी रात होते ही खुलेआम करते हैं अवैध वसूली, वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, आरटीओ ऑफिस में मैडम के आते ही होने लगी अवैध वसूली, कुर्राहा और गरेला के बीच में मैरिज हाउस को 70 हजार रुपए में किराए पर लेकर रात में चलता है वसूली का खेल, आप इन फोटो में देख सकते हैं किस तरह रात में चेकिंग लगाई जाती है और छोटे वाहनों और बड़े वाहनों से अवैध वसूली की जाती है, यह चेकिंग हर रोज रात में लगती है और पूरी रात यह चेकिंग चलती रहती है, सुबह होते ही चेकिंग बंद कर दी जाती है और सारा सामान को मैरिज हाउस में रख दिया जाता है, इसके बाद फिर रात के शुरू होता है वसूली का खेल, बताया जा रहा है कि आरटीओ ऑफिस के भ्रष्ट कर्मचारियों के द्वारा मैरिज हाउस को किराए पर लिया गया है और यही पर वसूली होती है, कलेक्टर पार्थ जैसवाल इस मामले की रात में जांच करवाए तो पूरा मामला सामने आ जाएगा।

## आर्य वीरांगना चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का समारोह पूर्वक हुआ उद्घाटन

**महाराजपुर ।** आर्य समाज महाराजपुर द्वारा आयोजित आर्य वीरांगना चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ रविवार को प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण के साथ हुआ। शिविर में 70 वीरांगनाओं के रजिस्ट्रेशन हो चुके है। शिविर में दिल्ली से आए प्रधान शिक्षिका श्रीमती अभिलाषा आर्य एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यम आर्य द्वारा प्रथम दिवस बालिकाओं को एवं आए हुए आगंतुक्तियों को शिविर की व्यवस्था के बारे में एवं शिविर की दिनचर्या के बारे में अवगत कराया। प्रथम दिवस आचार्य सत्यम आर्य ने बालिकाओं को योग एवं ज्ञान की शिक्षा दी एवं म्यूजिक की धुन पर अभ्यास कराया। बच्चियों से जब पूछा गया कि शिविर में आकर कि उन्हें कैसा लगा यहां की व्यवस्थाएं कैसी हैं तो बच्चियों ने बताया कि वे इस शहर में आकर के बहुत खुश हैं यहां पौष्टिक आहार उनको प्रदान किया जा रहा है तथा एक निश्चित अनुशासन में रहकर के शिविर में जीवन उपयोगी चीज सीख रही हैं। आर्य समाज के प्रधान उमेश कुमार आर्य ने बताया कि यह शिविर पूर्णतः आवासीय है। शिविर में बालिकाओं को मंच संचालन की क्रियाएं लीडरशिप की क्वालिटी आत्मरक्षा के गुण एवं चारित्रिक उन्नति के लिए अच्छी-अच्छी चीजे सीखने को मिलेंगी। 13 जून को शाम 04 बजे से बच्चियों का नगर में पथ संचलन होगा जिसमें शिविर में सिखाई गई कलाओं का प्रदर्शन इन बच्चियों के द्वारा किया जाएगा। शिविर का समापन 14 जून को सांय काल 4 बजे आयोजित होगा।

## थाना लवकुशनगर पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

**लवकुश नगर ।** थाना लवकुश नगर क्षेत्र के कस्बा में संचालित कपड़े की दुकान से एक महिला ग्राहक फरियादिया के पैसों से भरे थैले चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना लवकुश नगर में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटनास्थल में कैमरे संचालित थे, पुलिस को आसानी हुई। इसी कारण पुलिस द्वारा 卐चक्षु अभियान卐 के तहत अपराध नियंत्रण एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगवाए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बाजार, मार्गो, चौराहों एवं आसपास के क्षेत्र के कैमरे के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। एकत्रित साक्ष्य के अनुसार आरोपियों का पता लगाकर तलाश की गई। चोरी की घटना कारित करने वाले बाल अपचारी को पूर्व में अभिरक्षा में लेकर विधिवत कार्यवाही की गई थी। चोरी की घटना में सम्मिलित आरोपी पुष्पेंद्र आदिवासी पिता भारत सिंह आदिवासी निवासी ग्राम पठादा थाना ईशानगर जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। चोरी की गई संपत्ति नगद राशि ?75000 बैंक पासबुक सहित अन्य दस्तावेज प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस गिरोह के सदस्य थाना गढ़ी मलहरा की एक ज्वेलरी की दुकान में चोरी में संलिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता एवं एसडीओपी लवकुश नगर श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लवकुश नगर निरीक्षक अजय अम्बे ,उपनिरी. ज्ञान सिंह , दीवान सिंह ,अनीश अहमद,उमेश कुमार वर्मा , सूरज शर्मा, मंगल सिंह , कुलदीप सेन, देवसिंह, ह्रदेश नायक, बलराम अहिरवार एवं गीता सिंह व सायबर सेल की भूमिका रही।

## छोटे से विवाद में दोस्ती का दुःखद अंत



**जागरण, मंडला ।** जिला मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित पर्यटन स्थल सहस्त्रधारा में शनिवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी, लेकिन इस मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि कपड़े फेंकने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने अपने दोस्त को नदी में धक्का दे दिया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई।जानकारी अनुसार पांच दोस्त द्वारका, विपिन, मुकेश, संजय और यशवंत सहस्त्रधारा में नहाने गए थे। नहाते समय मजाक-मजाक में द्वारका ने यशवंत के कपड़े नदी में फेंक दिए। इस बात से यशवंत इतना नाराज हो गया कि उसने द्वारका को धक्का दे दिया। द्वारका संभल नहीं पाया और सीधे नदी की गहराई में जा गिरा, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना के समय तीन अन्य दोस्त थोड़ी दूरी पर थे, लेकिन जैसे ही उन्हें द्वारका के नदी में डूबने की खबर मिली, वे स्तब्ध रह गए। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तलाश अभियान चलाकर द्वारका के शव को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**हत्या का प्रकरण दर्ज और आरोपी गिरफ्तार :** पुलिस ने जब दोस्तों से पूछताछ की तो पता चला कि कपड़े फेंकने को लेकर हुए गुस्से में यशवंत ने ही द्वारका को धक्का देकर नदी में गिराया था, जिससे उसकी जान चली गई। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने यशवंत के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि द्वारका और यशवंत दोनों मजदूरी का काम करते थे और अक्सर साथ ही रहते थे। एक छोटे से विवाद के कारण दोस्ती का यह अंत दुखद रहा।

# लोन दिलाने के नाम 235 महिलाओं से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार





**जागरण, मंडला ।** थाना बीजाडांडी की त्वरित कार्यवाही, लोन दिलाने के नाम पर क्षेत्र की महिलाओं से धोखाधड़ी कर मोटी रकम हड़पने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता, आदतन अपराधी के विरुद्ध पूर्व से 05 प्रकरण दर्ज दिनांक 07/06/2025 को ग्राम झुरकी की 15 महिलाओं द्वारा चौकी मनेरी में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से लोन दिलाने के नाम पर बीमा शुल्क के रूप में ?1550 प्रति महिला लिए गए हैं, किन्तु लोन प्राप्त नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा महिलाओं को झूठे आश्वासन देकर लोन दिलाने के नाम पर आर्थिक रूप से धोखा दिया गया। शिकायत पर थाना बीजाडांडी में धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण के शीघ्र खुलासे हेतु एसडीओपी निवास के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा की गई गहन जांच में सामने आया कि आरोपी रोशन कुमार चौधरी उर्फ अरविंद कुमार मेहता पिता बेनी प्रसाद चौधरी, उम्र 42 वर्ष, निवासी अवंतीबाई वार्ड, ग्राम छेवला, थाना ग्वारीघाट, जिला जबलपुर — स्वयं को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का लोन एजेंट बताकर महिलाओं को रोजगार हेतु ?1.20 लाख का बिना ब्याज लोन दिलाने का झांसा देता था। आरोपी बीमा शुल्क के नाम पर प्रत्येक महिला से ?1550 नगद लेकर उनसे आधार कार्ड, समग्र ड्डष्ठ, बैंक पासबुक की छायाप्रति भी लेता था। कई मामलों में वह फर्जी रसीद या हस्ताक्षरित ग्रीन पेपर भी देता था। लोन स्वीकृति का भ्रम देने हेतु वह फर्जी लोन पास मैसेज भी महिलाओं को मोबाइल पर भेजता था। आरोपी ने मंडला, जबलपुर जिले के बीजाडांडी, मनेरी, टिकारिया, कुण्डम, बरेला क्षेत्रों की कुल 235 महिलाओं से ?3,64,250/- की ठगी की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक सुजुकी सियाज कार, एक पल्सर मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त), नगद, 2 मोबाइल फोन, फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज जप्त किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत ?11,77,250/- है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज है। जिसमें थाना पाटन ,शहपुरा, कंटगी, माढोताल एवं बरेला थाना में पंजीबध्द अपराध की जानकारी प्राप्त हुई है, बीजाडांडी पुलिस द्वारा अन्य थानो एवं जिलों से भी आपराधिक रिकार्ड एवं इस तरह के फ्राड के संबंध में जानकारी ली जा रहीं हैं।

### पुलिस टीम

एसडीओपी निवास के निर्देशन में निरीक्षक पी.के.मुवेल थाना प्रभारी बीजाडांडी, मनेरी चौकी प्रभारी उप निरी. कुंवर बिसेन, उप निरी पंकज विश्वकर्मा, प्र.आर. अभिषेक मिश्रा , नारायण उइके,आर. अनुपम, मुकेश म.आर. प्रियंका, सै.यजुवेन्द्र चौहान, साईबर सेल मण्डला का योगदान रहा । प्रकरण के खुलासे एवं आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

**मंडला पुलिस की अपील :** मंडला पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के लोन, योजना या सरकारी लाभ के नाम पर मांगी गई राशि अथवा दस्तावेज को किसी को न दें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल अपने नजदीकी थाना, सायबर सेल या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

**PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 22 जून रविवार को रीवा में**



रीवा। रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हर्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हर्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी & मेटाबॉलि'म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 22 जून 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक & डायग्नोस्टिक (*कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का ब ?ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का 'यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (नि:सन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बड़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता नि:सन्तानता, असमय बुड़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 4 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। advt.

# महिला सरपंच ने उपसरपंच पर चप्पल से किया हमला

**जागरण, मंडला ।** मंडला जिले की बिछिया जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ककैया एक बार फिर सुर्खियों में है। विगत दिवस महिला सरपंच ममता मरकाम ने उपसरपंच शिव प्रकाश ठाकुर पर चप्पल से हमला कर दिया। यह घटना एक नाई की दुकान में हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के समय सरपंच के पति फागू लाल भी मौजूद थे। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत ककैया में सरपंच और उपसरपंच के बीच पिछले तीन सालों से विवाद चल रहा है। इस आपसी खींचतान के कारण पंचायत के विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं, जिससे ग्रामीण भी अब इनसे त्रस्त हो चुके हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगभग हर विभाग में शिकायतें दर्ज कराई हैं। बताया गया कि विगत दिवस सरपंच और उपसरपंच के बीच हुए विवाद का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में उपसरपंच शिव प्रकाश ठाकुर एक नाई की दुकान में बैठे थे। इसी दौरान महिला सरपंच ममता मरकाम अपने पति फागू लाल के साथ वहां पहुंचीं और चप्पल लहराते हुए उपसरपंच पर हमला कर दिया। वीडियो में दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज भी स्पष्ट सुनाई दे रही है।

**दोनों पक्षों के अपने-अपने आरोप :** सरपंच और उपसरपंच के बीच का विवाद काफी पुराना है। सरपंच ममता मरकाम ने पहले भी उपसरपंच पर एट्रोसिटी और जाली हस्ताक्षर के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि उपसरपंच शिव प्रकाश ठाकुर हाल ही में एक मामले में जमानत पर रिहा हुए हैं। सरपंच के पति फागू लाल का कहना है कि गांव में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर उपसरपंच ने सरपंच के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। जब वे इसका विरोध करने गए तो उपसरपंच ने गाली-गलौज और मारपीट की। वहीं उपसरपंच शिव प्रकाश ठाकुर का कहना है कि वह निर्माण स्थल पर सामग्री का सैंपल लेने गए थे और वहां बाहरी मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान सरपंच और उनके पति आकर झगड़ा करने लगे।

**पुलिस कर रही है जांच :** बम्हनी थाना प्रभारी अरुण



प्रताप भदौरिया ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सरपंच और उपसरपंच के इस विवाद का असर गांव के विकास और ग्रामीणों पर पड़ रहा है।

## जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**डिंडोरी ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती नेहा मारव्या द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की प्रजनन अवधि को दृष्टिगत रखते हुए म.प्र. मत्स्य नीति के अंतर्गत आगामी 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध म.प्र. शासन के मछली पालन विभाग के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 6(1) के अंतर्गत लागू किया गया है।आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उक्त अवधि में किसी भी नदी, तालाब, जलाशय या अन्य जलस्रोतों में मछली पकड़ना या मत्स्य परिवहन पूर्णतः वर्जित रहेगा। यह निर्णय मछली प्रजातियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए अत्यंत आवश्यक है।उक्त अवधि में यदि कोई व्यक्ति इस नियम का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध एक वर्ष का कारावास अथवा 5,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों सजाएं दी जा सकती हैं।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन




**जागरण, मंडला ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग मण्डला के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजना किया गया। ग्राम पंचायत घुटास ब्लॉक मवई तह बिछिया में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालिकाओं का एच.बी. टेस्ट करवाया गया। तत्पश्चात बालिकाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता के साथ-साथ सेल्फी एवं हस्ताक्षर अभियान किया गया। उक्त कार्यक्रमों के बाद वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा लोगों को साइबर अपराध से बचने एवं साईबर सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों से भी लोगों को अवगत करा गया। तत्पश्चात वन स्टॉप सेंटर केसवर्कर साक्षी पटवा द्वारा सी- डेग महिला हेल्पलाईन 181 के बारे में लोगों को बताया। साथ ही पेरालीगल वॉलेंटियर शिखा श्रीवास्तव द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को दी जाने वाली सहायताओं एवं उनके सारथी अभियान के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात परियोजना अधिकारी मवई श्री ओमकार सिंह मसराम द्वारा पोषण से संबंधित जानकारी को लोगों के साथ साझा किया एवं एनीमिया से संबंधी जानकारी व खून की कमी के दौरान संतुलित आहार जैसे गुड़, चना, मूंगफली इत्यादि के बारे में बताया। वन स्टॉप सेंटर केसवर्कर सुश्री आशा नंदा द्वारा वन सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया साथ ही 100 डायल एवं 112 हेल्प लाईन नंबरों, 1098 चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर एवं 1090 महिला हेल्प लाईन नंबर के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन में प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई बालिकाओं को पुरूस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। साथ ही स्वछता अभियान के तहत् किशोरी बालिकाओं को सैनेटरी पैड का वितरण कर उनके उपयोग के बारे में भी बताया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण लोग, किशोरी बालिकाएं, जनप्रतिनिधि, परियोजना मवई से पर्यवेक्षक श्रीमती सुलोचना सैयाम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं व वन स्टॉप से बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरीशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।

## 20 लाख में घाट निर्माण के वक्त जिम्मेदार भूले नाली निर्माण या राशि का हो गया बंदरबांट



**डिंडोरी ।** आदिवासी बाहुल्य जिले में ग्राम विकास के लिए पंचायतों में आने वाली शासकीय धनराशि का जनपद से लेकर पंचायत तक के जिम्मेदार जमकर बंदरबांट करने पर आमादा हैं।ऐसा ही मामला है जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शाहपुर का जहाँ चंद महीने पहले विधायक निधि से 20 लाख रुपये की लागत से शाहपुर की घुनसी नदी में नदी के दोनों ओर घाट का निर्माण किया गया था लेकिन घाट निर्माण के दौरान उपयंत्री सहित ठेकेदार एवं सरपंच सचिव को घाट निर्माण स्थल के समीप नाला नहीं दिखा और 20 लाख में घाट निर्माण कर चलते बने अब यकायक तमाम जिम्मेदारों को नाले की सुध आ गई फिर क्या टाइड एन्ड टाइड की राशि से शासकीय राशि की हेराफेरी करने के लिए नली निर्माण का कार्य शुरू हो गया जबकि अगर सहायक यंत्री उपयंत्री एवं पंचायत के जिम्मेदार चाहते तो घाट निर्माण के 20 लाख रुपये से ही नाली का निर्माण किया जा सकता थालेकिन अब 15 वें वित्त की राशि से नाली का निर्माण किया जा रहा है सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार नदी में घाट निर्माण करने वाले ठेकेदार के द्वारा घाट निर्माण कार्य में लोहे की सरिया का उपयोग किये बिना ही घाट का निर्माण कर दिया गया है वहीं नाली निर्माण में लोहे का उपयोग किया जा रहा है अब घाट निर्माण में लोहे की सरिया का उपयोग करना उपयंत्री एवं ठेकेदार ने आवश्यक क्यों नहीं समझा इसका जवाब तो उपयंत्री ही दे सकते हैं ।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## कारोबारी हित टकराने से आई दोस्ती में दरार

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राहें अब अलग हो गई हैं। इस बार मुद्दा भारी-भरकम खर्च को लेकर है। मस्क लागत में कटौती और दक्षता में सुधार के लिए सरकारी प्रयासों की अगुआई कर रहे थे। उन्होंने सरकारी विभागों में कर्मचारियों की संख्या और खर्च में कटौती की वकालत की। दरअसल, ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने से पहले ही मस्क को यह अहम जिम्मेदारी सौंप दी थी। तब ट्रंप और मस्क की गहरी मित्रता से लगा था कि अमेरिका नए रास्ते पर चल प?ा है। मगर मार्ग में बाधाएं तब आनी शुरू हुईं, जब मस्क के कई फैसलों का अमेरिका में विरोध होने लगा। वहीं ट्रंप की नीतियों से उनके कारोबारी हित भी टकराने लगे। उनके बीच दोस्ती में पहली दरार तब दिखी, जब ट्रंप ने कृत्रिम मेधा से जुड़ी पांच सौ अरब डालर की योजना कुछ निवेशकों के साथ पेश की। इसके बाद मतभेद बढ़ते चले गए।

असल में यह विवाद इलेक्ट्रिक व्हीकल टैक्स क्रेडिट को लेकर है. मस्क की कंपनी टेस्ला को सरकार से मिलने वाली टैक्स छूटों का काफी लाभ मिलता रहा है। वर्तमान में जो नीति लागू है, वह बाइडेन सरकार की इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट के तहत है, लेकिन ट्रंप समर्थित नए टैक्स बिल में इस छूट को 2025 के अंत तक खत्म करने का प्रस्ताव है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर ये बदलाव लागू होते हैं तो टेस्ला को लगभग 1.2 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। मतलब एलन मस्क को नुकसान होगा।

मस्क ने पहले तो सांसदों को मनाने की कोशिश की कि वे इस बिल में टैक्स क्रेडिट को बचाए रखें, लेकिन जब बात नहीं बनी तो उन्होंने इस बिल को घृणित कह डाला।

> मस्क हमेशा विवादों में रहे। उनका कई मंत्रियों से नीतिगत विवाद हुआ। वहीं उनके आक्रामक कदम से ट्रंप प्रशासन में भी तनाव दिखा। सरकारी कर्मियों की छंटनी करने का खासा विरोध हुआ।

फिलहाल ताजा टकराव भारी-भरकम सरकारी खर्च पर है। इससे बजट घाटा बढ़ने का खतरा बताते हुए मस्क ने तीखे सवाल उठाए हैं।

मस्क हमेशा विवादों में रहे। सरकारी कर्मियों की छंटनी करने का खासा विरोध हुआ। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा। मस्क की नीतियों से चिंतित ट्रंप को कहना पड़ा कि नौकरियों के मामले सरकार की चलेगी, न कि मस्क की। आव्रजन नीति को बदलने या इसे खत्म करने के मुद्दे पर मस्क सहमत नहीं थे। उनके दबाव में पहली बार इस मसले पर ट्रंप को झुकना पड़ा था। उन्हें कहना पड़ा कि एच वन बी वीजा उनको पसंद है। कुछ समय पहले शुल्क और व्यापार के मसले पर भी उनके बीच मतभेद गहरा गए थे। ट्रंप के ठेस पहुंचाने वाले बयानों से भी मस्क का मोहभंग हुआ। सवाल है कि क्या अब मस्क के विरोध और सरकारी जिम्मेदारी छोड़ कर अलग हो जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप मनमाने फैसले करने और बड़बोलेपन से बचने का प्रयास करेंगे!

# भारत में विदेशी उद्यमियों की बढ़ती रुचि

अर्थव्यवस्था

प्रो अश्विनी महाजन

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल के सीइओ को धमकी दी कि कंपनी भारत में एप्पल फोन का उत्पादन बंद कर दे और इसके बदले एप्पल की फैक्ट्री अमेरिका में स्थानांतरित कर दे। इसके बावजूद एप्पल की सहयोगी कंपनी फॉक्सकॉन ने एप्पल आइफोन के उत्पादन के लिए भारत में 1.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। अब ट्रंप ने अमेरिका में आयातित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। ऐसा अमेरिका के बाहर एप्पल फोन के उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए किया गया है। पर ऐसा लगता है कि कंपनी इस संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति की बात मानने को तैयार नहीं है।

इसी तरह अमेरिका की टैरिफ घोषणा के बाद यूरोपीय आयोग ने भी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में भारत के साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा था कि वह रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखता है। यह देखने की बात है कि ट्रंप की नीतियां विश्व व्यापार के संदर्भ में हमारे लिए लाभकारी नहीं है। यह भी साबित हो चुका है कि बहुपक्षीय समझौते भारत जैसे विकासशील देशों के लिए शुभ नहीं है। ऐसे में, समय आ गया है कि जब अमेरिका जैसे विकसित देश डब्ल्यूटीओ की अवहेलना कर रहे हैं, तब हमें भी डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स समेत अन्य शोषणकारी समझौतों से बाहर आने की रणनीति के बारे में सोचना चाहिए. ध्यातव्य है कि डब्ल्यूटीओ से पहले, भारत लगभग 10,000 वस्तुओं के आयातों पर मात्रात्मक नियंत्रण (क्यूआर) लगाता था, लेकिन डब्ल्यूटीओ समझौतों के कारण वह संभव नहीं रहा. डब्ल्यूटीओ के विघटन के बाद अब मात्रात्मक नियंत्रण लगाना संभव हो सकेगा, जिससे हमारे लिए अपने उद्योगों को संरक्षित एवं संवर्धित करना संभव हो सकेगा। पूर्व में रोजगार सृजन के उद्देश्य से लगभग एक हजार वस्तुओं के उत्पादन को लघु उद्योगों के लिए आरक्षित रखा गया था, लेकिन डब्ल्यूटीओ के अंतर्गत चूंकि विदेशों से हर



> एक तरफ जहां ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाये जा रहे हैं और डब्ल्यूटीओ नियमों को दरकिनार किया जा रहा है, वहीं नये परिप्रेक्ष्य में नयी संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने और चीनी सामान पर अमेरिका और यहां तक कि यूरोपीय देशों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की रुकावटें लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई हैं।

प्रकार की वस्तु के आयात को अनुमति अनिवार्य है, ऐसे में लघु उद्योगों के आरक्षण की नीति अप्रभावी हो गयी, और यह आरक्षण धीरे-धीरे समाप्त कर दिया गया। अमेरिका की हठधर्मिता के चलते, यदि डब्ल्यूटीओ समाप्त होता है, तो वैसी स्थिति में हम आरक्षण की नीति फिर से लागू कर अपने छोटे उद्योगों की रक्षा और संवर्धन के लिए कुछ ऐसे उत्पादों को छोटे उद्योगों के लिए आरक्षित कर, विकेंद्रीकरण और रोजगार सृजन के लिए बड़ा प्रयास कर सकते है।

अब जब ट्रंप ने दुनियाभर से आयात पर टैरिफ लगा दिया है, तब हमें इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की रणनीति बनानी होगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिन्हें लाभ हो सकता है, क्योंकि हमारे निर्यात को अमेरिका में नये बाजार मिल सकते हैं, जबकि चीन के निर्यात को ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाये गये उच्च पारस्परिक टैरिफ के कारण नुकसान हो सकता है, साथ ही, चूंकि यूरोपीय संघ और अन्य देश वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नयी साझेदारी के लिए आगे आ रहे हैं, ऐसे में, रक्षा जैसे क्षेत्रों में हमें बहुत लाभ हो सकता है। नये परिदृश्य में भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के साथ अपना विदेशी व्यापार बढ़ाना चाहिए। हालांकि, अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समय अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जानी चाहिए, खासकर हमारे किसानों और छोटे उद्यमियों की। हमने देखा है कि पिछले दस वर्षों में सरकार व्यापार समझौतों पर बातचीत करते समय किसानों के हितों और उनकी आजीविका की रक्षा कर रही है, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से कृषि को बाहर करना हो, या डेयरी और कृषि पर इसके प्रतिकूल प्रभाव की चिंताओं के कारण क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीइपी) से बाहर आना हो. जहां तक कृषि और लघु उद्योग का सवाल है, तो इस नीति को जारी रखने की जरूरत है, खासकर जहां किसानों और श्रमिकों की आजीविका प्रभावित हो रही हो. इसके अलावा, भारतीय रुपये में विदेशी व्यापार को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयास सराहनीय है। हालांकि, यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए कि स्विफ्ट जैसी पश्चिमी प्रणाली को हमारे देश पर दबाव बनाने के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल न करने दी जाये। पूरी दुनिया भू-आर्थिक विखंडन के दौर से गुजर रही है और इस परिदृश्य में 'राष्ट्र प्रथम' की नीति सफलता की कुंजी है। एक तरफ जहां ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाये जा रहे हैं और डब्ल्यूटीओ नियमों को दरकिनार किया जा रहा है, वहीं नये परिप्रेक्ष्य में नयी संभावनाएं भी जन्म ले रही है। चीन पर अधिक शुल्क लगाने और चीनी सामान पर अमेरिका और यहां तक कि यूरोपीय देशों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की रुकावटें लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई है। यूरोपीय देश, जो भारत से सामान्यतः प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अन्य प्रकार के सहयोग से बचते थे, अब भारत को प्रतिरक्षा के क्षेत्र में भी वैश्विक मूल्य श्रृंखला में शामिल करने के लिए आतुर हो रहे है। ट्रंप द्वारा एप्पल को भारत में निवेश करने हेतु बारंबार मना करने के बावजूद फॉक्सकॉन द्वारा, जो एप्पल कंपनी के आइफोन उत्पादन में मुख्य भूमिका रखती है, 1.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा इस बात का संकेत है कि वैश्विक कंपनियां अब भारत को एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य मान रही है। यही नहीं, हाल ही में पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु भारत द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में ब?ने की पूरी संभावना है. आने वाले वर्षों में लड़ाकू विमानों समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिरक्षा सामान के उत्पादन में निवेश बढ़ने की पूरी संभावनाएं है। यही नहीं, भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत की नीति भी देश में निवेश बढ़ाने में खासी सहयोगी सिद्ध हो रही है. समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो अथवा पाकिस्तान द्वारा आतंकी गतिविधियों को प्रश्रय देने के खिलाफ भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गयी कार्रवाई, ये सभी देश में उत्पादन और निवेश के नये अवसर के रास्ते खोल रहे है। चीन के प्रति शेष दुनिया की विमुखता, भारत के वैज्ञानिकों और उद्यमियों के प्रयासों और दुनिया की भारत के प्रति बढ़ती रुचि- ये सब भारतीय अर्थव्यवस्था में नयी उम्मीदों का कारण बन रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# इन्फ्लुएंसर की दुनिया- चकाचौंध की चाहत ले जा रही उजालों से दूर

इन्फ्लुएंसर

अद्वैता काला

हरियाणा की रहले वाली ट्रैवल व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा की हाल ही में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हुई गिरफ्तारी ने देश के सुरक्षा प्रतिष्ठानों और समाज में भी खलबली मचा दी है। चुलबुली ज्योति या जो, जिस नाम से वह सोशल मीडिया पर जानी जाती है, एक औसत यूट्यूबर इन्फ्लुएंसर के रूप में सामने आती है, जो अब तक स्वतंत्रता और अपने अनुभवों पर आधारित जिंदगी जी रही थी। लेकिन अब जैसा हम देख रहे हैं, यह मामला यूट्यूबरों की दुनिया के अंधेरे पक्षों को उजागर करता है, जो इन्फ्लुएंसर की पहचान और पैसे से जुड़ा है। यह मामला सोशल मीडिया, राजसी जीवन की चाह और राष्ट्रीय सुरक्षा के जटिल त्रिकोण को इंगित करता है। इससे यह भी स्पष्ट है कि डिजिटल युग जासूसी और सामाजिक व्यवहार के पारंपरिक प्रतिमानों को कैसे बदल रहा है।

मल्होत्रा की प्रोफाइल समकालीन आदर्श के अनुरूप है - एक युवा जीवनशैली-उन्मुख यात्री,?जो अपनी यात्राओं का रिकॉर्ड रखने के लिए यूट्यूब, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नेपचैट जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करती है। सुनने में यह बेहद सरल और सामान्य लगता है। पाकिस्तान की यात्राओं को प्रदर्शित करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाली उसकी सामग्री (कंटेंट), सौम्य पर्यटन और सांस्कृतिक रुचि के साथ मेल खाती?प्रतीत होती है। हालांकि, पूर्व सुरक्षा विशेषज्ञ जोर देते हैं कि इस तरह की खुली गतिविधियों का इस्तेमाल गुप्त अभियानों के लिए किया जा सकता है और कथित तौर पर उसके मामले में ऐसा ही हुआ। धारणाओं के वैश्विक युद्ध में पाकिस्तान जैसे नाम मात्र के लोकतांत्रिक और नापाक इरादों वाले देश इन इन्फ्लुएंसरों को आसानी से उपलब्ध वस्तु के रूप में देखते हैं, जिनका इस्तेमाल लोगों की सोच को आकार देने में किया जा सकता है।



> ज्योति मल्होत्रा का मामला एक इन्फ्लुएंसर की दुनिया के अंधेरे पक्षों को उजागर करता है। यह सोशल मीडिया, राजसी जीवन की चाह और राष्ट्रीय सुरक्षा के जटिल त्रिकोण को दर्शाता है। इससे यह भी स्पष्ट है कि डिजिटल युग जासूसी और सामाजिक व्यवहार के पारंपरिक प्रतिमानों को कैसे बदल रहा है।

ज्योति मल्होत्रा का मामला एक सामाजिक बदलाव का उदाहरण है, जहां व्यक्ति अपनी पहचान खुद चुनते हैं और दूसरों को आकर्षित व प्रभावित करने के लिए एक जीवनशैली अपनाते हैं, और जिनमें से कुछ विदेशी एजेंसियों के हाथों के मोहरे बन जाते हैं। आरोप यह भी है कि ज्योति को न केवल संसाधन के रूप में विकसित किया गया, बल्कि वह अन्य भारतीय यूट्यूबरों को भी पाकिस्तानी एजेंटों के संपर्क में लाई। गिरफ्तारी के बाद उसके वीडियो देखने से ही महसूस होता है कि उसकी सोशल मीडिया गतिविधि व्यक्तिगत न होकर साजिशन थी। पाकिस्तान को एक अनुकूल रोशनी में दिखाने वाले कंटेंट का निर्माण धारणाओं को प्रभावित करने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। उसका मामला 'सामाजिक अंतर्निहितता' की समाजशास्त्रीय अवधारणा को रेखांकित करता है, जहां व्यक्तिगत संबंध और सांस्कृतिक जुड़ाव लोगों पर असर डालने के माध्यम के रूप में काम कर सकते हैं। इस्लामाबाद, लाहौर और बाली की उसकी यात्राएं एक ऐसी जीवनशैली की ओर इशारा करती हैं, जो आरामदेह तो लगती है, लेकिन पर्दे के पीछे खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। कमाई से कहीं ज्यादा प्रभावशाली जीवनशैली इन्फ्लुएंसरों के जीवन का एक अजीब पक्ष है। यूट्यूब वीडियो से जीविकोपार्जन होता है, लेकिन छवि के अनुरूप जीवनशैली को पेश करने का दबाव झेलने के लिए पैसे की जरूरत होती है। ज्योति जैसे लोग इस मामले में बेहद संवेदनशील होते हैं। पैसा, रोमांटिक रिश्ता, पाकिस्तानी, जोखिम इत्यादि मिलकर एक युवा और स्वतंत्र महिला के लिए आकर्षक कॉकटेल तैयार करते हैं। आगे की जांच से पूरी सच्चाई तो सामने आ ही जाएगी, लेकिन यह सच है कि ये प्लेटफॉर्म एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, जहां व्यक्तिगत कहानियों, भावनात्मक बंधनों और सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शन की वस्तु बना दिया जाता है, जिनमें सच्चाई अक्सर धुंधली होती जाती है।

पाकिस्तान उच्चायोग के इफ्तार में उसकी भागीदारी और पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस पर सार्वजनिक टिप्पणियां सांस्कृतिक कूटनीति के जटिल प्रदर्शन को ही दर्शाती हैं। पहचान की राजनीति के समाजशास्त्रीय विचार में गुंथा पहलू लोगों को जासूसी जैसे नापाक उद्देश्यों की ओर प्रोत्साहित करता है। पूरे मामले को लेकर यह दृष्टिकोण कुछ अजीब लग सकता है। दरअसल, आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, वह बदल गई है, जहां सफलता और संपन्नता को संपत्ति, जीवनशैली, जुड़ाव और यात्रा के लेंस से देखा जा सकता है, जो आपको 'क्लिक' दिलाता है और यही जेल तक भी पहुंचा सकता है।

प्रसंगवश

## भारत की बहुआयामी प्रगति, समृद्धि और सम्मान के 11 वर्ष

डॉ. मोहन यादव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। इस यात्रा में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को विश्व में मान, सम्मान और श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री जी की यह यात्रा देश की बहुआयामी प्रगति, समृद्धि और सम्मान की यात्रा है। इसमें एक ओर भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है, देश का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है और भारत अब डिफेंस इम्पोर्टर से एक्सपोर्टर बन गया है। वहीं 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्यप्रदेश और प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस विशेष संयोग में प्रदेश ने नवाचारों के साथ विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN) के सम्मान का मंत्र दिया। उन्होंने इन्हीं चार स्तंभों के समग्र विकास से वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का मार्ग बताया। हमने इन्हीं स्तंभों पर केन्द्रित मिशन बनाकर कार्य आरंभ कर दिया है। प्रधानमंत्री ने निरंतर अपने संकल्पों की सिद्धि के साथ देश को आगे बढ़ाया है और राष्ट्र तथा समाज के उत्थान के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिये हैं।

> प्रधानमंत्री ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी इन्हीं चार स्तंभों के समग्र विकास से वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का मार्ग बताया।

स्वच्छ भारत अभियान के आह्वान पर पूरा देश स्वच्छता एवं साफ सफाई में जुट गया। प्रदेश के इंदौर को लगातार सात बार स्वच्छ शहर का पुरस्कार और मध्यप्रदेश को दूसरा सबसे स्वच्छ राज्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री जी ने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का उद्घोष किया। सबके स्वस्थ और सुखमय जीवन के लिए 'आयुष्मान भारत' अभियान चलाया। कोरोना काल में आपदा में अवसर का मंत्र देते हुए प्रधानमंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत निर्माण का संकल्प दिया और देशवासियों को स्वदेशी निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध करवाई। जनधन योजना से 55 करोड़ से अधिक लोगों को वित्तीय धारा से जोड़ा गया। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 7.7 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड तथा फसल बीमा से अन्नदाताओं को संबल मिला है। देशभर में लगभग 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। देश में 90 लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हुई हैं इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। मध्यप्रदेश में लगभग 5 लाख स्व सहायता समूहों से 62 लाख महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। आर्थिक नीतियों, विशेषकर नोटबंदी, डिजिटलाइजेशन और यूपीआई से ऑनलाइन लेनदेन का चलन बढ़ा। विरासत को सहेजने के लिए उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास और पुनर्प्रतिष्ठा का कार्य आरम्भ किया तथा इसे धार्मिक पर्यटन से जोड़ा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमने मध्यप्रदेश में विकास के साथ विरासत के संकल्प को आत्मसात किया और भव्य और दिव्य महाकाल महालोक का निर्माण किया। श्रीराम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय निर्माण और विक्रमोत्सव का आयोजन किया है। प्रदेश को केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल रिवर लिंक परियोजनाओं की सौगात मिली है। आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए श्री मोदी जी ने लोकल फॉर वोकल और ग्लोबल का आह्वान किया। मध्यप्रदेश में हमने प्रत्येक क्षेत्र के विशिष्ट उत्पादों के अनुरूप उद्योग स्थापित करने का नवाचार प्रारंभ किया है। इसके लिए पहले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव फिर महानगरों और विदेशों में रोड शो तथा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के बाद अब सेक्टर आधारित समिट के विस्तार का उपक्रम शुरू किया है। प्रधानमंत्री जी ने इसरो के वैज्ञानिकों से स्वयं चर्चा की परिणाम यह है कि भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान तकनीक विश्व में अग्रणी बनी और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया। कनेक्टिविटी से विकास को गति प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री जी ने सड़क और रेल नेटवर्क का विस्तार, 23 शहरों में मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति, बंदरगाह, हवाई मार्ग, हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण के लक्ष्य को स्वरूप प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है स्वतंत्रता के 100वें वर्ष यानी 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना और विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से मध्यप्रदेश प्रगति के साथ नया इतिहास रच रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के नये भारत निर्माण लक्ष्य को सार्थक करने में मध्यप्रदेश की अग्रणी भूमिका रहेगी।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

### ॥गीता॥



**श्लोक : अष्टौ गुणा पुरुषं दीपयंति प्रज्ञा सुशीलत्वदमौ श्रुतं च।
पराक्रमश्चबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च॥**

**भावार्थ** : आठ गुण मनुष्य को सुशोभित करते है बुद्धि, अच्छा चरित्र, आत्म-संयम, शास्त्रों का अध्ययन, वीरता, कम बोलना, क्षमता और कृतज्ञता के अनुसार दान।

जीवन दर्शन

## दुखों के तीन मूल कारण त्रिविध ताप

मनुष्य जब जन्म लेता है, तो उसे सुख और दुख दोनों मिलता है। सुख तो लोग आनंदपूर्वक सेलीब्रेट करते हैं लेकिन दुःख उनके लिए कठिन हो जाता है और यहीं उनके जीवन में अध्यात्म का प्रवेश होता है, जो उन्हें दुखों को समझने और उनसे मुक्ति पाने का मार्ग बतलाता है। इन्हीं दुखों से जुड़ा अध्यात्म और दर्शन में एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है - त्रिविध ताप, जो बताता है कि जीवन में जो भी पीड़ाएं या दुन्ख हमें भोगने पड़ते हैं, वे मूलतः तीन प्रकार के होते हैं। मनुष्य शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तीन प्रकार के दुखों से गुजरता है, जिन्हें त्रिविध ताप कहा जाता है। त्रिविध ताप के तीन प्रकार हैं- आध्यात्मिक



ताप, आधिभौतिक ताप और आधिदैविक ताप। आध्यात्मिक ताप व्यक्ति के अपने शरीर और मन से उत्पन्न होता है। त्रिविध ताप से मुक्ति के उपायों में ध्यान, जप, योग, आत्मचिंतन और जीवन में धर्म और नैतिकता का पालन शामिल हैं। यह ताप व्यक्ति के अपने शरीर और मन से उत्पन्न होता है। इसमें शारीरिक कष्ट जैसे कि बुखार, सिरदर्द, चोट, बीमारी आदि और मानसिक ताप जैसे कि चिंता, शोक, क्रोध, ईर्ष्या, भय आदि आते हैं। मन और शरीर के विकारों से उत्पन्न यह ताप सबसे सामान्य है और जीवन में बार-बार अनुभव होता है। इसे संतुलित जीवनचर्या, उचित आहार-विहार और मानसिक साधना से नियंत्रित किया जा सकता है।

**भौतिक कष्ट-** यह ताप बाहरी भौतिक कारणों से उत्पन्न होता है। जैसे कि शत्रु का आक्रमण, चोरी, दुर्घटनाएं, हिंसक जीवों द्वारा हानि आदि। यह ताप तब होता है जब बाह्य दुनिया से कोई संकट व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है।

**दैविक कष्ट-** यह ताप उन कारणों से होता है जो मनुष्य के नियंत्रण से बाहर हैं। जैसे कि प्रकृति का प्रकोप यानि भूकंप, तूफान, अतिवृष्टि, सूखा, महामारी आदि या फिर दैविक या खगोलीय प्रभाव जैसे कि ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति, कर्मों का फल आदि। इस ताप को सहन करना सबसे कठिन होता है, क्योंकि यह व्यक्ति के प्रयासों से टल नहीं सकता। ऐसे में केवल धैर्य, श्रद्धा और आत्मसमर्पण ही सहायक होते हैं।

**चंदा कुमारी**

## संक्षिप्त खबरें

### बेहतर वातावरण के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा है कि अगली पीढ़ी को बेहतर वातावरण मिले, इसके लिए हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। हर बूथ पर पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। डॉ. सिंह रविवार को राजधानी के अरेरा मंडल के वार्ड 49 के बूथ क्रं. 184 स्थित अशोक सोसाइटी मैदान परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत होना होगा। प्रदेश के सहप्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रारंभ कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का मौका दिया है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का यह अभियान आज पूरे देश में जनआंदोलन बन चुका है। हमें 2 महीने अपने-अपने घरों एवं सार्वजनिक जगहों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण से जुड़ना है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, मंडल अध्यक्ष, पार्षद सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसान भी कर सकेंगे बिजली का उत्पादनः शुक्ल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि सरकार छोटे निवेशकों के साथी किसानों को भी बिजली उत्पादन का अवसर मुहैया कराएगी। इससे किसान भी बिजली का उत्पादन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य मित्र कृषक फीडर योजना के तहत शासन द्वारा किसानों से 25 वर्षों तक का विद्युत क्रय अनुबंध किया जाएगा। शुक्ला रविवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस योजना के जरिए किसान निवेश कर बेहतर लाभ अर्जित कर सकते हैं। योजना में विद्युत सब स्टेशन की 100 प्रतिशत क्षमता तक की सौर परियोजनाओं को स्थापित करने का सरकार ने निर्णय लिया है। वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। योजना से किसानों को दिन में भी सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में भी योजना कारगर साबित होगी। मंत्री शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में अद्यतन 80 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

# पांच साल के अनुभव वाले कार्यकर्ता बनेंगे जिलाध्यक्ष, 6 नामों का पैनल होगा तैयार

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने पर्यवेक्षकों को बताई गाइडलाइन, जातिगत समीकरण पर भी रहेगी नजर

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस भी अब अपने संगठन की कमान यूथ कार्यकर्ताओं के हाथ सौंपने की तैयारी में है। देश के अलग-अलग प्रांतों से आए पर्यवेक्षकों को साफ तौर पर कहा गया है कि उनके पैनल में ऐसे कार्यकर्ताओं के ही नाम हों, जो कम से कम 5 साल से कांग्रेस में सक्रिय हैं और उनकी उम्र 35 से 45 वर्ष तक हो। गौरतलब है कि कांग्रेस ने अपने संगठन को मजबूत बनाने और जिलाध्यक्षों का चयन करने के लिए देश के अलग-अलग प्रांतों से 61 ऑब्जर्वर को मध्यप्रदेश भेजा है। उनके साथ पीसीसी द्वारा तय सह पर्यवेक्षक भी मैदान में पहुंच गए हैं। प्रत्येक जिले में 3 लोगों की टीम भेजी गई है,जो तय मापदंड के अनुरूप जिलाध्यक्षों का नामों का पैनल तैयार करेंगे। प्रत्येक जिले से 6 कार्यकर्ताओं के नाम पैनल में होंगे। जिन्हें दिल्ली भेजा जाएगा। इस पैनल के नामों को लेकर प्रदेश के संगठन प्रभारी हरीश चौधरी,पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की भी राय ली जाएगी। इसके उपरांत एआईसीसी 3 नामों का पैनल तैयार करेंगी, जिन्हें



दिल्ली में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। बताया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया 30 जून तक पूरी कर ली जाएगी। रविवार को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने इन सभी ऑब्जर्वर्स से ऑनलाइन बात की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। चौधरी ने कहा कि पैनल में उन्हीं कार्यकर्ताओं के नाम शामिल किए जाए,जिन्हें कम से कम 5 साल पार्टी में काम करने का अनुभव है और उनकी उम्र भी 35 से 45 वर्ष के मध्य हो। इससे अधिक उम्र का कोई भी नाम जिलाध्यक्षों के पैनल में नहीं होना चाहिए। इस ऑनलाइन बैठक में पीसीसी चीफ पटवारी के अलावा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी शामिल रहे। हालांकि चौधरी ने यह भी कहा कि यदि किसी जिले में उपयुक्त कार्यकर्ता नहीं मिलता है और वहां पर विचारधारा से जुड़ा सशक्त वरिष्ठ कार्यकर्ता अपनी दावेदारी करता है, तो ऐसे मामले में उनका नाम विशेष परिस्थितियों के रूप में शामिल किया जा सकता है। लेकिन उसके लिए यह अनिवार्य होना चाहिए कि वह तकनीकी फ्रेंडली हो और सोशल मीडिया में लगातार सक्रिय रहता हो।

### पैनल में सभी वर्ग से होंगे नाम

बताया गया है कि पर्यवेक्षकों द्वारा 6 नामों को जो पैनल तैयार किया जाएगा, उसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व होगा। यानि कि एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिला वर्ग से नाम होंगे। पर्यवेक्षक जिलों की जातिगत समीकरण का भी ध्यान देंगे,यानि कि जिलों में कौन सी जाति के लोग चुनावी परिणाम में निर्णायक भूमिका निभाते है। पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट में सभी तरह के डेटा के साथ नामों का पैनल पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे।

# पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह पर गिर सकती है निलंबन की गाज

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज लक्ष्मण सिंह पर निलंबन की गाज गिरना लगभग तय माना जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने उनके निलंबन का प्रस्ताव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेज दिया है। जिस पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्णय लेना है।



गौरतलब है कि पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने 24 अप्रैल को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर भी आतंकवादियों से मिलने होने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि राहुल और रॉबर्ट वाड्रा ने बयानों की वजह से पार्टी को बहुत नुकसान होता है। आखिर ये बचपना हम कब तक झेलते रहेंगे। राहुल गांधी को सोच समझकर बयान देना चाहिए वे नेता प्रतिपक्ष है। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस को राजनीतिक असहजता का सामना करना पड़ा था। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने लक्ष्मण सिंह को नोटिस थमा दिया था और उनसे 10 दिन में जवाब मांगा था। बताया गया है कि अनुशासन समिति लक्ष्मण सिंह के बयान से संतुष्ट नहीं है और समिति ने उन्हें निलम्बित करने की अनुशंसा का पत्र राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा है। जानकारों का माने तो इस संबंध में कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष तारिक अनवर ने लक्ष्मण सिंह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि ऐसे बयानों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। पार्टी की छवि और अनुशासन के लिए सिंह को छह साल के लिए निष्कासित किया जाना चाहिए। दरअसल लक्ष्मण सिंह एआईसीसी सदस्य है,ऐसे में नियमानुसार उनके निलंबन के बारे में राष्ट्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा।

# सांची डेयरी के एनडीडीबी में हुए विलय को लेकर कांग्रेस-भाजपा में तकरार

## जीतू ने अमित शाह को लिखा पत्र, अग्रवाल बोले-सरकार किसानों के साथ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह को सांची डेयरी को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि सांची का राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) में विलय करने का निर्णय दुग्ध उत्पादक किसानों के हित के खिलाफ है। इस पर



भाजपा ने जीतू पर एक और झूठ परोसने का आरोप लगाया है। जीतू पटवारी ने अमित शाह को लिखे पत्र में कहा है कि एनडीडीबी में सांची के विलय होने के बाद उसके दूध संकलन, बिक्री और समितियों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। इंदौर जिले में दूध संकलन वर्ष 2023 के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत घटा है। इसी तरह वहां की दूध की बिक्री 1.56 लाख लीटर से घटकर 1.51 लाख लीटर हो गई है। उन्होंने पत्र में लिखा कि सांची पार्लर योजना भी अव्यवस्थाओं की शिकार है। इंदौर संभाग में 257 आवेदन पार्लर संचालित करने के लिए लंबित है,लेकिन केवल 31 पार्लर ही प्रारम्भ हो सके। इससे साफ है कि सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित है। उन्होंने एनडीडीबी की भूमिका की स्वतंत्र जांच समिति से कराने का आग्रह भी किया है। जिससे एनडीडीबी के जरिए निजी दूध डेयरियों को बढ़ावा देने की साजिश को रोका जा सके।

### सांची को बदनाम नहीं करें: अग्रवाल

पीसीसी चीफ के आरोपों का जवाब प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि झूठ के झुनझुने को बजाकर सांची को बदनाम न करें। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में



भाजपा सरकार मध्यप्रदेश के दुग्ध उत्पादक किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हर ग्राम पंचायत में दुग्ध कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को दूध बेचने में सीधी सुविधा मिल रही है। दुग्ध समितियों की संख्या में वृद्धि के साथ उनकी प्रोसेसिंग क्षमता को भी मजबूत किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक दूध का समुचित उपयोग हो सके। श्वेत क्रांति मिशन के तहत 2500 करोड़ के निवेश से हर जिले में मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट और चिलिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। अग्रवाल ने आगे लिखा कि एनडीडीबी के साथ साझेदारी कर सांची ब्रांड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। नए सांची पार्लर तेज़ी से खोले जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करेंगे। तकनीकी और प्रबंधन विशेषज्ञों की सहायता से दुग्ध संघों को आधुनिक व कुशल बनाया जा रहा है। जिससे उत्पादन लागत घटेगी और गुणवत्ता बेहतर होगी किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत शिकायत निवारण प्रणाली विकसित की जा रही है। प्रशिक्षण, उन्नत तकनीक और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देकर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

### हथकड़ी सहित भागे दोनों आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, खरगोन।** जैतापुर थाने से हथकड़ी सहित फरार हुए पंजाब के दो आरोपियों को पुलिस ने जालंधर से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस को पांच दिन तक रिक्शा चलाना और गन्ने का रस बेचना पड़ा। दरअसल वीरपाल (28) और जगविंदर सिंह (19) को 30 मई को गोपालपुरा से दो अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया था। अगले दिन तड़के 3.45 बजे दोनों आरोपी हथकड़ी सहित बाथरूम जाने का बहाना बनाकर फरार हो गए। तब से पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। इनकी गिरफ्तारी पर एसपी धर्मराज मीणा ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था। जिसे बाद में निमाड़ रेंज के डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा ने बढ़ाकर 20 हजार कर दिया था।

# कराटे को गांव, स्कूल और प्रत्येक युवा तक पहुंचाएंगे

**नई दिल्ली।** कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई), जो कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त कराटे का एकमात्र राष्ट्रीय शासी निकाय है, ने डॉ. पंकज शुक्ला को अपना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति कराटे के क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती, ग्रामीण युवाओं की भागीदारी, और खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. पंकज शुक्ल एक प्रख्यात समाजसेवी, ग्रामीण नवाचारकर्ता और समृद्ध ग्राम, समृद्ध भारत अभियान के सूत्रधार हैं। उन्होंने ग्राम्य आंदोलन के माध्यम से देश के पिछड़े और जनजातीय अंचलों में हजारों युवाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में उनका उद्देश्य कराटे को गांव-गांव तक पहुँचाना, खेल के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करना है। डॉ. पंकज शुक्ल ने कहा, कराटे सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यह युवा वर्ग में आत्मबल, अनुशासन और नेतृत्व की भावना को जागृत करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' विज़न को साकार करने के लिए हम कराटे को प्रत्येक गाँव, प्रत्येक विद्यालय और प्रत्येक युवा तक पहुँचाएंगे। डब्ल्यूकेएफ केएआई को विश्वास है कि डॉ. शुक्ल के नेतृत्व में कराटे न केवल एक खेल के रूप में, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में उभरेगा। केएआई भारत का एकमात्र कराटे महासंघ है जिसे भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह विश्व कराटे महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) और एशियन कराटे महासंघ (एकेएफ) से भी संबद्ध है। केएआई का उद्देश्य कराटे को राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाना और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना है।



डॉ. पंकज शुक्ल केएआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

# ट्रैवल इंडिया टूरिज़्म प्रा.लि.के नए शाखा कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**भोपाल।** ट्रैवल इंडिया टूरिज़्म प्राइवेट लिमिटेड ने रविवार को अपने नए शाखा कार्यालय का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम राजधानी भोपाल में संपन्न हुआ। इस भव्य उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला थे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रैवल इंडिया टूरिज़्म प्रा.लि.के प्रबंध निदेशक महेन्द्र प्रताप सिंह ने की। अपने उद्घाटन भाषण में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला एक अहम क्षेत्र है और ट्रैवल इंडिया टूरिज़्म जैसी कंपनियों की भूमिका इसमें अत्यंत सराहनीय है। यह नया कार्यालय न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगा बल्कि प्रदेश में पर्यटन को भी नई दिशा देगा। शैव शेखर शुक्ला ने पर्यटन क्षेत्र में तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश सरकार निजी क्षेत्र के ऐसे प्रयासों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। इस अवसर पर कई प्रमुख उद्योग प्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। ट्रैवल इंडिया टूरिज़्म प्रा.लि.के प्रबंध निदेशक महेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहाकि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। हम मध्य प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं को पहचानते हैं और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# केरल के पद्मनाभस्वामी मंदिर में 270 साल बाद 'महाकुंभाभिषेकम'



**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** पद्मनाभस्वामी मंदिर में रविवार को 'महाकुंभाभिषेकम' का आयोजन किया गया। यह आयोजन 270 साल बाद हुआ है। महाकुंभाभिषेकम का मुख्य समारोह सुबह 7.40 से 8.40 बजे के बीच हुआ। इसमें 'थाझिकाकुडम' (शिखर गुंबदों) की प्रतिष्ठापना, 'विश्वक्सेन' की मूर्ति की पुनः प्रतिष्ठापना और 'अष्टबन्धकलशम' जैसे प्रमुख अनुष्ठान शामिल थे। यह आयोजन सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त विशेषज्ञ समिति के 2017 के निर्देशों के तहत किए नवीकरण कार्यों के बाद हुआ। कोविड-19 महामारी के कारण इसमें विलंब हुआ था, लेकिन 2021 से कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूरा किया गया। यह आयोजन मंदिर के इतिहास में मील का पत्थर है और भक्तों



के लिए दुर्लभ अनुभव प्रदान करता है। मंदिर प्रबंधक बी. श्रीकुमार के अनुसार, इस अनुष्ठान का उद्देश्य मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा को पुनः जागृत करना और उसकी पवित्रता को मजबूत करना है। श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में भगवान विष्णु नाग शय्या पर विराजमान हैं और यह तिरुवनंतपुरम शहर की पहचान है।

# हवाई यात्रियों के लिए दर्शनीय स्थल बना चिनाब पुल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर की चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा एकल मेहराब वाला चिनाब पुल हवाई यात्रियों के लिए भी एक खास दृश्य बन गया है। 6 जून को उद्घाटन के बाद, दो ही दिनों में 10,000 से अधिक हवाई यात्रियों ने इस पुल को हवा से देखा है। अब श्रीनगर और जम्मू की उड़ानों में पायलट बीच आसमान में यात्रियों को यह पुल दिखाते हुए इसकी घोषणा भी कर रहे हैं। समुद्र तल से 359 मीटर ऊंचा यह पुल एफिल टावर और कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। इसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर और मुख्य मेहराब की लंबाई 467 मीटर है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना का यह हिस्सा 266 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा झेलने में सक्षम है। पुल के आसपास के गांवों और पहाड़ी इलाकों के लोग भी बड़ी संख्या में इस पुल को देखने आ रहे हैं। बहुत से लोग अपने मोबाइल से लाइव स्ट्रीमिंग कर रहे हैं।

### हवाई जहाज से नजर आता है दृश्य

रेल मंत्रालय के सूचना निदेशक दिलीप कुमार बताते हैं कि अब जैसे ही विमान जम्मू-कश्मीर की घाटियों में पहुंचता है, पायलट घोषणा करते हैं- 'नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब ब्रिज दिखाई दे रहा है।' यह सुनकर यात्री उत्साह में भर जाते हैं और खिड़की से झांकने लगते हैं।

### यात्रियों में गर्व और रोमांच

श्रीनगर जा रहे एक यात्री शुभम ने बताया, 'जैसे ही पायलट ने घोषणा की, मेरा 11 साल का बेटा झूम उठा और फोटो खींचने लगा। मेरी पत्नी ने भी तस्वीर ली। यह पुल अब एक बड़ी आकर्षण बन गया है।' उन्होंने सुझाव दिया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेल मंत्री को पुल के पास एक देखने का स्टेशन बनवाना चाहिए, जिससे पर्यटक नीचे उतरकर तस्वीरें ले सकें।

# सायता गांव में घुसा तेंदुआ बछड़े का किया शिकार

**जागरण, खरगोन।** जिले की नर्मदा पट्टी नावडाटोड़ी क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही है। इस कारण लोगों में दहशत है। दरअसल शनिवार की रात को सायता गांव में तेंदुआ एक खलिहान में घुस गया और उसने वहां बंधे बछड़े को मार डाला। पीड़ित किसान रामलाल मालवीय ने बताया कि बछड़े के गले में रस्सी बंधी हुई थी। तेंदुए ने सिर और पैर छोड़कर बछड़े का पूरा शरीर खा लिया।



**वन विभाग ने लिया संज्ञान :** कसरावद फॉरेस्ट एसडीओ एसके सयदे ने मौके की जानकारी लेकर किसान को सरकारी मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि तेंदुए पकड़ने के लिए जल्द ही क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाएगा और लोगों को राहत प्रदान की जाएगी। सायता गांव के आसपास केले की खेती है और खेत घरों से सटे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की मौजूदगी से रात में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और वे जरूरी कार्य के अलावा किसी भी कार्य के लिए बाहर नहीं निकल रहे हैं।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जागरण, भोपाल।** मिसरोद क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वह मंडीदीप में शादी समारोह से घर लौट रहा था, उसकी बाइक के कुछ दूर आगे ही अन्य रिश्तेदार भी बाइक से जा रहे थे। कुछ देर बाद वृद्ध दिखाई नहीं पड़ा तो वे पीछे गए। तब तक टक्कर मारने वाला कार सवार भाग चुका था। वे वृद्ध को पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# अशोका गार्डन स्थित पैकेजिंग फैक्ट्री में भीषण आग

**भोपाल।** गोविंदपुरा ए सेक्टर स्थित आदर्श नगर बस्ती के पास रविवार शाम को अचानक भीषण आग लग गई। आग के चलते फैक्ट्री पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। इस दौरान आग का पास स्थित बस्ती तक फैलने का खतरा पैदा हो गया था, लेकिन फायर अमले की सूझबूझ के चलते आग बस्ती तक नहीं फैल सकी। फायर अमले से मिली जानकारी के अनुसार फैक्ट्री के अंदर भारी मात्रा में कार्डबोर्ड मौजूद थे, ज्वलनशील होने के चलते कार्ड बोर्ड तेजी से धूधू कर जलने लगा। जिसके चलते आग पूरी फैक्ट्री में कुछ ही मिनटों में फैल गई, जिसके बाद कारखाना परिसर से 15 से 20 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं, जिसके चलते अफरा तफरी मच गई। बता दें कि फैक्ट्री परिसर के पीछे आदर्श नगर की घनी झुग्गी बस्ती मौजूद है।

# उज्जैन : बिजली जाने से सरकारी हॉस्पिटल की लिफ्ट में फंसे लोग

**जागरण, उज्जैन।** रविवार सुबह शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल चरक भवन में एक लिफ्ट में मरीजों के परिजन फंस गए। दरअसल सुबह करीब 10 बजे लिफ्ट नंबर 3 में 8-10 लोग सवार हुए। वे ग्राउंड फ्लोर से तीसरी मंजिल जा रहे थे। अचानक बिजली जाने से लिफ्ट दूसरी और तीसरी मंजिल के बीच अटक गई। इस कारण लिफ्ट में फंसी महिलाएं और अन्य लोग घबरा गए। करीब 20 मिनट बाद बैकअप आने पर लिफ्ट चालू हुई और लोग बाहर निकल सके। इसके बाद उन्होंने राहत महसूस की। जानकारी के अनुसार छह मंजिला चरक भवन में कुल 10 लिफ्ट हैं। इनमें से वर्तमान में 8 लिफ्ट चल रही हैं। इन लिफ्टों का उपयोग डॉक्टर, स्टाफ, मरीजों के परिजन और अन्य लोग करते हैं। अधिकांश लिफ्ट के सेंसर खराब हो चुके हैं। इतना ही नहीं कंट्रोल सिस्टम के बटन भी काम नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदारी का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जबकि प्रतिदिन सैकड़ों मरीज अस्पताल में आते हैं। लिफ्ट पुरानी होने और रख-रखाव न होने से अक्सर बंद हो जाती हैं। लिफ्टों में ऑपरेटर भी नहीं हैं। खराब सेंसर और कंट्रोल सिस्टम से कई बार लिफ्ट सही मंजिल तक नहीं पहुंच पाती है। इस कारण मरीज और उनके परिजनों को परेशानी होती है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष

### राजा की कातिल...

मिले। मेघालय के डीजीपी के मुताबिक, सोनम ही अपने पति की हत्या की साजिश में शामिल है लेकिन सोनम ने यूपी के गाजीपुर में ढाबे वाले को जो कहानी सुनाई है उससे यह पूरा मामला उलट समझ में आ रहा है। पुलिस की थ्योरी के मुताबिक सोनम रघुवंशी का राज नाम के शख्स के साथ अफेयर था। ऐसे में सोनम ने राज के साथ मिलकर हत्यारों को सुपारी दी और राजा रघुवंशी की हत्या करवा दी। लेकिन, इस मामले में एक बड़ा खुलासा तब हुआ जब सोनम ने गिरफ्तारी से पहले एक ढाबे वाले को अपनी कहानी बयां की।

सोनम ने ढाबे वाले से फोन लेकर अपने भाई को कॉल किया था और इसके बाद उसने कथित तौर पर सरेंडर किया है। पुलिस ने फिलहाल उसे हिरासत में रखा है और पूछताछ की जा रही है। साहिल यादव ने बताया कि जब सोनम भागते हुए उनके ढाबे पर आई थी तो कुछ लोग उनके ढाबे पर खाना खा रहे थे। उनमें एक महिला भी शामिल थी। सोनम पहले भागते हुए उनके पास गई थी और मदद के लिए कहा था। सोनम ने उनसे भी मोबाइल मांगा था। जब उन्होंने मदद करने से मना कर दिया तो सोनम ने साहिल से मोबाइल मांगा था और कुछ बात करने को कहा था। ढाबे वाले ने कहा कि सोनम को उसने मोबाइल दे दिया जिसके बाद सोनम ने कॉल किया।

सोनम ने ढाबे वाले को रोते हुए बताया कि जो लुटेरे उनके पास आए थे उन्होंने पहले जेवर लूट लिए। इसके बाद सोनम के सामने ही राजा की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के दौरान सोनम बेहोश हो गई थी। हत्यारे सोनम को उठा ले गए। और उसे एक कमरे में कई दिनों तक बंद रखा। अपहरण करने के बाद सोनम को आरोपी गाजीपुर लाए और यहां छोड़कर चले गए। जब ढाबे वाले ने उससे पूछा कि वह ढाबे तक कैसे पहुंची तो उसने कुछ नहीं बोला। सोनम ढाबे पर रात करीब 1 बजे पहुंची थी जहां पर पुलिस 3 बजे के करीब पहुंची और सोनम को अपने साथ ले गई। मेघालय के डीआईजी आई नोंगरांग ने दावा किया कि सोनम ने पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर मर्डर करवाया इससे पहले मेघालय पुलिस ने कहा था, 'सोनम ने गाजीपुर के नंदगंज पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया है। मामले में 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है- मध्य प्रदेश के इंदौर से 2 और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर से।' इस मामले में पुलिस को 7 जून को बड़ी सफलता मिली थी, तब एक गाइड ने बताया था कि उसने सोनम और राजा को 3 अज्ञात लोगों के साथ देखा था। ये आखिरी मौका था, सोनम और राजा को साथ देखा गया था। गाइड ने कहा था कि राजा 3 लोगों के साथ चल रहा था, जबकि सोनम इनके पीछे थी। वहीं, घटनास्थल से एक चाकू भी बरामद हुआ था, जो मेघालय में इस्तेमाल होने वाले चाकुओं से अलग था। जांच में सामने आया है कि सोनम के पिता का इंदौर में एक प्लाईवुड कारखाना है। वहां राज मैनेजर का काम करता था। सोनम फैक्ट्री में आती रहती थी। इसी दौरान वो राज के संपर्क में आई और दोनों का अफेयर शुरू हो गया। घटना से 2 दिन पहले तक राज फैक्ट्री में आ रहा था।

### किसान से कम...

नाम बहला पर यह जमीन खरीदने का झांसा दिया। शर्मा ने इस दौरान किसान को कहा कि उसके पुराने बैंक ऑफ इंडिया खाते में तकनीकी दिक्कत के कारण पूरी रकम ट्रांसफर नहीं हो सकती, इसलिए नया खाता खुलवाना होगा। राजेश ने इसके बाद आईसीआईसीआई बैंक की नेहरू नगर शाखा भोपाल के कर्मचारियों को अपने घर बुलाकर वहां किसान से अंगूठे के निशान व हस्ताक्षर ले लिए, लेकिन मोबाइल नंबर खुद के सहयोगी राजेश तिवारी का भर दिया। इसके साथ ही एक नई मेल आईडी भी बनाकर खाते के साथ जुड़वा दी, जिसका पासवर्ड भी किसान को नहीं दिया गया। 12 जून 2023 को रजिस्ट्रार के सामने आवेदन पेश कर ऑन-साइट प्रक्रिया के जरिए इस जमीन का विक्रय पत्र तैयार कर ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के नाम पर रजिस्ट्री करा दी गई। यह रजिस्ट्री 2 करोड़ 86 लाख 16 हजार रुपए में हुई, लेकिन किसान को केवल 81 लाख 13 हजार 840 रुपए ही हासिल हुए। राजेश ने किसान के खाते में 22-22 लाख रुपए के तीन चेक भी जमा कराए थे, जिन्हें स्टॉप पेमेंट कर वापस ले लिया गया।

### सीएम ने कहा- कृषि...

बहना योजना चुनावी नहीं बल्कि स्थायी है। आने वाले समय में बहनों को योजना के तहत 3 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। प्रदेश में गुरुपूर्णिमा और दशहरा भी धूमधाम से मनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि सोने की चिड़िया तो हजारों साल से देश था, लेकिन सोने की चिड़िया से काम नहीं चलता। अब मोदी जी दुश्मनों को पकड़ने के लिए देश को सोने का बाज बना रहे है। प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल देश का स्वरूप बदला है,बल्कि भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है।

**अचानक कुर्सी से फिसल पड़े सीएम :** गाडरवारा में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उस समय अचानक कुर्सी पर बैठते वक्त फिसल पड़े,जब वो मंच पर एक दिव्यांग बच्ची से बात कर रहे थे। सीएम को उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाल लिया।

# एनटीपीसी ऊर्जा का नहीं, उज्ज्वल भविष्य का करती है निर्माण




## प्रेरणादायक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

### एनटीपीसी विन्ध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के अंतर्गत

**जागरण, विन्ध्यनगर**

एनटीपीसी विन्ध्याचल ने आज उमंग भवन सभागार में बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल प्रतिभागियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन था बल्कि एनटीपीसी की सामाजिक प्रतिबद्धता और बालिका सशक्तिकरण के संकल्प का प्रतीक भी रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयकुमार श्रीनिवासन निदेशक वित्त एनटीपीसी लिमिटेड एवं श्रीमती सुनीथा जयकुमार श्रीनिवासन वरिष्ठ सदस्य संयुक्त महिला समिति साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप मे ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विन्ध्याचल एवं श्रीमती सरोजा फणि कुमार अध्यक्षा सुहासिनी संघ उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और प्रार्थना से हुई जिसके बाद प्रतिभागियों ने गणेश वंदना आत्मरक्षा कौशल प्रदर्शन पर्यावरण संरक्षण पर नाटक सहज योग और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर प्रस्तुतियाँ दीं। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। इस अवसर पर एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डी.के. अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री अतिन कुंडू महाप्रबंधक परियोजना राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन ए.जे.राजकुमार महाप्रबंधक मेंटीनेंस एवं एडीएम राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल देबब्रत त्रिपाठी अपर महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएँ एवं डॉ. प्रतिमा महेन्द्र वरिष्ठ विशेषज्ञ विंध्य चिकित्सालय उपस्थित रही। साथ ही डीपीएस एवं डी.पॉल स्कूल के शिक्षकगण यूनियन व एसोसिएशन प्रतिनिधि एवं लेडीज़ क्लब की सदस्याएं भी शामिल रहीं। अपने उद्बोधन में ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विन्ध्याचल ने जेम की शुरुआत को विन्ध्याचल की गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह कार्यक्रम एनटीपीसी के हर परियोजना के लिए एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा एनटीपीसी की असली ब्रांड एम्बेसडर ये बेटियां हैं। जेम 2018 की पूर्व प्रतिभागी काजल विश्वकर्मा ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे जेम ने उनके जीवन में आत्मविश्वास और दिशा दी। कार्यक्रम में जेम 25 सप्ताह.3 की गतिविधियों पर आधारित विशेष वीडियो का लोकार्पण जयकुमार श्रीनिवासन निदेशक वित्त एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा किया गया। वीडियो में बालिकाओं की कला योग पर्यावरणीय गतिविधियों और प्रेरणादायक सत्र की झलक दिखाई गई। अपने प्रेरक संबोधन में श्रीमती सुनीता जयकुमार श्रीनिवासन ने कहा जो पहल विन्ध्याचल से शुरू होती हैं वह कभी असफल नहीं होती। साथ ही उन्होनें यह भी कहा जब तैयारी अवसर से मिलती है तो सफलता निश्चित होती है। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग समारोह प्रतिभागियों के सम्मान एवं संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है एक ऐसी संस्था जो केवल ऊर्जा का नहीं बल्कि उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है।



# कोई बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे : गजेन्द्र सिंह नागेश



## जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

**जागरण, बैढ़न।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्कफार्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में टीकाकरण के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि टीकाकरण कार्यक्रम एवं मिजेल्स रूबेल निरमूलन 0 डोजर बच्चे व्हीपीडी सर्विलांस के सफल क्रियान्वन एवं संचालन हेतु ग्रामीण क्षेत्रो एवं शहरी क्षेत्रो में अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण से वंचित शत प्रतिशत बच्चो का टीकारण कराया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होने निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्रो के आशा कार्यकर्ताए आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं इस कार्य में सलग्न कर्मचारी आपस मे समन्वय स्थापित कर छूटे हुये बच्चो के टीकारकण हेतु केन्द्र पर बच्चो का टीकारण कराया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही झुग्गी झोपड़ी मलीन बस्ती ईट भठ्ठो के कारखानो तथा घूमंतू आबादी एवं दुर्गम क्षेत्रो में भी भ्रमण कर टीकाकरण से छूटे 0 डोजर बच्चो का टीकारण कराया जाये। एव आगामी बैठक में प्रगति की जानकारी भी दी जाये। उन्होने कहा कि टीकारण के संबंधित जो भी कठिनाई आ रही हो तो स्वास्थ्य विभाग का वरिष्ट अमला तत्काल कठिनाईयो का समाधान करे एवं लक्ष्य के अनुरूप जिले में टीकाकरण पूर्ण कराया जायें। बैठक के दौरान डीपीएम सुधाशु मिश्रा महिला बाल विकास अधिकारी जीतेन्द्र गुप्ता डॉ. शेखर शर्मा डॉ. एच.एस बैस डॉ.बीसेन सिंह अरविंद पटेल किरण विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# परियोजना प्रभावित के नाम पर छलावा, विस्थापित एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे : जंग बहादुर चौबे



**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय ऊर्जांचल क्षेत्र में परियोजना प्रभावित के नाम पर परियोजना के ही भूमि पर अतिक्रमणकारियों मूल विस्थापितों के हक हूकक पर कब्जा कर रहे हैं जिससे परियोजना प्रभावित अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित होते जा रहे हैं उक्त बातें ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति के उपाध्यक्ष जंग बहादुर चौबे ने संगठन के साप्ताहिक बैठक के दौरान कही उन्होंने कहा कि मूल विस्थापित बेरोजगारी शिक्षा चिकित्सा बिजली पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है वहीं परियोजना की खाली पड़ी भूमि पर अवैध कब्जाधारी परियोजना की भूमि बिजली पानी का दोहन कर रहे हैं। हद तो तब हो जाती है जब अवैध कब्जाधारी अपने को परियोजना प्रभावित घोषित करते हुए परियोजनाओं में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी में झांसा देते हुए रोजगार प्राप्त कर लेते हैं। ऐसे बिचौलियों से सावधान रहने की जरूरत है। सभी मूल विस्थापित एक होकर संघर्ष करेंगे तभी उनको अपना लक्ष्य प्राप्त होगा। संगठन के बैठक में शिक्षा चिकित्सा और रोजगारी पर विशेष चर्चा किया गया। नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड खड़िया परियोजना में परियोजना की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को जो रोजगार दिया गया है उनके खिलाफ जांच की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष हेमंत मिश्र द्वारा किया गया। संगठन साप्ताहिक बैठक में विस्थापित प्रतिनिधि शैलेंद्र चौबे योगेंद्र सिंह पटेल बृज बिहारी यादव पंकज शुक्ला राम लल्लू नेता राजकुमार पटेल बबलू प्रधान विनय श्रीवास्तव विश्राम प्रसाद वर्मा एवं अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

# मजदूरों का हक छीन रही जेसीबी मशीन, पलायन को मजबूर ग्रामीण

## सरपंच सचिव की दबंगई से मनरेगा अधिनियम की उड़ाई जा रही धज्जियां

**सिंगरौली/चितरंगी।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मिल सके जिसके लिए सरकार द्वारा रोजगार की गारंटी देते हुए कई तरह के काम कराए जा रहे हैं।ताकि मजदूरों का भरण-पोषण आसानी से हो सके और पलायन को रोका जा सके। वहीं एक अजीबो गरीब मामला चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत क्षेत्र झोखो के ग्राम कुसाही का है जहाँ बरहवा टोला में तालाब का निर्माण सरपंच, सचिव द्वारा बड़े ही दबंगई के साथ मनरेगा में मजदूरों को काम पर न लगाकर जेसीबी मशीन से काम कराए जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है,वहीं मजदूरों द्वारा कार्य की मांग किए जाने पर पंचायत एजेंसी द्वारा काम न देकर भ्रमित किये जाने का भी आरोप लगा है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जब काम मशीनों से हुआ है तो किस आधार पर भरी जाएगी मजदूरों की हाजिरी,जहां सरकार रोजगार की गारंटी देती है वहीं दिन-रात मे पलक झपकते ही जेसीबी मशीन से कार्य करा कर 14 से 15 लाख रुपए के हिसाब-किताब का सरपंच सचिव द्वारा वारा-न्यारा कर कर दिया जाता हैं,ताज्जुब की बात तो यह है कि सरकार ने मजदूरों का पलायन रोकने हेतु रोजगार देने के लिए प्रतिवर्ष अरबो,खरबो रुपए विकास कार्य के लिए देती है परंतु मनरेगा अधिनियम है इसके बावजूद भी बड़े ही आसानी के साथ सरपंच,सचिव,रोजगार सहायक मिलकर आंख मीचौली का खेल खेलते हुए जमकर शासकीय पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं,इतना ही नहीं सरकार के मनसा पर किस तरह से पानी फेर रहे हैं कहीं ना कहीं जिम्मेदार अधिकारियो की भूमिका संदिग्ध है,अब देखना दिलचस्प यह होगा कि मामले को लेकर वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी गंभीर होते हैं या यूं ही अनदेखी कर मामले को समाप्त कर देते हैं। फिलहाल मामले में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। जन चर्चा यह भी है कि यदि ग्राम पंचायत झोखो में कराए गए कार्यों की बारीकी से जांच हो जाए तो सच्चाई से पर्दा उठने में तनिक भी देर नहीं लगेगी और नकाबपोश बेनकाब हो जाएंगे।



> जेसीबी मशीन से कार्य कराना जायज नहीं है यदि ऐसा हुआ है तो जांच करवा कर प्रतिवेदन के मुताबिक उचित कार्यवाही की जाएगी।
>
> **मानसिंह सैय्याम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी चितरंगी**

## शराब के नशे में पति-पत्नी में हुआ विवाद, पति ने पत्नी को मारकर खुद भी खाया जहर

**जागरण, सिंगरौली।** बीती रात बरगवां थाना क्षेत्र के गोदवाली में एक दंपति के विवाद में हुआ जिसमें पत्नी की जान चली गई वहीं उसे मारकर पति ने खुद भी कीटनाशक खा लिया। जिसे गंभीर अवस्था में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। इस घटना की विवेचना में लगे निरीक्षक राकेश साहू ने बताया देर रात किसी बात को लेकर पति.पत्नी में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की पति ने अपनी पत्नी बिट्टन बसोर को पीट.पीट कर मार डाला वहीं घटना के बाद उसने खुद भी कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। इधर घटना की सूचना लगते ही अल सुबह बरगवां पुलिस मौके पर पहुंच गई जहां पति लाले बसोर की हालत नाजुक देख पुलिस ने उसे इलाज हेतु ट्रॉमा सेंटर भिजवाया जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने ली समय-सीमा बैठक

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन कर जिले के विभिन्न विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। समय सीमा की बैठक में राजस्व, खनिज, कृषि, खाद्य, पर्यटन, शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत, वन, विद्युत सहित अन्य प्रमुख विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु जिले में स्थापित चेक पोस्टों की सतत निगरानी के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसीलदारों को नियमित भ्रमण के निर्देश दिए। डिंडौरी शहर में बिक रहे नशीले पदार्थ एवं मादक पदार्थ को रोकने के लिए तहसीलदार डिंडौरी को विशेष ध्यान देते हुए अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पीएमजीएसवाय सड़कों के किनारे वृक्षारोपण हेतु गड्ढों की खुदाई, सिटी फॉरेस्ट डेवलपमेंट, तथा जिला पंचायत की स्थापना शाखा में लंबित फाइलों, जांचों और नोटिसों की समीक्षा की। विद्युत विभाग को आगामी वर्षा ॠतु की पूर्व तैयारियों विशेषकर झूलते तारों की मरम्मत एवं स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। नगर परिषद से संबंधित विषयों पर उन्होंने नियमित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने नर्मदा नदी क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, जिले के पर्यटन स्थलों के विकास, तथा वनाधिकार पट्टों के वितरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों को 30 जून 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जिले में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि समस्त विभागों में प्रचलित फाइलों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में चाही गई। ताकि फाइलों की प्रगति निरंतर होती रहे है और आम जनता के रूके हुए कार्य समय-सीमा में निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने भू अभिलेख अधिकारी को टारगेट के विरूद्ध वसूली की जानकारी मांगी। एक सप्ताह के अन्दर राजस्व वसूली संतोषजनक न पाए जाने पर समस्त तहसीलदार, एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने राज्य आजीविका मिशन की विभागीय गतिविधियों की जांच करने हेतु कमेटी गठित की गई थी, समय-सीमा पूर्ण होने के बावजूद आज दिनांक तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। इस हेतु एक आगामी सप्ताह के अन्दर जांच कमेटी द्वारा प्रतिवेदन न देने पर जांच समिति के समस्त सदस्यों को नोटिस जारी किए जाएंगे। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को विभागीय गतिविधियों की समय-सीमा बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ न आने एवं संतोषजनक जवाब न देने पर कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माणाधीन एजेसिंयों के निर्माण कार्यों के समाचार पत्रों में प्रकाशित लापरवाही निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी हेतु जांच कमेटी गठित की। जो एक सप्ताह के अन्दर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। विकासखंड करंजिया के अंतर्गत ग्रेवल रोड निर्माण में लापरवाही करने पर संबंधित विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल स्तर पर 20-20 हजार रूपए से शौचालय मरम्मत हेतु आवंटन जारी किया, जिससे शौचालय मरम्मत टंकी, दरवाजे, पुताई, टोंटी, पाइल लाइन, शीट आदि सामग्री आवश्यकता के अनुसार कार्य पटवारी प्रतिवेदन देने के बाद संबंधितों के द्वारा कार्य किया जाए ताकि शौचालय के साथ-साथ विद्यालय के अन्य छोटे-मोटे कार्य भी किए जा सकें।

# नगर परिषद् सरई में बिलों का नहीं हो रहा है भुगतान




**जागरण सरई।** जिले के नवीन नगर परिषद सरई में तमाम बिलों का भुगतान आधार में लटका हुआ है बिलों का भुगतान समय से न होने पर परिषद के विकास कार्य में बाट लगी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर परिषद कार्यालय में अकाउंटेंट के न होने से बिलों के भुगतान में देर हो रही है जानकारी के अनुसार दो. दो साल के बिलों का भुगतान पेंडिंग पड़े हुए हैं। सरई नगर परिषद में अकाउंटेंट की पद स्थापना न होने से सभी संविदाकार वेंडर छोटे.छोटे दुकानदार अपने बिलों के भुगतान को लेकर परेशान हैं व्यवस्था के तहत शासन द्वारा नगर परिषद बरगवां के अकाउंटेंट को सरई नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। परंतु बरगवां नगर परिषद में पदस्थ अकाउंटेंट सरई में समय नहीं दे पा रहे हैं जिससे भुगतान से संबंधित कई समस्याएं देखने व सुनने को मिल रहे हैं।

# एनसीएल ने 5.68 लाख पौधरोपण हेतु मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के साथ किया एमओयू



**जागरण, सिंगरौली।** कॉल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने 5.68 लाख पौधे लगाने हेतु मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के साथ एमओयू किया। इस एमओयू के तहत एनसीएल की मध्य प्रदेश स्थित परियोजनाओं अमलोरी ब्लॉक.बी निगाही दुधिचुआ मध्य प्रदेश स्थित क्षेत्र जयंत और झिंगुरदा के खदान क्षेत्र में अधिभार पर 223.64 हेक्टेयर भूमि पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे 4 साल तक उनकी देखभाल की जाएगी। इस दौरान एमओयू पर मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की ओर से सम्भागीय प्रबंधक रीवा. सीधी परियोजना मण्डल राकेश कोडापे तथा एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक पर्यावरण/वन राकेश कुमार ने हस्ताक्षर किए इस अवसर पर एनसीएल के उप प्रबंधक पर्यावरण डी.के. सैनी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल ने हरित आवरण को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 25-26 में 500 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 6 लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। एनसीएल ने स्थापना से लेकर अभी तक 2.82 करोड़ पौधे लगाए हैं एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु डंप पुनर्स्थापना पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली इको पार्क का निर्माण जैसे अनेक कार्य कर रही है।

# सीएम हेल्प लाइन में लंबित शिकायतों का तत्परता के साथ करें निराकरण : सीईओ जिला पंचायत

## अपादा प्रबंधन से संबंधित दिए गए निर्देशो का समय पर किया जाये पालन

**जागरण, बैढ़न।** सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो का निराकरण समय सीमा के अंदर किया जाना विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे। तथा पूर्व बैठक में आपदा प्रबंधन से संबंधित जिन अधिकारियों को आवश्यक तैयारिया करने हेतु निर्देश दिए गए थे। उक्त के संबंध में प्रगति प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बैठक के दौरान सीएम हेल्प लाईन में लंबित 50 दिवसए 100 दिवस तथा समाधान विंदु में चिन्हित शिकायतो के निराकरण की प्रगति की जानकारी विभागवार लेने के पश्चात निर्देश दिए कि अभी भी कुछ जिलाधिकारियों के द्वारा लंबित शिकायतो के निराकरण में रूचि नही ली गई है। जिसके कारण जिले कि रैकिंग प्रभावित हो रही है। साथ ही जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण कई विभागो के द्वारा समय पर नही किया जा रहा है जो अत्यन्त ही खेदजनक है उन्होने निर्देश दिए कि समय सीमा के अंदर लंबित शिकायतो का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री निवास एवं मुख्यमंत्री कार्यालय प्राप्त शिकायतो का भी निराकरण किया जाकर चाही गई जानकारी तत्काल भेजा जाना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान इस आशय के भी निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में समग्र आइडी नही बनने के कारण छोटे बच्चो के प्रवेश में कठिनाई हो रही हैं। उन्होने निर्देश दिए कि आधार से समंग्र आईडी लिंक के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान छोटे बच्चो का समंग्र बनाया जाना सुनिश्चित करे ताकि बिना असुविधा के उनका विद्यालयो में प्रवेश हो सके। वही जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा विद्यालय में प्रवेश से छूटे नही शत प्रतिशत विद्यालयो में बच्चो का प्रवेश सुनिश्चत कराये। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम राजेश शुक्ला नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की तहसीलदार सविता यादव जान्हवी शुक्ला अधीक्षण यत्री विद्युत आरपी मिश्रा सीएएचओ एन के जैन जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर आबकारी अधिकारी खेमराज श्याम सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर में शत -प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को करें लाभांवित : कलेक्टर

## टीएल बैठक में विभागवार समीक्षा कर समयावधि में लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

**जागरण, पन्ना**




कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के चिन्हांकित 108 ग्रामों में शिविर के जरिए शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को संबंधित विभागों की चिन्हित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अभियान में आगामी 15 से 30 जून तक संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कैंप लगाए जाएंगे। इस संबंध में जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग आर.के. सतनामी को अविलंब विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शिविर के सफल संचालन के संबंध में निर्देशित किया गया। इसके अलावा टीएल बैठक में आगामी तीन माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के समस्त स्वत्वों के समय पर भुगतान के लिए विभाग प्रमुखों को जिला पेंशन कार्यालय में तत्काल पेंशन प्रकरण तैयार कर प्रेषित करने के लिए कहा। साथ ही ई-ऑफिस परियोजना अंतर्गत जिले की प्रगति न्यून होने के कारण ऑनबोर्ड हो चुके विभागों को ई फाइल जनरेशन के निर्देश दिए। अब तक शिक्षा विभाग सहित ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में आवश्यक कार्यवाही से शेष विभागों के अधिकारियों को भी एक सप्ताह में वांछित प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कोषालय के आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर कुछ विभागों द्वारा अधिकारी कर्मचारियों के एम्पलाई आईडी से समग्र सत्यापन में देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित आहरण-संवितरण अधिकारी, संबंधित लोक सेवक और वेतन देयक तैयार करने वाले लिपिक के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त विभागों द्वारा समन्वित प्रयास, कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में आगामी 12 जून को सागर में प्रस्तावित संभागीय समीक्षा बैठक की पूर्व तैयारी, शासन के निर्देशानुसार थानावार एमएलसी पोर्टल से मेडिको लीगल केस के ऑनलाइन रिक्वेस्ट और रिपोर्ट जनरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, स्वरोजगारमूलक योजनाओं वाले विभागों द्वारा प्रतिमाह लक्ष्य मुताबिक स्वीकृत प्रकरणों के वितरण, नवीन शैक्षणिक सत्र में स्कूली विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति प्रकरणों के समय पर निराकरण के लिए 16 जून को विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व तक शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा आवश्यक तैयारी, समग्र ई-केवायसी में प्रगति के लिए निकायवार अभियान मोड में कार्य कर तेजी लाने, समग्र पोर्टल पर पेंशनर ई-केवायसी कार्य की पूर्णता सहित मुद्रा लोन वितरण कार्य में प्रगति के निर्देश भी दिए। इसके अलावा समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों से संबंधित प्रकरणों तथा 100 दिवस से अधिक समयावधि की सीएम हेल्पलाइन एवं वर्तमान मई माह की हेल्पलाइन शिकायतों पर भी प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा गेहूं परिवहन कार्य में लापरवाही पर संबंधित परिवहनकर्ता के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए भी कहा। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत विभागवार ग्रेडिंग में अपेक्षित सुधार के लिए गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराने एवं निराकरण के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतिभा खोज 11 जून से

**रीवा।** मध्यप्रदेश की 15 वर्ष से कम आयु की बालिका क्रिकेट खिलाड़ियों की टीम के चयन के उद्देश्य से मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इन्दौर के द्वारा प्रदेश के 4 संभागीय मुख्यालयों मे महिला क्रिकेट प्रतिभा खोज प्रतियोगिता को आयोजित किया जा रहा है। रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सह सचिव अनुराग सेठी के द्वारा उक्त जानकारी देते हुये बताया गया कि रीवा संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी6 जिलों की प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों का चयन ट्रायल का पहला 11 एवं 12 जून को जबलपुर के एमपीसीए क्रिकेट मैदान, नीमखेड़ा में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित होगा। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा भेजे गये प्रशिक्षकों की देख-रेख में आयोजित हो रहे इस सलेक्शन ट्रायल में केवल ऐसी बालिका खिलाड़ी भाग ले सकती हैं जिनका जन्म 01/09/2010 से 31/08/2013 के मध्य हुआ हो। इस ट्रायल भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को अपना मूल डिजिटल जन्मप्रमाण-पत्र, एक फोटो एवं आधारकार्ड की छाया प्रति साथ ले जाना आवश्यक है। श्री सेठी ने रीवा जिला एवं संभाग की सभी पात्र व इच्छुक महिला (बालिका) क्रिकेट खिलाड़ियों से अनुरोध किया है कि वो इस प्रतियोगिता मे अवश्य भाग लें साथ ही उन्होंने संभाग के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रबंधन से भी अनुरोध किया है कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत सभी ऐसी छात्राओं जो क्रिकेट की अच्छी खिलाड़ी हों ,को इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें क्योंकि आज भारत में महिला क्रिकेट का भी बहुत व्यापक विस्तार हो चुका है, तथा बच्चियों के लिये भी इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं व भविष्य में इसे कैरियर के रूप में अपनाया जा सकता है।

# फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गया गिरफ्तार




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत को दिनांक 09/06/025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 03/19 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट 11/13 म.प्र. डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम में 06 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी रामजस यादव पिता विजय यादव निवासी दोहा थाना बाँदा देहात जिला- बाँदा (उ.प्र.) को पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी खोरा सउनि प्रीतम सिंह, प्र.आर. अशोक, आर. बृजेश, अजीत एवं अमित का सराहनीय योगदान रहा है।

# श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## मनोज गर्ग के द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुति



**पवई।** पवई जनपद पंचायत के ग्राम रामपुर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही कथा में कृष्ण जन्म का प्रसंग प्रारंभ हुआ, पूरा पांडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों से गूंज उठा और श्रद्धालु झूम उठे। जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी की, मक्खन-मिश्री का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया। संगीत मंडली में उमा शंकर पाठक व मनोज गर्ग के द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित नारायण प्रसाद तिवारी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं और उनके जीवन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब परमात्मा अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा के माध्यम से राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, रावण वध और रामराज्याभिषेक की सुंदर व्याख्या भी की गई। कथा श्रोता लाखन सिंह भदौरिया, जीत बहादुर सिंह भदौरिया सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। समिति प्रबंधक ने बताया कि भौतिक, सांसारिक, मोक्ष व अज्ञानता बस किए गए पापों से मुक्ति के उद्देश्य से भागवत कथा का आयोजनकिया गया है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम रामपुर भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया।

# सैनिकों के शौर्य सम्मान की प्रतीक ऐतिहासिक छतरियों की हो रही दुर्गति

## सेना के शहीद सैनिकों की याद में राजा ने राजघाट में कराया था स्मारकों का निर्माण

**जागरण, रीवा**



रीवा किले के ठीक पीछे राजघाट स्थित है, जहां दजनों ऐतिहासिक छतरियां बनी हुई हैं, लेकिन देखरेख न होने से वर्तमान में इन छतरियों ने आवासों का रूप ले लिया है। जिनमें कब्जाधारी निवास कर प्राचीन धरोहरों का अस्तित्व मिटाने में लगे हुए हैं। बताते हैं राजा की सेना में शहीद हुए सैनिकों की याद में इन छतरियों का निर्माण करवाया गया था, लंबे समय से इन छतरियों का रखरखाव नहीं हुआ, जिससे छतरियां जर्जर हो गई हैं तो कुछ छतरियों का अवैध कब्जे धारियों ने स्वरूप बदलकर उपर छत डाल दी है और बेखौफ छतरियों में निवास कर रहे हैं।

**अभी भी सुरक्षित की जा सकती है:** शहर के वार्ड क्रमांक 36 उपरहटी स्थित किले के पीछे राज घाट में निर्मित ये छतरियां काफी पुरानी हैं, सैनिकों की याद में निर्मित किए गए स्मारक जमींदोज हो रहे हैं, जिन्हें संरक्षित नहीं किया जा रहा। अभी भी इन छतरियों की सुध ली जाए तो इन छतरियों को संरक्षित व सुरक्षित कर प्राचीन धरोहर को बचाया जा सकता है। किन्तु इस ओर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है न ही पुरातत्व। कुछ छतरियों के गुंबद पर पेड़ उग आए हैं तो किसी के गुबंद धराशायी हो चुके हैं। लंबे समय से यहां सफाई नहीं की गई। लोग छतरियों के आसपास गंदगी करने से भी बाज नहीं आते। राजघाट में बीहर व बिछिया दो नदियों का संगम हो रहा है। दोनों नदी के मध्य हनुमान घाट बना है जहां हनुमानजी का मंदिर स्थित है। यहां पर भी काफी झाड़-झंखाड़ उग आए हैं, हालांकि मंदिर में अभी भी पवन पुत्र हनुमान के दर्शनार्थ कई भक्त आते हैं। राजघाट के सामने गुरूघाट बना है, जानकार बताते हैं कि गुरूघाट का निर्माण राजा-महाराजाओं के गुरुओं के लिए करवाया गया था, गुरूघाट की भी वर्तमान में सुध नहीं ली जा रही। इन पुरातन धरोहरों के प्रति प्रशासन, पुरातत्व की इसी प्रकार लापरवाही रही तो संभवतः राजघाट के साथ ही हनुमान घाट व गुरूघाट भी इतिहास बनने में अधिक समय नहीं लगेगा।

## श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ सर्जरी सप्ताह

**जागरण,रीवा।** विंध्य क्षेत्र के संजय गांधी अस्पताल में सर्जिकल सप्ताह की शुरुआत की गई है। 8 जून से 15 जून तक होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न बीमारियों के इलाज सहित ब्लड डोनेशन कैंप और जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। सर्जिकल सप्ताह के संबंध में जानकारी देते हुए जूडा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ.आशय द्विवेदी ने बताया कि 8 जून को सुबह 6 बजे से सनराइज योग से सर्जिकल सप्ताह की शुरुआत की गई, 9 जून को सुबह 9 बजे से डायबिटिक फुट केयर के लिए स्कैनिंग ओपीडी लगाई जाएगी। इसी तरह से 10 जून को अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए सर्जिकल क्विज प्रतियोगिता होगी। सर्जिकल सप्ताह के दौरान कैंसर जागरुकता सहित विभिन्न प्रकार के बीमारियों से लोगों को जागरूक करते हुए मुख्य रूप से 14 जून को रक्तदान सिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के सामने गार्डन में योग अभ्यास से शुरू की गई है जो 15 जून तक चलने वाला है।

## ऋचा ओझा ने किया स.प्रा.परीक्षा में 11वां स्थान हासिल



**जागरण, रीवा।** मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक परीक्षा में संस्कृत विषय का परिणाम जारी हुआ जिसमें ऋचा ओझा ने प्रदेश में 11 स्थान हासिल किया। त्योंथर तहसील ग्राम डोड़िया चौहानन के डॉ. बृजेश नाथ ओझा व देववती ओझा की सुपुत्री ऋचा की प्रारंभिक शिक्षा गांव से हुई, उसके बाद उन्होंने उपनी उच्च शिक्षा रीवा शहर साईं बीएड कॉलेज व शासकीय डॉ. रणमत सिंह महावि. से पूर्ण की। ऋचा ने शिक्षा जगत से जुड़ी संस्कृत विषय में एक के बाद एक कई परीक्षाओं को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की। ऋचा की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों व व मित्रजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रैपुरा तहसीलदार चंद्रमणि सोनी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया



**पन्ना।** पन्ना जिले की रैपुरा तहसील में पदस्थ तहसीलदार चंद्रमणि सोनी 9/6/2025 को 3000 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया लोकायुक्त सागर एस.पी.योगेश वर्मा के निर्देशन में निरीक्षक रोशनी जैन के नेतृत्व में ट्रैप कार्यवाही की गई। मामला कल्याण सिंह लोधी की पत्नी श्रीमती द्रोपती बाई की पैतृक रूप से प्राप्त जमीन ग्राम पिपरिया कला तहसील रैपुरा जिला पन्ना की है जिसमें लोगों ने अनाधिकृत रूप से कब्जा कर रखा था। मामला अवैध कब्जा मुक्त करने का था। उक्त प्रकरण 26/12/24 से चंद्रमणि सोनी के न्यायालय में लंबित था। श्रीमती द्रौपदी बाई के पति कल्याण सिंह लोधी से उक्त प्रकरण में आदेश पक्ष में करने के लिए 9000 की मांग की गई थी। कल्याण सिंह लोधी का कथन है कि 4000 पूर्व में दे चुके थे शेष राशि में मामला 3000 का तय हुआ था। उक्त 3000 रूपये लोकायुक्त के निर्देशन में चंद्रमणि सोनी तहसीलदार के निवास पर दिए गए जिसे लोकायुक्त टीम ने ट्रैप कर लिया लोकायुक्त टीम ने चंद्रमणि सोनी को गिरफ्तार कर आगे कार्यवाही की गई। इन दिनों पन्ना जिले में प्रशासन तंत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है विशेष कर राजस्व विभाग चर्चा का विषय बना है।

# रुस्तम जी अवार्ड से सम्मानित निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय म. प्र.भोपाल के द्वारा के. एफ. रुस्तमजी पुरस्कार वर्ष 2021-22 हेतु पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की आदेश सूची जारी की गई है। जिसमें पन्ना जिले के गुनौर थाने में पदस्थ निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार तात्कालिक थाना प्रभारी सिमरिया का विशिष्ट श्रेणी में पुरस्कृत करने हेतु चयन किया गया है उन्हें उक्त पुरस्कार के तहत ?50,000 /- एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2021- 2022 में सिमरिया थाना में पदस्थापना के दौरान निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के कारण उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। गौरतलब है की मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के राजपत्र में निहित प्रावधानों के अंतर्गत के. एफ. रुस्तमजी पुरस्कार पुलिस बल के साहसिक कार्यों एवं मानव सेवा की भावना को सम्मानित करने के उद्देश्य प्रदाय किया जाता है।

# शराब दुकानों पर मूल्य से अधिक दम नहीं लिए जाएंगे




**पन्ना।** पूरे प्रदेश में शराब दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री की खबरों और शिकायतों के चलते मध्य प्रदेश के आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा शराब दुकानों के बाहर क्यूआर कोड चिपकाएं जा रहे है। जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि शराब दुकानों से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब विक्रय किए जाने की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही थी। जिसकी समय समय पर टेस्ट परचेज के द्वारा वृत्त प्रभारियों द्वारा जांच की जा रही थी, साथ ही अधिक मूल्य पर विक्रय पाए जाने पर विभागीय प्रकरण भी कायम किए जा रहे है। इसी संबंध में आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश के निर्देशों के पालन में पूरे पन्ना जिले की सभी शराब दुकानों पर क्यूआर कोड चस्पा किए जा रहे है। शराब के ग्राहक इन क्यूआर कोड को अपने मोबाइल में स्कैन कर आबकारी विभाग के पोर्टल के माध्यम से किसी शराब की बोतल का शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम विक्रय मूल्य और अधिकतम विक्रय मूल्य पता किया जा सकता है।

# किशोर लोक निर्माण की प्रक्रिया से प्रभावित अतिक्रमणकारियों ने मुआवजे को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## भाजपा की सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा गरीब लोगों के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है



**पन्ना।** पन्ना जिला प्रशासन द्वारा मन माने ढंग से जुगल किशोर लोक बनाए जाने के नाम पर श्री जुगल किशोर जी मंदिर के आसपास रहने वाले लगभग एक सैकड़ा परिवारों को बेघर किया जा रहा है जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पीड़ितों के साथ जाकर कलेक्टर के नाम स्थानीय एसडीएम को ज्ञापन सोपा है तथा कहा लोगों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि न्याय विभाग योजना अंतर्गत पंचम सिंह चौराहा से बड़ा बाजार चौराहा तक तेरह मीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है जबकि पूर्व नगर विकास के मास्टर प्लान के अनुसार उक्त सड़क को 9 मी बनाए जाने का प्रस्ताव सर्व सहमति से पास हुआ था सन 2015 में अतिक्रमण हटाया भी गया था फिर से आक्रमण हटाया जाना विधि विरुद्ध है इस क्षेत्र में पुश्तैनी रूप से दो सो वर्ष से लोग रह रहे हैं तथा किसी प्रकार अपने छोटे-छोटे व्यापार करके परिवार का उदर पोषण कर रहे हैं प्रशासन द्वारा जो नोटिस दिए गए हैं उसमें तत्काल हटाने का उल्लेख किया गया है जबकि नियम अनुसार 15 दिवस का समय देना होता है साथ ही दो सो वर्ष से रह रहे लोगों को मुआवजा देकर व्यवस्थित ढंग से अन्य स्थान पर बसाया जा सकता है जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाजी सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार गरीबों को परेशान किया जा रहा है उनके मकान दुकान तोड़े जा रहे हैं जबकि रोजगार का वादा करने वाली सरकार रोजगार की दिशा में कोई कार्य नहीं कर रही है उन्होंने आगे कहा कि आम जनता के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ग़रीबों लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी ज्ञापन के दौरान भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के लोग शामिल रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, कांग्रेस प्रत्याशी रहे भरत मिलन पांडे, मार्तंड देव बुंदेला, अक्षय तिवारी, दीपक तिवारी, वैभव थापक, रेहान मोहम्मद, जन्मेजय अरजरिया, भूपेंद्र सिंह युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र अवस्थी, रियासत खान, मुकेश दुबे, सौरभ पपटेरिया, अंकित शर्मा, सरदार यादव, रंजन यादव परिवार के लोग तथा भारी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे है।

सत्यमेव जयते

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
— अनंत संभावनाएं —

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




## व्यापक निवेश अवसर

# 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' समिट

**10 जून, 2025 | प्रातः 10:00 से सायं 6:00 बजे तक**
**कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर, भोपाल**

मुख्य अतिथि

## मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव

### समिट के मुख्य आकर्षण

- सौर संयंत्रों की स्थापना हेतु जारी निविदा संबंधी जानकारी
- शासकीय संस्थाओं द्वारा अपनाई जाने वाली स्टैन्डर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया की जानकारी
- बैंकों एवं इनवर्टर निर्माताओं के साथ परियोजनाओं की वित्तीय एवं तकनीकी व्यवस्थाओं पर परिचर्चा

### योजना के प्रमुख उद्देश्य

- मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी को कम मूल्य पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराना
- ट्रांसमिशन हानि कम करना एवं सीधे खपत स्थल पर बिजली पहुंचाना
- 33/11 केवी उपकेंद्रों पर ओवरलोडिंग, लो-वोल्टेज और पावर कट की समस्या कम करना
- किसान को सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध कराना

### नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार

- सब-स्टेशन की 100% क्षमता तक की परियोजनाओं की स्थापना
- परियोजनाओं को पीएम कुसुम-सी योजनांतर्गत उपलब्ध केंद्रीय अनुदान का लाभ लेने का विकल्प
- 1900 से अधिक विद्युत सबस्टेशन एवं 14500 मेगावॉट क्षमता सौर परियोजनाओं के चयन हेतु उपलब्ध
- पीएम कुसुम योजना में 3.45 लाख पम्प का लक्ष्य
- वोकल फॉर लोकल - स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोज़गार सृजन का उचित अवसर
- वित्त पोषण की सुगमता के लिए बैंकों से समन्वय
- परियोजनाओं में AIF के तहत 7 वर्षों तक 3% ब्याज में छूट
- Reactive Power प्रबंधन से अतिरिक्त आय

D- 11043/25

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# पुर्तगाल दूसरी बार बना नेशंस लीग चैंपियन

## फाइनल में स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीता खिताब



■ पुर्तगाल के कप्तान रोनाल्डो ने अपने करियर में तीसरी इंटरनेशनल ट्रॉफी जीत ली है। उन्होंने 2016 में यूरो कप जीता था। 2019 में नेशंस लीग जीती थी।

■ रोनाल्डो का पुर्तगाल के लिए यह 221वां मैच था, जिसमें अंतरराष्ट्रीय करियर का रिकॉर्ड 138वां गोल कर प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया।


■ रोनाल्डो ने नेशंस लीग के सेमीफाइनल में निर्णायक गोल कर जर्मनी के खिलाफ पुर्तगाल को 25 साल में पहली जीत दिलाई थी।

■ रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

जेएनएन, म्यूनिख

पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराकर दूसरी बार यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले उसने 2018-19 में टूर्नामेंट के पहले सीजन में भी खिताब जीता था। पुर्तगाल ने फाइनल के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच के वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया, जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। रोनाल्डो ने 61वें मिनट में गोल करके टीम को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी। ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाए मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी। 21वें मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि नूनो मेंडेस (26वें मिनट) ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मेंडिस को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इससे पहले फ्रांस ने तीसरे स्थान के मैच में जर्मनी को 2-0 से हराया।

### रोनाल्डो की आंखों में छलके खुशी के आंसू



टीम की जीत तय होते ही रोनाल्डो की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि देश के लिए ट्रॉफी जीतने से बड़ा कुछ भी नहीं। मैंने अपने क्लबों के साथ कई खिताब जीते हैं, लेकिन पुर्तगाल के लिए जीतने से बड़ा कुछ नहीं है। रोनाल्डो ने कहा कि वह इस मुकाबले में चोट के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा, मैंने वार्मअप के दौरान ही चोट को महसूस कर लिया था। मैं इस चोट को पिछले समय से महसूस कर रहा था। राष्ट्रीय टीम के लिए अगर मुझे अपना पैर तोड़ना पड़ता तो भी मैं संकोच नहीं करता। यह इस ट्रॉफी के लिए था, मुझे खेलना था और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। उन्होंने कहा, मैं कई देशों में रहा हूं, मैंने कई क्लबों के लिए खेला है, लेकिन जब बात पुर्तगाल की आती है, तो यह हमेशा एक खास एहसास होता है।

## खेल एक नजर

### अश्विन ने आपा खोया, पैड पर मारा बल्ला और ग्लव्स फेंके

**कोयंबटूर, जेएनएन।** अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीगमें डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए। ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन (10 गेंद पर 18 रन) पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए। अश्विन ने पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर उंगली उठाई, क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके, क्योंकि उन्होंने और उनके सलामी जोड़ीदार शिवम सिंह (30 रन) ने लेग साइड की वाइड गेंद (टीएनपीएल में नया नियम लागू) को लेकर पहले ओवर में ही रेफरल का अपना कोटा खत्म कर दिया था, इसलिए जब कोई रेफरल नहीं बचा। अश्विन स्पष्ट रूप से नाराज थे और मैदान से वापस लौटते समय उन्होंने पहले बल्ले को अपने लेग गार्ड पर मारा और फिर जब वह सीमा रेखा के पास पहुंचे तो उन्होंने अपने दस्ताने खोले और उन्हें गुस्से में फेंक दिया। अश्विन की टीम नौ विकेट के बड़े अंतर से मैच हार गई।





### एफआईएच प्रो लीग : नीदरलैंड से लगातार दूसरा मैच हारा भारत

**एम्सटेलवीन, जेएनएन।** नौ पेनल्टी कॉर्नर में से महज एक गोल में बदल सकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा, जब सोमवार को नीदरलैंड ने उसे 3-2 से हराया। सात जून को पहले मैच में बढ़त बनाने के बावजूद 1-2 से हारी भारतीय टीम दूसरे मैच में भी उन्हीं गलतियों को दोहराती दिखी। भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत के लिए पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था। नीदरलैंड के लिए थीज वैन डैम ने 24वें मिनट में, टी होडेमेकर्स ने 33वें और यिप यानसेन ने 57वें मिनट में गोल दागे। एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में आठ मैचों में 15 अंक लेकर भारत तीसरे स्थान पर है। उसे अगले साल विश्व कप के लिए प्रो लीग के जरिए क्वालिफाई करने के लिए यूरोप चरण से अधिकतम अंक बनाने होंगे, लेकिन शुरूआती दोनों मैच हारने से राह कठिन हो गई है।



### दिलीप वेंगसरकर और इडुल्जी एमसीए के सलाहकार नियुक्त

**मुंबई, जेएनएन।** दिलीप वेंगसरकर और डायना इडुल्जी को सोमवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) की शीर्ष परिषद की बैठक के दौरान क्रिकेट सलाहकार नियुक्त किया गया। मुंबई के पूर्व तेज गेंदबाज राजू कुलकर्णी की अध्यक्षता वाली एमसीए की क्रिकेट सुधार समिति के मौजूदा सदस्यों को भी फिर से नियुक्त किया गया। इसके अन्य सदस्य मुंबई के पूर्व खिलाड़ी साहिल कुकरेजा और भारत की पूर्व क्रिकेटर प्रीति डिमरी हैं। एमसीए ने कहा कि पिछले सत्र के दौरान आयु वर्ग और सभी प्रारूपों में सभी एमसीए टीमों के सराहनीय प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट सुधार समिति के मौजूदा सदस्यों को फिर से नियुक्त किया गया है।



# दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर, सामना चैंपियन आस्ट्रेलिया से

**लंदन, जेएनएन।** मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई है, जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरी बार खिताबी मुकाबले में उतरा है। दक्षिण अफ्रीका 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में पिछले सात टेस्ट जीतकर यहां तक पहुंची है। उन्होंने इस दौरान कम से कम चार अन्य टीमों को अंक तालिका में इस प्रदर्शन से पछाड़ा है। ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन है और उन्होंने पिछली बार दो बार की फाइनलिस्ट भारत को द ओवल में 2023 फाइनल में हराकर खिताब जीता था। वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया के सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी, जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है, जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी-20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल कल से लाडर्स पर

**दक्षिण अफ्रीका**
टॉनी डीजॉर्जी, रयान रिकलटन, ऐडन मारक्रम, तेंबा बवुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेने, वियान मल्डर, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, सेनुरन मुथुस्वामी।



**ऑस्ट्रेलिया**
उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, ऐलेक्स कैरी, जॉश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, ब्यू वेबस्टर, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, जॉश हेजलवुड, स्कॉट बोलैंड, नेथन लायन, मैट कुनमन।
रिजर्व : ब्रैंडन डगेट।

**मैच के लिए रिजर्व डे** अगर टेस्ट ड्रॉ, टाई या रद हुआ तो ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी साझा करनी होगी। हालांकि, ड्रॉ की संभावना को कम करने के लिए मैच में रिजर्व डे रखा गया है। मैच शुरू होने के बाद छठे दिन 16 जून को रिजर्व डे के रूप में रखा गया है। इसका उपयोग केवल तभी किया जाएगा, जब पांच दिनों में खराब मौसम के कारण समय बर्बाद हो गया हो और वे उन पांच दिनों में इसकी भरपाई करने में असमर्थ हों, और पांचवें दिन के अंत तक कोई नतीजा नहीं निकल पाया हो। 2021 के फाइनल में भी ऐसा ही हुआ था, जब साउथैंप्टन में पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया था और जो समय बर्बाद हुआ था, उसे पूरा करने के लिए रिजर्व डे का इस्तेमाल किया गया था। अन्य दिनों में भी खराब रोशनी और बारिश के कारण व्यवधान हुआ था।

**मौसम** पहले दिन आसमान में बादल छाने की संभावना है, लेकिन दूसरे दिन 12 जून को कुछ बारिश का अनुमान है। उसके बाद के तीन दिन धूप खिलने और कुछ बादलों के साथ खेलने के लिए बेहतर रहेंगे।

**इनामी राशि** इस बार पुरस्कार राशि को डबल किया गया है। विजेता को 30.82 करोड़ और उपविजेता को 18.49 करोड़ रुपए मिलेंगे।

घरेलू सत्र : कोलकाता और दिल्ली में मैचों की अदला-बदली

# टेस्ट सीरीज : दक्षिण अफ्रीका नहीं विंडीज की मेजबानी करेगा दिल्ली

जेएनएन, नई दिल्ली

भारत और वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला अब कोलकाता के ईडन गार्डंस की बजाय नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। कोलकाता, अब भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 से 18 नवंबर तक पहला टेस्ट मैच आयोजित करेगा, जो पहले दिल्ली में होना था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 घरेलू सत्र के लिए कई बदलावों की घोषणा करते हुए इसकी पुष्टि की। बीसीसीआई स्थान परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी, उसके बाद दिल्ली टेस्ट होगा। भारतीय टीम इसके बाद विभिन्न स्थानों पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीनों प्रारूपों की पूरी सीरीज खेलेगी। इसमें दो टेस्ट मैच तीन वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता शुरुआती टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा, जबकि गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में 22 से 26 नवंबर तक सीरीज का दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इस स्टेडियम के लिए यह पहला टेस्ट मैच होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच रांची (30 नवंबर), रायपुर (तीन दिसंबर) और विशाखापत्तनम (छह दिसंबर) में खेले जाएंगे, जबकि पांच टी-20 कटक (नौ दिसंबर), न्यू चंडीगढ़ (11 दिसंबर), धर्मशाला (14 दिसंबर), लखनऊ (17 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में खेले जाएंगे। ए टूर कार्यक्रम में भी एक बदलाव किया गया है। दक्षिण अफ्रीका-ए और इंडिया-ए के बीच तीन वनडे मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बजाय राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**तमिलनाडु में महिला वनडे मैच नहीं** तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली महिला वनडे सीरीज की मेजबानी करने में असमर्थता जताई है। अब ये मैच न्यू चंडीगढ़ और दिल्ली में खेले जाएंगे। न्यू चंडीगढ़ का मुल्लांपुर स्टेडियम पहले दो वनडे, जबकि दिल्ली का कोटला अंतिम मैच की मेज़बानी करेगा।

# कोटियान और कंबोज के अर्धशतक भारत-ए की बढ़त 400 रन के पार

**नॉर्थम्पटन, जेएनएन।** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल कंबोज (नाबाद 51) के अर्धशतक से भारत-ए ने सोमवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में सात विकेट पर 417 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 438 रन तक पहुंचाई। कोटियान ने अब तक 108 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके मारे हैं। उन्होंने और कंबोज ने दूसरे सत्र में इंग्लैंड लॉयन्स के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। दोनों अब तक आठवें विकेट के लिए 149 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। कंबोज ने भी मेजबान टीम के थके हुए गेंदबाजों का फायदा उठाते हुए उम्दा पारी खेली। मेजबान टीम को विकेट की तलाश में कामचलाऊ गेंदबाजों को भी आजमाना पड़ा लेकिन सफलता नहीं मिली। कोटियान ने 74वें ओवर में बेन मैकिनी की गेंद को थर्ड मैन पर चार रन के लिए खेलकर अपना 16वां प्रथम श्रेणी अर्धशतक पूरा किया। कंबोज ने 91वें ओवर में टॉम हेन्स पर तीन रन के साथ अपना पहला अर्धशतक जड़ा। मेजबान टीम के गेंदबाजों ने 80वें ओवर के बाद नई गेंद ली लेकिन विकेट हासिल करने में सफलता नहीं मिली। भारत ने दूसरी पारी में अधिकतर समय साढ़े चार रन प्रति ओवर से अधिक की रन गति से रन बनाए। भारत ए ने सुबह के सत्र में ध्रुव जुरेल (28), नितीश कुमार रेड्डी (42) और शार्दुल ठाकुर (34) के विकेट गंवाए। जॉर्ज हिल (39 रन पर तीन विकेट) ने लंच से पहले की आखिरी गेंद पर शारदुल को बोल्ड किया। भारत ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 163 रन से की। जुरेल ने क्रिस वोक्स पर मिड विकेट क्षेत्र में दो चौके मारे लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। जुरेल ने एडी जैक की आउटस्विंग पर विकेटकीपर कप्तान जेम्स रेव को कैच थमाया।

# फ्रेंच ओपन में हारकर भी सिनर शीर्ष पर बरकरार बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई





**पेरिस, जेएनएन।** फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं। फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं, लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। आर्यना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया। रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अरेरा गर्ल्स ने एनसीसीसी को तीसरे टी-20 में हराकर सीरीज 3-0 से जीती

**भोपाल, खेप्र।** अरेरा गर्ल्स क्रिकेट टीम ने एनसीसीसी को तीसरे और अंतिम टी-20 में 65 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की। ओल्ड कैंपियन मैदान पर अरेरा गर्ल्स ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 179 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज सौम्या तिवारी ने 55 और अंशुलिका सिंह ने 75 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। पलक वशिष्ठ ने नाबाद 12 और श्रेया दीक्षित ने नाबाद 8 रन बनाए। एनसीसीसी की आयुषी पाटीदार ने दो और सलोनी ने एक विकेट झटका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनसीसीसी 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 114 बना सकी। काव्या पटेल ने 43 और वंशिका प्रजापति ने 27 रन बनाए। अरेरा की सौम्या, प्रीति प्रजापति, शानवी मंडलोई और प्रियांशी सिंह ने 1-1 विकेट लिए। अंशुलिका और सौम्या को पूर्व रणजी प्लेयर अश्विन दास ने प्लेयर ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया।



### फुटबॉल : मुजी इलेवन फाइनल में पहुंची

**भोपाल, खेप्र।** मुजी इलेवन ने भोपाल फुटबॉल प्रतियोगिता मेला-2025 अंडर-18 वर्ग में अल्फा क्लब को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टीटी नगर में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में पहले हाफ में मुजी इलेवन के शौर्य समुद्रे ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके तुरंत बाद अल्फा के सागर ने गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर खड़ा कर दिया। अंत में मुजी इलेवन के कप्तान ने गोल कर टीम को जीत दिलाई।



### जयवीर की गेंदबाजी से जीता एसजीसीए

**भोपाल, खेप्र।** एनसीसीसी ने पहले जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में एसजीसीए को नो विकेट से हराया। मंगलवार को उड़ान क्रिकेट अकादमी और एसजीसीए के बीच मुकाबला खेला जाएगा। एसजीसीए 26 ओवर में 70 रन पर सिमट गई। अनुग्रह ने 18 और हर्षित ने 17 रन बनाए। एनसीसीसी के जयवीर ने 4, जबकि अहमद और कृष्णा 2-2 विकेट लिए। जवाब में एनसीसीसी ने सोम (नाबाद 34) और अंश (नाबाद 14) की पारियों से 6.4 ओवर में एक विकेट खोकर मैच जीत लिया। एकांश (14) को अनुग्रह ने आउट किया।

### खेल सचिव ने किया मध्यप्रदेश शूटिंग और घुड़सवारी अकादमी का अवलोकन




**भोपाल, खेप्र।** खेल सचिव और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई, नई दिल्ली) महानिदेशक हरिरंजन राव और युवा कल्याण सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने भोपाल भ्रमण के दौरान मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण की गतिविधियों का अवलोकन किया और योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। सचिव हरिरंजन राव ने सोमवार को उद्धव दास मेहता भाईजी सेंट्रल रीजनल सेंटर, साई की सुविधाओं का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने मप्र शूटिंग और घुड़सवारी अकादमी स्पोर्ट्स सांइस सेन्टर का अवलोकन किया। सचिव हरिरंजन राव ने खेल अतिरिक्त मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव की अध्यक्षता में टीटी नगर स्टेडियम में हुई बैठक में हिस्सा लिया।

## शासकीय महाविद्यालय बदेरा का लोकार्पण

**सतना।** प्रदेश की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने सोमवार को मैहर के प्रवास के दौरान बदेरा में शासकीय महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर रानी बाटड, सुधीर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**सतना।** सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान बताया कि सतना जिले 20वें स्थान पर है। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिन विभागों के प्रकरण अधिक संख्या में लंबित है।




# बाढ़ प्रभावित सडकों के रपटों पर वार्निंग साइन बोर्ड और रस्सी लगायें : कलेक्टर

### आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण संबंधी बैठक संपन्न

जागरण, सतना

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में आगामी वर्षा काल में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से उत्पन्न स्थितियों में राहत और बचाव संबंधी सभी तैयारियां मानसून के पूर्व तक सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी तैयारियों की बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों एवं निचले स्थानों के संभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं बचाव की पूरी तैयारी रखें। बैठक में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, आरएन खरे, जितेंद्र वर्मा, सुधीर बेक, एएसपी शिवेश सिंह बघेल सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस सीजन में अच्छी वर्षा की संभावना व्यक्त की जा रही है। कलेक्टर ने तहसील स्तर के सभी वर्षा मापी केन्द्रों का निरीक्षण/जांच करने के निर्देश एवं जिन केन्द्रों के वर्षा मापी यंत्र खराब है। उन केन्द्रों पर नये वर्षा मापी केन्द्र लगाने के निर्देश एसडीएम को दिये। साथ ही वर्षा मापी केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। बाढ प्रभावित ग्रामों का जोखिम निर्धारण, पुल-पुलिया, रपटों की जानकारी तैयार करने तथा ग्राम पंचायतों की बाढ प्रभावित सडकों के रपटों पर वार्निंग साइन बोर्ड, रस्सी लगाने तथा वार्निंग जारी करने एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों की डयूटी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वर्षा पूर्व सभी नालों की साफ-सफाई कराने, संवेदनशील क्षेत्रों का सतत निरीक्षण कर चिन्हिंत करने, अतिक्रमण हटाने एवं पानी की निकासी हेतु अतिक्रमण को तुरंत हटाने जनपद पंचायत के सीईओ तथा नगरीय निकाय के सीएमओ को इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये। अतिवर्षा एवं बाढ से निपटने की पूर्व तैयारियां/कार्यवाही विभागवार सौपे तथा अतिवर्षा से हुई क्षति का आंकलन कर जानकारी तैयार कर पोर्टल में दर्ज कराने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर ने कहा कि जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ नियंत्रण केन्द्र स्थापित कर कर्मचारियों की डयूटी लगायें। तहसील स्तर पर भी बैठक लेकर तैयारी एवं व्यवस्था संबंधी कार्य एसडीएम, सीईओ तथा पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करें। जीर्ण-शीर्ण भवनों को गिराने, खाली कराने की कार्यवाही शुरू करें। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण कर जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवनों को चिन्हित कर जानकारी देना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने बताया कि खनिज विभाग की जिन खदानों में बच्चों के डूबने की घटनायें होती है। उन खदानों को बंद करने या बेरिकेटिंग करने तथा सडक किनारे बिना जगत के कुओं, गड्ढों को भी बंद करने अथवा बेरिकेटिंग करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिये। जिले के जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ से जल-जमाव से प्रभावित होने वाले इलाकों की सूची मंगाए और आवश्यकता पड़ने पर प्रभावितों को कहां शिफ्ट किया जाएगा, उन स्कूल, पंचायत अन्य भवनों की सूची भी मंगाए। कलेक्टर ने लोक निर्माण और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को पुल-पुलिया पर पानी की स्थिति में बैरियर एवं सूचना पटल लगाने के निर्देश दिये।

# मैहर जिले में आगामी बरसात में 10 लाख पौधों के रोपण की तैयारी करें

### जनप्रतिनिधि और आमजन की भागीदारी से हो अभियान के कार्य

### प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने ली समीक्षा बैठक



**जागरण, सतना।** मैहर जिले में आगामी बरसात में 10 लाख पौधों का रोपण किया जायेगा। वृहद वृक्षारोपण अभियान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां बरसात के पहले पूर्ण कर लें। जल गंगा संवर्धन अभियान, विकसित कृषि संकल्प अभियान, वृक्षारोपण अभियान जनप्रतिनिधि और आमजन की भागीदारी से सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये जाये। इस आशय के निर्देश प्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में संपन्न विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक में दिये। इस मौके पर सांसद सतना श्री गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला पंचायत की वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने जिले में जन सहभागिता और जन सहयोग से किये जा रहे अभियान के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैहर जिले की 245 ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष के 183 खेत-तालाब, 114 चेक स्टाप डैम, 222 रिचार्ज पिट का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य लिया गया है। इस अभियान में 607 खेत-तालाब, 319 डग बेल रिचार्ज के नवीन कार्य भी लिये गये हैं। बरसात में वृक्षारोपण में प्रत्येक जनपद एक लाख के मान से तीन जनपदों में 3 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में रखा गया है। वृक्षारोपण के लिए 418 साइट का चयन कर मुकुंदपुर नर्सरी और कुसेडी नर्सरी में पौधे तैयार किये जा रहे हैं। वाटर बाडीज के पास वृक्षारोपण के लिए 85 हजार सीड बाल्स भी तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 2843 पुराने आवास और 6814 नवीन आवास कुल मिलाकर 9657 आवास का लक्ष्य रखा गया है। जिनमें 8419 आवास स्वीकृत है। जिनमें 531 पूर्ण कर लिये गये हैं।

पेयजल की समीक्षा में कार्यपालन यंत्री श्वेतांक चौरसिया ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा मैहर जिले में 109 नल जल योजनायें स्थापित है। जिनमें 94 चालू है। 15 नल जल योजनायें बंद है। मैहर विकासखण्ड की 39 में 30 चालू, अमरपाटन की 44 में से 38 चालू और रामनगर विकासखण्ड की 26 नल जल योजना चालू है। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि बाणसागर सामूहिक ग्रामीण जल प्रदाय योजना से 150 गांवों में प्रतिदिन पानी दिया जा रहा है। जरियारी वाला गैप पूरा होने पर शीघ्र 225 गांवों में पेयजल देंगे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो की मौत भंडारे से लौटते समय हुई घटना

### घायलो का हाल जानने अस्पताल पहुचे विधायक विक्रम सिंह



**जागरण, सतना।** ट्रैक्टर-ट्राली पलट जाने से दो लोगो की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुये है। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी लगते ही रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह घायलो का हाल जानने अस्पताल पहुच गये। यह घटना रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र में घटी है। जिसमें 9 वर्षीय रचना केवट और 35 वर्षीय केमली केवट की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह घटना उस समय घटी जब भंडारा खाकर लोग ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर वापस लौट रहे थे। ग्राम गहलोखरी के केवट समाज के लोग सवार थे जो मझियार के पास बीरनई नाद बाबा में भंडारे के कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। लौटते वक्त ट्रैक्टर.ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।

### मृतकों की पहचान

रचना केवट उम्र 9 वर्ष मर्यादपुर मैहर केमली केवट उम्र 35 वर्ष ताला गांव मैहर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा रामपुर बघेलान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। दोनों मृतकों के शव को रामपुर बघेलान मॉर्चुरी भेज दिया गया है। हादसे के पीछे ओवरलोडिंग और ट्रैक्टर.ट्रॉली का असंतुलन एक बड़ा कारण माना जा रहा है।

# चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

### कोलगवां टीआई ने कार्यवाही कर दबोचा



**जागरण, सतना।** चाकू मारकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह और सीएसपी देवेन्द्र प्रतापसिंह चौहान के मार्गदर्शन मे की है।

**ये आरोपी गिरफ्तार :** चाकू मारकर जानलेवा हमला करने वाले जिन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसमें आरोपी शैलेन्द्र उर्फ बेटा सिंह परिहार पिता रघुपति सिंह उम्र 42 साल निवासी ग्राम बरेठिया थाना नागौद जिला सतना एवं प्रदीप उर्फ चुक्का कुशवाहा पिता पप्पू कुशवाहा उम्र 24 साल निवासी टिकुरिया टोला थाना कोलगंवा जिला सतना का नाम शामिल है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयोग किया गया चाकू भी जप्त किया गया है।

**इनकी रही सक्रिय भूमिका :** इस कार्यवाही में निरीक्षक सुदीप कुमार सोनी,उनि आरएस वर्मा, उनि राजकुमार मिश्रा, उनि एपीतिवारी, उनि अभिलाषा नायक,प्रआऱ बृजेश सिंह प्रआर वाजिद खान प्रआऱ अंकित सिंह प्रआऱ सतेन्द्र सिंह,प्रआऱ आशीष सिंह, आर धर्मेन्द्र गुर्जर आर कृष्णरंजन आर शिवेन्द्र सिंह आर राहुल साहूए आर विजय बादल की सक्रिय भूमिका रही।

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुल्डोजर



**जागरण, सतना।** औद्योगिक क्षेत्र वार्ड क्रमांक 19 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा रखकर चारों ओर दीवार बनाकर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रशासन की तत्परता से की गई कार्यवाही में उक्त अवैध निर्माण को तुरंत तोड़कर हटाया गया। इस दौरान अंबेडकर की प्रतिमा को सुरक्षित रखने हेतु प्रतिमा को थाना कोलगांवा के सुपुर्द कर दिया गया। इसके अतिरिक्त पास ही बने अन्य अतिक्रमण नाली पर विरेंद्र कुमार द्वारा निर्मित अवैध निर्माण एवं गुमटी रखकर किया गया अतिक्रमण दृ को भी हटाया गया। साथ ही विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय के बगल के अतिक्रमण को भी हटाने की कार्यवाही की गई। इस पूरी प्रक्रिया में प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से पूर्ण की। अधिकारियों द्वारा संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रतिमा की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कार्यवाही राजस्व विभाग नगर निगम एवं उद्योग विभाग द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी राहुल सिलाडीया , नगर निगम अतिक्रमण शाखा के सज्जन सिंह , बालेंद्र गौतम ,लक्ष्मी तिवारी , योगेन्द्र शुक्ला, उद्योग विभाग के प्रबंधक आर एल पांडे की उपस्थिति में किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने एकलव्य आदिवासी विद्यालय में पौधरोपण किया



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह मैहर जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को एक पेड मां के नाम अभियान के तहत एकलव्य आदिवासी विद्यालय में वृक्षारोपण किया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में लगभग 200 पौधे रोपे गये। प्रभारी मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण जरूर करें और लगाए गए वृक्षों की देखभाल व सुरक्षा भी करें। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, एसडीएम विकास सिंह, सीएसपी महेन्द्र सिंह तहसीलदार जितेन्द्र पटेल, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी, वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, कुलदीप तिवारी, विकास तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com